सुप्रभात
रांची, गुरुवार
14.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 151



12 'फाइटर' से अक्षय ओबेरॉय का लुक आउट

## संसद पर हमले की 22वीं बरसी के दिन लोकसभा की सुरक्षा में फिर बड़ी चूक

# दर्शक दीर्घा से कूदे युवकों ने स्मोक गन से छोड़ी गैस

- सांसदों ने साहस का परिचय देते हुए दो युवकों को धर दबोचा
- युवकों ने अपने जूते से कुछ निकाला और स्प्रे किया, जिससे सदन में रंगीन धुआं फैल गया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संसद पर हमले की 22वीं बरसी के दिन लोकसभा में बुधवार को एक बार फिर सुरक्षा में सेंध लगाते हुए दर्शक दीर्घा से कुछ युवक अंदर कूद गये और अंदर स्मोक स्टिक से पीली गैस छोड़ दी। पूरा सदन धुएं से भर गया। अफरा-तफरी मच गयी। पूरे देश में सनसनी फैल गयी। उस समय लोकसभा में शून्यकाल के दौरान पश्चिम बंगाल के मालदा उत्तर से भाजपा सांसद स्वगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। सदन में पकड़ो-पकड़ो की आवाज गूंजने लगी। कार्यवाही की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र अग्रवाल ने तत्काल कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सांसदों ने साहस का परिचय देते हुए युवकों को धर दबोचा। तब तक उन युवकों ने अपने जूते से कुछ निकाला और स्प्रे किया। जिससे सदन में रंगीन धुआं फैल गया। युवकों को पकड़े के बाद कुछ सांसदों ने दोनों की पिटाई भी की। (शेष पेज 11 पर)



### कांग्रेस ने गृह मंत्री से जवाब मांगा

कांग्रेस ने सुरक्षा चूक पर गृह मंत्रालय को जवाब मांगा तथा कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा होनी चाहिए। विपक्ष के नेताओं ने इसे अत्यंत गंभीर सुरक्षा चूक बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने नये संसद भवन की डिजाइन को लेकर पीएम मोदी पर भी हमला किया। कांग्रेस के लोकसभा सांसद कार्तिक चिदंबरम ने कहा यह सुरक्षा में बड़ी चूक है। कूदने वाला ये शख्स सांसदों की बेंचों के ऊपर से कूदते हुए स्पीकर की कुर्सी की तरफ बढ़ रहा था।

### स्पीकर ने की सर्वदलीय बैठक

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में सुरक्षा चूक की घटना के बाद इस विषय पर सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। लोकसभा के स्पीकर उन्होंने कहा, लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है। इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दे दिये गये हैं। प्राथमिक जांच के अनुसार यह सिर्फ साधारण धुआं था इसलिए यह धुआं चिंता का विषय नहीं है। संदिग्धों को पकड़ लिया गया है और उनके पास मौजूद चीजों को जब्त कर लिया गया है।

# छत्तीसगढ़ में विष्णु और मध्यप्रदेश में मोहन राज

- पीएम समेत तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में विष्णुदेव साय और मोहन यादव ने ली शपथ

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में बुधवार को छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ अरुण साव और विजय शर्मा ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। वही मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव ने सीएम पद की शपथ ली। उनके साथ ही दो उप मुख्यमंत्री ने भी शपथ ली। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में विष्णु और एमपी में मोहन राज की शुरुआत हो गयी।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित एक बड़े समारोह में राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने नये सीएम विष्णुदेव साय को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही वह छत्तीसगढ़ के चौथे सीएम बन गये। उनके साथ ही राज्यपाल ने अरुण साव और विजय शर्मा को शपथ दिलायी। दोनों डिप्टी सीएम बनाये गये हैं। समारोह में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। अरुण साव लोरमी से चुनाव जीते हैं। वहीं विजय शर्मा कवर्धा से चुनाव जीत कर आये हैं। श्री साय की गिनती संघ के करीबी नेताओं में होती है। वह छत्तीसगढ़ के दूसरे आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। पहले आदिवासी सीएम अजीत जोगी थे। वहीं एमपी की राजधानी राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने शपथ दिलायी। श्री यादव के साथ ही दो उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल व जगदीश देवड़ा ने शपथ ली। दोपहर 11.30 बजे आयोजित गरिमामयी समारोह में पीएम मोदी समेत अमित शाह, जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)

## जामताड़ा में बोले सीएम- गांव मजबूत करेंगे तभी राज्य मजबूत होगा

# चुनौतियों से लड़कर आगे बढ़ता रहा है झारखंड : हेमंत

- 634 करोड़ 30 लाख 34 हजार रुपये की दी सौगात
- नियुक्ति में आगे आ रहे हैं स्थानीय युवक
- अब हमारी बेटियां पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी
- लोगों की जरूरतों के अनुसार बना रहे योजनाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, जामताड़ा।** गांव-गांव, पंचायत पंचायत में शिविर लग रहा है। झारखंड के सभी वर्गों के लोगों को सरकार की चिंता है। समय के साथ हम काम करेंगे, आज हमारे पास जो संसाधन है, उसके अनुरूप हमें निर्णय लेना पड़ता है। केंद्र हमारा बकाया नहीं दे रहा है, फिर भी सरकार अपने स्तर से विकास के काम में जुटी है। गरीबों को सरकार अपने स्तर से रोटी, कपड़ा और मकान दे रही है। राज्य को मजबूत करना है तो गांव को मजबूत करना होगा। इस निमित्त ग्रामीण परिवेश के अनुरूप योजनाएं का बनना शुरू हुआ। यह राज्य हमेशा चुनौतियों के साथ आगे बढ़ता रहा है। उक्त बातें सीएम हेमन्त सोरेन ने जामताड़ा के नाला प्रखंड के नूतनडीह में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कही। (शेष पेज 11 पर)



**साइकिल खरीद की बढ़ा दी राशि :** मुख्यमंत्री ने कहा साइकिल वितरण योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजा जा रहा है। पूर्व में 3500 की साइकिल दी जाती थी अब साइकिल खरीद के लिए 4500 रुपये दी जा रही है। यह राशि बच्चे-बच्चियों के खाते में सीधे जा रही है। 10वीं-12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए आपकी सरकार आर्थिक सहयोग गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए कर रही है। इसकी गारंटी आपकी सरकार बनेगी। आने वाली पीढ़ी सशक्त हो, इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय का निर्माण शुरू कर दिया है। वर्तमान में 80 उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ कर दिया गया है।

### स्थानीय नियुक्ति में कुछ लोग डाल रहे बाधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति की योजना तैयार है। कुछ लोग नियुक्ति में व्यवधान डालने में लगे हैं। सरकार ने परीक्षा के लिए भरे जाने वाले आवेदन शुल्क भी खत्म कर दी है। इसकी चिंता युवाओं को नहीं करनी है। पहली बार जेपीएससी के दो-दो परीक्षा हम लोगों ने सफलतापूर्वक लिया और इसमें सफल लोग पदस्थापित भी हो गए हैं। आज 90 प्रतिशत से अधिक लोग इसमें सफल हो रहे हैं और पूर्व में इसके विपरीत अन्य राज्यों के लोग परीक्षा में शामिल हो सफलता प्राप्त करते थे।

# झारखंड के सांसद बोले हमलोग बाल-बाल बचे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा में सुरक्षा की चूक के बाद झारखंड के सांसदों विद्युत वरण महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी और गीता कोड़ा ने बताया कि वे लोग तो बाल-बाल बच गये। झारखंड के इन सांसदों ने इसे संसद की सुरक्षा में चूक माना है। सांसदों ने बताया कि घटना के वक्त मोदी मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन में मौजूद नहीं थे। दोनों छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह में गये थे।

जमशेदपुर से भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो ने दूरभाष पर बताया कि शून्यकाल के दौरान अचानक दर्शक दीर्घा कूद युवकों नें अफरातफरी मचा दी। सांसदों के टेबल पर चढ़कर एक टेबल से दूसरे टेबल पर भागने लगे। वे अपने साथ स्मोक क्रैकर लेकर दाखिल हुए थे। गैस से संसद में अफरा-तफरी मच गयी। कोई बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आजसू नेता और गिरिडीह से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भी इसे सुरक्षा में चूक माना है। लोकसभा में उन लड़कों ने जो किया वह बड़ी चूक है। कुछ भी हो सकता था। सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने कहा, हम बाल-बाल बच गये। जीरो आवर चल रहा था, अचानक से पीछे से तेज आवाज आयी। दर्शक दीर्घा से कुछ युवक नीचे कूदे। हमारी सीट की बगल वाली रो से उसने जंप किया। टेबल पर चढ़ गया और भागने की कोशिश करने लगा। ये लोग विजिटर के रूप में संसद भवन में दाखिल हुए थे।

## सांसद के रांची-लोहरदगा आवास पर 8वें दिन भी जांच जारी

# मकान से अभी बहुत कुछ मिलने की संभावना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर आठवें दिन भी इनकम टैक्स की छापेमारी जारी रही। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने धीरज साहू के रेडियम रोड स्थित आलीशान मकान का चप्पा चप्पा छाना। अधिकारियों को आशंका है कि उनके आलीशान मकान में बहुत कुछ छिपा हुआ है, जिसे ढूंढ़ना बाकी है।

वहीं सांसद के रांची स्थित आवास में जांच के बाद इनकम टैक्स के अधिकारी लोहरदगा में जांच करने पहंचे। आइटी अधिकारी लोहरदगा स्थित उनके आवास की जियो सर्विलांस सिस्टम से जांच कर रहे हैं। आइटी अधिकारी बुधवार को भी रांची के आवास और लॉन की जांच में जुटे हैं। घंटों श्री साहू के लॉन का मुआयना करते रहे। मंगलवार की रात जिओ इमेजिंग ड्राइव मंगवा कर घंटों पूरे लॉन का चप्पा-चप्पा छाना गया था। उनके घर के बाहरी क्षेत्र का मुआयना में संभव है जांच टीम को कोई न कोई बड़ा क्लू मिला है। वहीं लोहरदगा के थाना टोली स्थित पुश्तैनी मकान में बुधवार को नये सिरे से इनकम टैक्स की जांच शुरू हो गयी है। बुधवार को फिर तीन वाहनों से आइटी की टीम लोहरदगा पहुंची। वे अपने साथ जियो सर्विलांस सिस्टम ले गये हैं। जांच अधिकारी जियो सर्विलांस सिस्टम के जरिये आवास के अंदर जाकर जमीन के अंदर कोई धातु या सोने-चांदी के जेवरात या महंगी चीजें तलाशने की कोशिश कर रहे हैं।

### करोड़ों नकद और जेवरात हो चुके बरामद

संसद धीरज साहू से जुड़े विभिन्न ठिकानों पर की छापेमारी में अब तक करोड़ों रुपए नगद बरामद हो चुके हैं, जबकि लगभग 20 किलो से ज्यादा सोना भी बरामद हुआ है। टीम धीरज साहू के घर से बरामद कागजातों की जांच की जा रही है। आईटी के द्वारा कई लोगों के बयान भी दर्ज किये गये हैं।

# कांके का पारा 6.9 डिग्री पहुंचा, और बढ़ेगी सिहरन

## मौसम विभाग ने दी बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की सलाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बढ़ती ठंड और हवाओं का असर राज्य में दिख रहा है। राज्य में दिनों दिन ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। 24 घंटे में राजधानी रांची के कांके का तापमान सबसे कम 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आनेवाले दिनों में राज्य में तापमान में और गिरावट आयेगी। वहीं हिनू के पास तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान और गिरेगा। सुबह-शाम कोहरा का असर राज्य में रहेगा। कोहरा के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा। वहीं दोपहर के समय धूप के कारण लोगों को राहत मिलेगी। राजधानी रांची का तापमान गुरुवार से औसतन न्यूनतम 9 डिग्री रहने की संभावना है। राज्य भर की बात करें तो पिछले 24 घंटे में चतरा, लोहरदगा, खूंटी और गुमला का तापमान 8.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 9.5 डिग्री रहा। देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज और सिमडेगा का तापमान 10 डिग्री रहा। साथ ही बोकारो, गिरिडीह का तापमान तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। (शेष पेज 11 पर)



## कड़ी सुरक्षा के बीच शीतकालीन सत्र 15 से, स्पीकर ने बुलायी आज सर्वदलीय बैठक

# स्थानीयता संबंधी बिल फिर लाने की तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सदन के सफल संचालन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने छह दिवसीय शीतकालीन सत्र को लेकर गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलायी है। जानकारी के अनुसार सरकार नये सिरे से एक बार फिर सदन पटल पर स्थानीयता संबंधी बिल लाने की तैयारी कर रही है। वहीं विपक्षी सदस्य कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों से मिली भारी नकदी का मामला सदन में जोरशोर से उठाने की तैयारी में हैं। सदन की बैठक 11:30 बजे से शुरू होगी। पंचम विधानसभा में ये पहला मौका होगा जब नेता प्रतिपक्ष इस बैठक में मौजूद रहेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

बुधवार को लोकसभा में दर्शक दीर्घा में हुई घटना के बाद इस बार सुरक्षा के विधानसभा परिसर में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर ने बताया कि बैठक में इस पर भी चर्चा होगी। साथ ही ऑनलाइन प्रश्न लेने पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा, ताकि सदस्य अगर सदन से अनुपस्थित भी हैं, तो उनके प्रश्न सदन में आये। इस शीतकालीन सत्र में छह कार्य दिवस होंगे।



### दोनों पक्ष आज बैठक में बनायेंगे रणनीति

शीतकालीन सत्र को लेकर पक्ष-विपक्ष ने तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा सत्र को लेकर 14 दिसंबर को पक्ष-विपक्ष दोनों ने अपनी बैठक बुलायी है। सत्ता पक्ष के विधायक सीएम आवास में साथ बैठेंगे। इस बैठक में झामुमो, कांग्रेस व राजद विधायक विपक्ष के सवालों को लेकर रणनीति बनायेंगे। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। उधर, भाजपा ने 14 दिसंबर की शाम विधायक दल की बैठक बुलायी है। जिसमें प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ सभी विधायक सरकार को घेरने के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# छत्तीसगढ़ में आइइडी विस्फोट एक जवान शहीद, कई घायल

**एजेंसी**

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा किये गये आईईडी बम विस्फोट की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का एक जवान शहीद हो गया है तथा एक अन्य जवान घायल हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। नारायणपुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अमदई घाटी स्थित लौह अयस्क खदान क्षेत्र में बम विस्फोट के कारण छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के नवमी बटालियन के जवान कमलेश साहू शहीद हो गये तथा आरक्षक विनय कुमार घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमदई घाटी क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने विस्फोट किया और जवानों पर गोलीबारी भी की जिसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में घायल हुए विनय को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहीद कमलेश राज्य के जांजगीर क्षेत्र के रहने वाले थे।

## न्यूज डायरी

### बंगाल में आयकर विभाग के छापे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को सुबह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व विधायक सहित कई व्यवसाइयों के आवासों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### लोयाबाद का एएसआई 10,000 घूस लेते धराया

**धनबाद।** एसीबी धनबाद ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए लोयाबाद थाना में पदस्थापित एएसआई मनोज कुमार मिश्रा को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। मनोज शिकायतकर्ता से उनका केस हल्का करने और एफआईआर से दो लोगों का नाम हटाने के एवज में उक्त रिश्वत ले रहे थे।

### कारोबारी नरेंद्र होरा की हत्या मामले में चार को उम्रकैद

**रांची।** अपर न्यायुक्त दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को बहुचर्चित चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें सदाम उर्फ बबन खान, मो फैजल खान, सहबीब अंसारी और छोटू हुसैन शामिल है।

### सुखदेव भगत ने किया कोर्ट में सरेंडर, जमानत

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने लोहरदगा थाने में दर्ज एक मामले में रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में बुधवार को सरेंडर किया। साथ ही जमानत याचिका भी दाखिल की। इसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान की। झारखंड हाई कोर्ट ने पिछले दिनों मामले में अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी।

### सुदेश महतो आजसू के अध्यक्ष चुने गये

**रांची।** सुदेश कुमार महतो को एक बार फिर से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष के तौर पर चुना गया है। इसके अलावा सांसद सीपी चौधरी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट होंगे। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने बताया कि इसी वर्ष 29-30 सितंबर एवं एक अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में फैसला लिया गया था।

### चलती ट्रेन के शौचालय में हुआ महिला का प्रसव

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** चलती ट्रेन में एक बार फिर से किलकारी गूंजी है। इस बार नेता जी एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य कोच में सफर कर रही गर्भवती महिला का शौचालय में प्रसव हुआ और जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। आरपीएफ ने जच्चा-बच्चा को एंबुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल कोडरमा भेजा।

### आज से फिर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस

**पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने बताया कि हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का पुन: परिचालन 14 दिसंबर 2023 से प्रारम्भ हो जायेगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



# देश जानना चाहता है- कौन हैं धीरज साहू, बिहार से आये थे उनके पूर्वज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आयकर विभाग की छापेमारी में कांग्रेसी सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद बरामद किया गया है। इस धनकुबेर की गाथा अब पूरा देश जानना चाहता है, कि आखिर कौन है धीरज साहू और उनका परिवार। झारखंड के लोहरदगा और रांची के अलावा ओड़िशा के बलांगिर, बौध, सुंदरगढ़ और संबलपुर में शराब किंग के रुप में मशहूर साहू परिवार को अमीर और रसूखदार बनाने का सपना उनके दादा हीरा प्रसाद साहू ने देखी थी।

## बिहार से लोहरदगा आये थे धीरज साहू के दादा

इस परिवार को करीब से जानने वाले बताते हैं कि लोहरदगा में इस परिवार की नींव हीरा साहू ने रखी थी। हीरा साहू यानी धीरज साहू के दादा एक आम व्यवसायी की तरह औरंगाबाद के ओबरा से लोहरदगा आए थे। तब देश में अंग्रेजों का राज था। उस जमाने में बिहार के मगध क्षेत्र से बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग शेरघाटी होते हुए लोहरदगा, चंदवा, गुमला, लातेहार, डाल्टेनगंज में आकर बस गये।



तब लोहरदगा कई मायनों में बेहद खास था। यहां से एक रास्ता सीधे महाराष्ट्र को जोड़ता था।

1833 में अंग्रेजों ने साउथ वेस्ट फ्रंटियर एजेंसी के प्रशासकीय इकाई का मुख्यालय लोहरदगा को ही बनाया था। यहां महारानी विक्टोरिया के सम्मान में उनके नाम से तालाब खुदवाया गया था, जिसे आज भी विक्टोरिया तालाब कहा जाता है। लिहाजा, हीरा साहू इसी जगह पर बस गये। उन्होंने रोजमर्रा की जरुरत की चीजें खासकर तेल, नमक और मसाला बेचना शुरू किया। इसके बाद इस परिवार ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## आरा में है राज्यसभा सांसद धीरज साहू का ननिहाल

धन कुबेर धीरज साहू का ननिहाल आरा में कोइलवर थाना क्षेत्र के बहियारा गांव में है। इस परिवार को जानने वाले बताते हैं कि इस परिवार का आरा में भी अकूत संपत्ति है। बेशुमार धन बढ़ने के साथ स्व. बलदेव साहू के सबसे बड़े पुत्र शिव प्रसाद साहू ने राजनीति में कदम रखा और रांची से दो बार कांग्रेस के सांसद चुने गये।

## कैसे शराब के कारोबार से जुड़ा साहू परिवार

हीरा साहू ने अपने छोटे व्यवसाय के जरिए यहां के आदिवासी समाज में अपनी पहचान कायम कर ली। उनकी विरासत को आगे बढ़ाया उनके पुत्र स्व. बलदेव साहू को यह समझने में देर नहीं लगी कि यहां कौन सा धंधा उन्हें धनवान बना सकता है। वह जान गये थे कि जमीन के असली मालिक आदिवासी समाज के लोग नशा के शौकीन हैं। यह उनकी परंपरा का हिस्सा है। तब आदिवासी समाज के लोग नशा के लिए 'हड़िया' (चावल से बना पेयपदार्थ) का सेवन करते थे। कहीं-कहीं महुआ से चुलईया बनाकर भी लोग नशा करते थे। लिहाजा स्व. बलदेव साहू ने लोहरदगा में कच्ची शराब की भट्ठी खोल दी। यह कारोबार ऐसा चला कि देखते-देखते बलदेव साहू की इलाके में तूती बोलने लगी। आगे चलकर उनके छह बेटों में कारोबार को अपने-अपने तरीके से आगे बढ़ाया, जो अब ओड़िशा के बलांगिर, सुंदरगढ़, बौध और संबलपुर जिला तक फैल चुका है। स्व. बलदेव साहू ने जो भट्ठी खोली थी वह कुछ दशक पहले बंद हो गई लेकिन आज भी वहां से पाउच वाले देसी शराब की बिक्री होती है। उस जगह को भट्ठी ढलान के नाम से जाना जाता है। 1888 में अंग्रेजों ने लोहरदगा में नगर पालिका स्थापित की थी। उस जमाने में धीरज साहू के पिता स्व. बलदेव साहू लोहरदगा नगरपालिका के चेयरमैन भी बने थे।

### सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा में 35 वर्ष से अधिक उम्र वालों को राहत

# आयु सीमा में छूट की दी अनुमति

### प्रार्थियों की याचिका हाईकोर्ट में स्वीकृत

### पहले कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए प्रार्थियों को फॉर्म भरने की दी थी अनुमति, अब अंतरिम आदेश हुआ पारित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा में निर्धारित 35 वर्ष की उम्र पार कर जाने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले अभिषेक कुमार, अवनीश शेखर, दीपक कुमार एवं अन्य को बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थियों की याचिका को स्वीकृत कर ली। कोर्ट ने प्रार्थियों की उम्र सीमा की छूट (35 वर्ष से अधिक) संबंधी याचिका को मंजूरी प्रदान की।

इससे पहले कोर्ट ने प्रार्थियों को सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी थी, लेकिन मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं किया था। आज कोर्ट ने मामले में अंतिम आदेश पारित करते हुए प्रार्थियों को 35 वर्ष से अधिक उम्र के प्रार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की। प्रार्थियों की उम्र सीमा छूट संबंधी याचिका को कोर्ट ने स्वीकृत कर लिया।

पूर्व में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में प्रार्थियों को 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने का निर्देश दिया था। दरअसल, प्रार्थी अभिषेक प्रसाद, दीपक कुमार एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था वह सिविल जज, जूनियर डिवीजन एग्जाम की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं।

लेकिन पिछले 5 साल से सरकार ने कोई एग्जाम नहीं लिया था। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। राज्य सरकार ने पिछले 5 साल से यह एग्जाम नहीं लिया इसलिए हमें निर्धारित उच्च उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाए। उनका कहना था कि सरकार को हर साल एग्जाम लेना चाहिए था लेकिन पिछले 5 वर्षों से एग्जाम नहीं लिया गया है, जिस उम्र सीमा के कारण हम परीक्षा देने से वंचित हो जाएंगे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौरभ अरुण, श्रेष्ठ गौतम, अमित कुमार सिन्हा, राजेश कुमार ने पैरवी की। बता दे कि जेपीएससी द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन का एग्जाम लिया जा रहा है।

### कस्टडी पीरियड देखते हुए कोर्ट ने दी जमानत

## पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के साजिशकर्ता राजा पीटर को झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर को हाई कोर्ट से जमानत मिल गयी है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राजा पीटर के कस्टडी पीरियड एवं ट्रायल में गवाहों की अधिकता को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ जमानत प्रदान की। इससे पहले झारखंड हाई कोर्ट से दो बार राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। वहीं सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी जमानत याचिका मेरिट के आधार पर खारिज हो चुकी थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजा पीटर साढ़े छह साल से जेल में हैं एवं इस मामले में गवाहों की संख्या भी काफी अधिक है। ऐसे में उन्हें जमानत प्रदान की जाए। राजा पीटर के वकील अभिषेक कुमार ने पैरवी की।

दरअसल इस मामले में राजा पीटर को मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआईए ने उन्हें 9 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में है। इस मामले में एनआईए ने करीब 5 प्रोटेक्टेड गवाह की गवाही भी कराई है। एनआईए ने 28 जून 2017 को मामले को टेकओवर किया है।

### नौ जुलाई 2008 को कर दी गयी थी हत्या



राजा पीटर

ज्ञात हो कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाई स्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची पुलिस के अलावा सीआईडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है लेकिन ये हत्यारे तक नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद घटना के 9 साल बाद एनआईए ने मामले को टेकओवर किया था। इसी मामले में राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को 7 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में संलिप्त रहे नक्सली कुंदन पहन ने राज्य पुलिस के सामने 27 मई 2017 को आत्मसमर्पण किया था, उक्त मामले में एक दर्जन आरोपी जेल में है।

## खबर एक नजर में

### 21 और 28 जनवरी को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) -2023 की नए तारीखों की घोषणा भी कर दी है। परीक्षा स्थगित किए जाने के अगले दिन ही नई तिथि की घोषणा की गयी है। अब परीक्षा नए साल के पहले महीने जनवरी में ही 21 और 28 जनवरी को ली जाएगी। जेएसएससी ने परीक्षा तिथि को लेकर आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है।

### जैक इंटर की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी




**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इंटरमीडिएट के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ा दिया है। पहले परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर थी। वहीं अब 15 दिसंबर तक बिना विलंब शुल्क के फॉर्म भरा जाएगा। वहीं चालान जमा करने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर है, जबकि, विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 16 से 20 दिसंबर तक और बैंक चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर तय की गई है। इंटरमीडिएट की परीक्षा फॉर्म 28 नवंबर से ही भरा जा रहा था।

### लैंड स्कैम : प्रदीप बागची की बेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी प्रदीप बागची की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगा। बुधवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए 16 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने प्रदीप बागची की जमानत याचिका का विरोध किया। बताते चलें कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### पीएम मोदी की गारंटी एक बार फिर से हुई धराशायी : राजेश ठाकुर



**रांची।** संसद में बुधवार को हुई भारी चुक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी एक बार फिर से धराशायी हुई। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और इस गंभीर मामले पर भी गृहमंत्री का बयान देने से इंकार करना इस बात को बताता है कि राष्ट्रवाद का ढोंग रचने वाली भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 22 वर्ष पूर्व संसद में हमला हुआ था और हमारे कई सुरक्षा कर्मी उस हमले में शहीद हुए और पुनः 22 वर्ष बाद इस घटना का पुनार्वृति होना बिलकुल दुःखद है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के गृहमंत्री लगातार देश संभालने में असफल साबित हो रहे हैं। वो अविलंब इस्तीफा दें। इसके साथ ही भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा को तत्काल गिरफ्तार किया जाये, क्योंकि उन्हीं की अनुशंसा पर युवकों को संसद दीर्घा के लिए पास निर्गत किया गया था।

## आईएएस अधिकारी डीसी दास बनाये गये दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त

### रांची में किया योगदान, डीसी ने रांची में किया स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी दशरथ चंद्र दास का तबादला कर दिया है। दशरथ चंद्र दास को अगले आदेश तक दक्षिणी छोटानागपुर के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। झारखंड सरकार के कार्मिक प्रशासनिक और राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। दशरथ चंद्र दास को अपने कार्यों के अलावा पलामू प्रमंडल के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यभार भी दिया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद उन्होंने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया। मौके पर डीसी रांची राहुल सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बताते चलें श्री दास राजस्व, भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थे।



## कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत का एमपी-एमएलए कोर्ट में सरेंडर, मिली जमानत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वर्ष 2018 में सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। मालूम हो कि वर्ष 2018 में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत सहित 15 लोगों पर लोहरदगा नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी गंगाराम ठाकुर ने सरकारी काम-काज में में बाधा डालने और लोक सेवक पर हमला करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वर्ष 2022 में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सभी आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया था। अदालत के आदेश के बाद कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने सरेंडर किया और कोर्ट ने बेल दे दी।

### एसएन गुप्ता ने सेल के सीवीओ का पदभार संभाला

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का पदभार एसएन गुप्ता ने ग्रहण किया है। वे 1992 बैच के भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी हैं। गुप्ता के पास विभिन्न तकनीकी और क्षमता निर्माण कार्यों में लगभग 30 वर्षों का व्यापक अनुभव है। भारतीय दूरसंचार सेवा में प्रवेश करने के बाद एक्सचेंज इंस्टालेशन, फील्ड ऑपरेशंस, मोबाइल ऑपरेशंस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण में विशेषज्ञता के साथ 23 साल से अधिक समय बिताया है। गुप्ता ने पांच वर्षों तक केंद्रीय सतर्कता आयोग में निदेशक के रूप में कार्य किया। सरकार के भीतर सतर्कता तंत्र को बढ़ाने में योगदान दिया। उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में दो साल बिताए हैं, जहां उन्होंने खेल प्रशासन में पारदर्शिता और अखंडता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पथ और जेएसआरडीए में मुख्य अभियंता का पद खाली, प्रमोशन के बाद ही मिलेगी पोस्टिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के वरीय अभियंताओं को अब तक प्रमोशन नहीं मिला है। करीब एक दर्जन अभियंताओं का अधीक्षण अभियंता से मुख्य अभियंता में प्रमोशन होना है। विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी के प्रमोशन पर सहमति दे दी गयी है। इसके बाद पथ निर्माण विभाग ने फाइल सीएम की मंजूरी के लिए भेजा है। इधर राज्य के कई प्रमुख विभागों में चीफ इंजीनियर के पद खाली हैं। पथ निर्माण विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग के मुख्य अभियंता वाहिद कमर फरिदी 30 नवंबर को ही रिटायर हो गये। वहीं, जेएसआरआरडीए के मुख्य अभियंता व अतिरिक्त प्रभार ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता सिंगराय टूटी भी नवंबर में रिटायर हो चुके हैं। ऐसे में ग्रामीण कार्य से जुड़े दोनों पद में चीफ इंजीनियर पद 12 दिन बाद भी खाली है। सिंगराय टूटी ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख के प्रभार में भी थे। यह पद भी खाली है। ऐसे में राज्य में अभियंता प्रमुख से लेकर चीफ इंजीनियर के पद रिक्त हैं।

## दिसंबर और जनवरी फुल, मार्च में भी वेटिंग ट्रेनों में टिकट के लिए तत्काल का ही सहारा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दिसंबर से लेकर जनवरी तक ट्रेन बुकिंग में लंबी वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है। वहीं, अब तो मार्च के लिए भी कुछ कुछ ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल दिख रहा है। होली के लिए अभी से बुकिंग शुरू है। ऐसे में राज्य से चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में कंफर्म सीट मिलना अब मुश्किल होता दिख रहा है।

रेलवे की मानें तो मुंबई, सूरत, दिल्ली, बिहार यूपी जैसे शहरों के लिए ट्रेनों में अब कंफर्म सीट मिलना मुश्किल है। हटिया से गोरखपुर के बीच चलने वाली मौर्य एक्सप्रेस की बुकिंग सबसे तेज है। दूसरी ट्रेनों में भी मार्च की अलग अलग तिथियों में अब गिनती की सीटें ही बची हैं। बता दें 25 मार्च को होली है। इसके लिए अभी से बुकिंग शुरू हो गयी है।

**राजधानी एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट अधिक :** राजधानी एक्सप्रेस की बात करें तो रांची से नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में अलग अलग कोटा के अनुसार गिनती की सीट उपलब्ध है। रेलवे की मानें तो वीआइपी ट्रेनों की बुकिंग में अधिक उछाल देखा जा रहा है। नई दिल्ली से हावड़ा और सियालदह जानेवाली राजधानी एक्सप्रेस में थर्ड और सेकेंड एसी में वेटिंग लिस्ट है। 24 मार्च से 28 मार्च तक इन ट्रेनों में गिनती की सीटें ही बची हैं। पटना जानेवाली गंगा दामोदर और धनबाद से पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी मार्च के लिए बुकिंग की रफ्तार तेज हो गयी है। हालांकि बिहार के अन्य शहरों की तुलना में इन ट्रेनों में अभी अधिक सीटें खाली हैं।

**इन ट्रेनों में भी वेटिंग :** मुंबई हावड़ा मेल में 22 मार्च से स्लीपर से सेकेंड एसी फुल, भावनगर टर्मिनस आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस में 19 मार्च को स्लीपर से सेकेंड एसी तक फुल, कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस में 22 से 24 मार्च तक स्लीपर में आरएसी, थर्ड एसी में 22 और 23 मार्च को वेटिंग लिस्ट, तो सेकेंड एसी में 22 मार्च को आरएसी व 23 को वेटिंग लिस्टगांधीधाम हावड़ा गरबा एक्सप्रेस 23 मार्च को स्लीपर में आरएसी, थर्ड एसी में 4 सीटें तो सेकेंड एसी में आरएसी है।

### आजसू पार्टी की सेंट्रल कमेटि में अध्यक्ष समेत होंगे 187 पदधारी, नामों की हुई घोषणा

# सुदेश महतो की कमेटि में चंद्रप्रकाश चौधरी बने वरीय उपाध्यक्ष, लंबोदर और सुनीता महासचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के मोरहाबादी में हुए केन्द्रीय महाधिवेशन में सुदेश कुमार महतो को पार्टी का केन्द्रीय अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुन लिया गया था। बुधवार को केन्द्रीय समिति में बाकी के 187 पदधारियों के नाम की घोषणा कर दी गयी। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

बताया कि राज्य के नवनिर्माण के लिए लिये गये नवसंकल्पों के तहत केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गयी है। इसी वर्ष 29, 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में फैसला लिया गया था कि केंद्रीय कमिटी और केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन होगा। इसी आधार पर सुदेश महतो केंद्रीय अध्यक्ष चुने गये हैं। इसके अलावा सांसद सीपी चौधरी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट होंगे। उमाकांत रजक, अकील अख्तर सहित हसन अंसारी और सुप्रीति मुर्मू को वाइस प्रेसिडेंट चुना गया है। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस हेड जेनरल सेक्रेट्री होंगे। इसके अलावे विधायक सुनीता चौधरी और डॉ लंबोदर महतो सहित राजेंद्र मेहता, रोशन लाल चौधरी, यशोदा देवी सहित करीब तीन दर्जन जेनरल सेक्रेट्री चुने गये हैं। संगठन सचिव के तौर पर एस अली और जयपाल सिंह को मौका दिया गया है। वहीं वनमाली मंडल को केंद्रीय कार्यालय सचिव बनाया गया है। 136 सचिव, एक मुख्य प्रवक्ता सहित चार प्रवक्ता, दो ट्रेजरर, दो ट्रेनर और अनुशासन समिति के प्रमुख के तौर पर सुबोध प्रसाद को चुना गया है।









### राज्य सरकार के कुशासन से दिलायेंगे मुक्ति

देव शरण भगत के मुताबिक पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी केंद्रीय सदस्यों और पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर इस राज्य को वर्तमान सरकार के कुशासन से जनता को स्वशासन की ओर ले जायेंगे। केंद्रीय पदाधिकारियों के चयन में राज्य के हर जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित किया गया है। जल्द ही केंद्रीय कमिटी की बैठक होगी जिसमें सभी नये पदाधिकारी शपथ लेंगे और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी।

# बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के फिल्टर हाउस में लगा 75 एचपी का नया मोटर और पंप

15000 लोगों को मिली जलापूर्ति की अनियमित समस्या से मुक्ति

## विधायक संजीव सरदार ने दिया नया तोहफा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिष्टुपुर स्थित फिल्टर पंप हाउस में 75 एचपी का नया मोटर, पंप सेट, स्टार्टर लगने के पश्चात पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार के कर कमलों से विधिवत पूरे पूजा अर्चना के साथ उद्घाटन संपन्न हुआ। विधायक संजीव सरदार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैकेनिकल कार्यपालक अभियंता सुनीता कुमारी सामंत, कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार, एसडीओ जितेंद्र कुमार, जेई किशन कुमार किस्कू सहित पंचायत प्रतिनिधि के उपस्थिति में फीता काट कर मोटर पंप सेट का बटन दबाकर पानी चालू करवाए। तत्पश्चात बागबेड़ा हाउसिंग कलोनी में पानी की आपूर्ति होने लगी। नया मोटर और पंप लगने से 1140 क्वार्टर वाली बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 15000 लोग लाभान्वित होंगे। इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां बाटकर हर्ष व्यक्त एवं खुशी का इजहार भी किया गया। इस मौके पर विभाग के पदाधिकारीगण, पंचायत प्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम में उपस्थित जन**

इस उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से बागबेडा मध्य पंचायत की मुखिया उमा मुंडा,पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, बन्ना गुप्ता फैंस क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह, झामुमो बागबेड़ा इकाई अध्यक्ष अजीत सिंहा, इंद्रजीत सिंह, जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, गीता देवी, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, राकेश सिंह, पूर्व मुखिया बाहामुनी हेंब्रम, मनोज नाहा, समाजसेवी अनामिका सरकार, रंजन सिंह, सुनील सिंहा, मुकेश झा, मृत्युंजय, केडी मुंडा,गौरव, राहुल प्रजापति उपस्थित थे।

इस दौरान पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैकेनिकल कार्यपालक अभियंता सुनीता कुमारी सामंत एवं सुमित कुमार को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि विगत कई वर्षों से बागबेड़ा कलोनी वासियों की मांगे आज पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि नया मोटर पंप सेट लगाकर बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी को एक तोहफा देने का कार्य किया गया है, जिसे कदापि भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश जमाने के लगे मोटर पंप सेट से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी वासियों को नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं होने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रही थी। मगर आज नया मोटर पंप सेट लग जाने से बागबेड़ा हाउसिंग कलोनी वासियों को पानी की समस्या और बार-बार मोटर जलने की समस्या से भी निजाद मिल गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिष्टुपुर स्थित फिल्टर पंप हाउस में नया फिल्टर प्लांट योजना का निर्माण कार्य एक करोड़ 88 लाख की लागत राशि से यह भी पूरा हो जाएगा। तत्पश्चात पानी की समस्या से हमेशा के लिए बागबेड़ा कॉलोनी वासियों को निजात मिल जाएगी। इस तरह उन्होंने कहा कि बागबेड़ा कलोनी वासियों से किए गए वादे को आज मै पूरा करके एक तोहफा भेंट करने का कार्य किया हूं। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने विधायक संजीव सरदार के द्वारा पानी की समस्या से निजाद दिलाए जाने उन्हें बधाई भी दिए हैं। विदित हो कि पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के आवेदन पर संजीव सरदार ने नया मोटर पंप सेट लगाने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को अनुशंसा कर भेजी थी। तत्पश्चात 12,60,370 की प्राक्कलन राशि बनने के पश्चात नया मोटर पंप सेट का निविदा निकालने के पश्चात रांची के संवेदक बलका कॉरपोरेशन एजेंसी के द्वारा यह कार्य शुरू किया गया। यह एजेंसी 1 साल तक मोटर पंप सेट का मेंटेनेंस करने का भी कार्य करेगी। पिछले कई वर्षों से बार-बार मोटर जलने के कारण पानी आपूर्ति में हो रही बाधित के कारण बागबेड़ा हाउसिंग कलोनी के लोग परेशान सा हो चुके थे। अंतत सुनील गुप्ता एवं झामुमो के अजीत सिंहा के माध्यम से संजीव सरदार ने समस्या का समाधान कर डाली।

## स्पीड न्यूज

### रेडक्रॉस और यूसील ने राजदोहा में लगाया मेडिकल कैंप



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा यूसीआईएल के सहयोग से चलाये जा रहे सीएसआर कार्यक्रम के तहत बुधवार को पोटका, नरवापहाड़ स्थित राजदोहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जहां जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ जया मोइत्रा ने 72 लोगों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच को सम्पन्न किया। शिविर में स्कूल के बच्चो की भी स्वास्थ्य जांच के साथ नेत्र जांच की गयी तथा जरूरत के अनुसार विटामिन एवं दवा प्रदान की गयी। शिविर का संचालन रेड क्रस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में कार्यकर्ता आशीष कुमार, राधेश्याम कुमार, यूसीआईएल के गाजिया हांसदा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### रेडक्रॉस भवन में टीबी रोगियों में बंटेगा राशन



जमशेदपुर। प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत जरूरतमंद टी बी मरीजों को 17वें माह का राशन एवं विटामिन 14 दिसम्बर को रेड क्रस भवन, साकची में संध्या 3 बजे प्रदान किया जायेगा। जानकारी देते हुए रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पिछले 16 महीनों से चलायें जा रहे अभियान को आगे बढाते हुए, इस माह टी.बी.मरीजों के लिए स्व. रसिकलाल छगनलाल आडेसरा की स्मृति में मुख्य सहयोगी के रूप में छगनलाल दयालजी सन्स लि परिवार के सदस्य भाग लेंगे, अन्य सहयोगी के रूप में मारवाड़ी महिला मंच, लयन पूरबी घोष शामिल होंगी।

### ओमप्रकाश की पहल पर गणेश के आश्रित को मिला मुआवजा



चांडिल। रामगढ़ के पास सड़क दुघर्टना में मारे गए गणेश सोरेन के आश्रित को झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक की पहल पर कंपनी प्रबंधन के द्वारा पचास हजार रुपए नकद एवं दो लाख रुपए पत्नी आश्रित के खाते में ट्रांसफर किया गया। कागजी प्रक्रिया बहुत जल्द पूरी कर कंपनी इंस्योरेंस का पांच रुपए भी आश्रित को दिया जाएगा। मृतक गणेश सोरेन आशनबनी स्थित डिलीवरी कंपनी में काम करता था। मौके पर मुखिया बिदु मुर्मू, दिलीप महतो, इंद्र टुडू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राम जन्मभूमि से आये पुजित अक्षत का 17 को होगा पूजन दर्शन

**चांडिल।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल की एक बैठक चांडिल स्थित विवेकानंद केंद्र परिसर में आयोजित हुई। बैठक मे श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत को चांडिल के सभी मठ मंदिरों में पूजन एवं दर्शन हेतु विचार-विमर्श किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा आगामी 17 दिसम्बर को प्रात दस बजे से अयोध्या श्री राम जन्मभूमि से आए हुए पूजित अक्षत को गाजे बाजे के साथ चांडिल बाजार के विभिन्न मठ मंदिरों में पूजन एवं दर्शन के लिए गाजे बाजे के साथ साधु बांध मठीया से निकल कर चांडिल बाजार का भ्रमण करेंगे रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों में पूजित अक्षत का पूजन सह दर्शन किया जाएगा।

# लंदन में इनोवेशन सेंटर स्थापित करेगी टाटा स्टील

**इनोवेशन सेंटर में चार वर्षों में 10 मिलियन पाउंड निवेश करेगी कंपनी, एमडी टीवी नरेंद्रन ने इम्पीरियल कॉलेज लंदन के साथ किया एमओयू**

विशेष संवाददाता



इम्पीरियल कॉलेज के प्रतिनिधि के साथ एमओयू दस्तावेज पर हस्ताक्षर के दौरान हाथ मिलाते टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन।

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने लंदन में सस्टेनेबल डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग में सेंटर फर इनोवेशन स्थापित करने के लिए इंपीरियल कॉलेज लंदन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह केंद्र रणनीतिक क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी विकास और उपयोगिता में तेजी लाने, प्रतिभा को आकर्षित करने और उद्योग-अकादमिक सहयोगात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में सक्षम बनाएगा। इस लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए, टाटा स्टील इस केंद्र में चार वर्षों में 10 मिलियन पाउंड का निवेश करेगी। केंद्र शुरू में चार प्राथमिक विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगाः भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए मैन्युफैक्चरिंग, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, सस्टेनेबल मल्टी मैटेरियल ज्वाइनिंग प्रौद्योगिकियां, और नेट-जीरो निर्माण प्रौद्योगिकियां। यह केंद्र सस्टेनेबल मैटेरियल निर्माण पर काम करेगा, जिसमें कम-सीओ2, कम ऊर्जा और कम लागत वाले फुटप्रिंट के साथ डाउनस्ट्रीम प्रक्रियाओं के डिजाइन और विकास को शामिल किया जाएगा। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी वी नरेंद्रन ने कहा कि सेंटर फर इनोवेशन तकनीकी उन्नति और रणनीतिक लाभ पैदा करने के लिए मजबूत उद्योग-अकादमिक साझेदारी बनाने के टाटा स्टील के बड़े प्रयास का एक हिस्सा है। इंपीरियल का केंद्र उत्पट प्रतिभा पूल के साथ एक मजबूत शैक्षणिक और अनुसंधान मंच प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य हरित भविष्य के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी समाधान बनाने के लिए उद्योग के अनुभव के साथ अनुसंधानउत्पटता का समन्वय करना है। यह पहल एक ज्ञान-प्रधान संगठन बनाने के लिए टाटा स्टील की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। टाटा स्टील के प्रौद्योगिकी और टेक्नोलजी एंड आर एंड डी के वाइस प्रेसिडेंट डॉ देबाशीष भट्टाचार्जी ने कहा कि इंपीरियल का यह केंद्र सस्टेनेबल समाधानों के डिजाइन और विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा। टाटा स्टील सक्रिय सहयोग के माध्यम से विघटनकारी प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और मैं प्रौद्योगिकी नेतृत्व और सस्टेनेबल कारोबार विकास की दिशा में यात्रा पर इंपीरियल जैसे प्रशंसित शैक्षणिक संस्थान के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। इंपीरियल कॉलेज लंदन में वाइस-प्रोवोस्ट और सेंटर की गवर्निंग काउंसिल की सह-अध्यक्ष प्रोफेसर मैरी रयान ने कहा कि : इंपीरियल और टाटा स्टील की संयुक्त विशेषज्ञता के आधार पर, यह नया केंद्रपर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए काम करेगा।

### इंपीरियल कॉलेज लंदन के बारे में जानिये

**इंपीरियल कॉलेज लंदन विश्व स्तरीय प्रतिष्ठा के साथ वैश्विक शीर्ष दस विश्वविद्यालयों में एक है। इंपीरियल के 22,000 छात्र और 8,000 कर्मचारी विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग और व्यवसाय में सबसे बड़ी चुनौतियों को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। इंपीरियल 2024 क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में छठे और 2024 टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आठवें स्थान पर है। 2021 रिसर्च एक्सीलेंस फ्रेमवर्क (आरईएफ) ने पाया कि इसमें यूके के किसी भी अन्य विवि की तुलना में विश्व-अग्रणी अनुसंधान का अनुपात अधिक है। इसे 2023 टीचिंग एक्सीलेंस फ्रेमवर्क में गोल्ड अवार्ड भी मिला। डेली मेल यूनिवर्सिटी गाइड 2024 में इंपीरियल को यूनिवर्सिटी अफ द ईयर नामित किया गया था, द टाइम्स और संडे टाइम्स गुड यूनिवर्सिटी गाइड 2024 में ग्रेजुएट रोजगार के लिए यूनिवर्सिटी अफ द ईयर नामित किया गया था, और इसकी कोविड -19 प्रतिक्रिया के लिए क्वीन्स एनिवर्सरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।**

## टाटा स्टील ने यूके के हेनरी रॉयस इंस्टी्टयूट से मिलाया हाथ

इनोवेशन सेंटर स्थापित करने के लिए किया गया एमओयू

रीसायकल के साथ चिकित्सा सामग्री, 2डी मटेरियल पर होगा रिसर्च

खबर विशेष संवाददाता



वर्चुअल तरीके से एमओयू के दौरान स्क्रीन पर टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन और यूके स्थित संस्थान के प्रतिनिधि।

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने एडवांस मटेरियल में सेंटर फर इनोवेशन स्थापित करने के लिए हेनरी रयस इंस्टीट्यूट फर एडवांस्ड मैटेरियल्स, मैनचेस्टर, यूके के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों संस्थाएं एक सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं, जिसमें टाटा स्टील चार वर्षों में 10 मिलियन पाउंड का निवेश करेगी। इनोवेशन सेंटर मैनचेस्टर विश्वविद्यालय में संस्थान के मुख्यालय में स्थापित किया जाएगा। नए केंद्र का लक्ष्य कई विश्वविद्यालयों, कैटापल्ट सेंटर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को शामिल करते हुए व्यापक यूके इनोवेशन इको-सिस्टम के साथ एडवांस्ड मटेरियल को जोड़ना है। इस मौके पर टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी वी नरेंद्रन ने कहा कि यूके में सेंटर फर इनोवेशन की स्थापना टाटा स्टील के लिए वैश्विक प्रौद्योगिकी और इनोवेशन इको सिस्टम का उपयोग करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का प्रतिनिधित्व करती है। रॉयस का केंद्र हमें कंपनी और समुदाय दोनों के लाभ के लिए सस्टेनेबल, सफल, बाजार-तैयार एप्लिकेशन बनाने के लिए विश्व स्तरीय वैज्ञानिकों और एक समृद्ध पार्टनर नेटवर्क के साथ काम करने में सक्षम करेगा। टाटा स्टील बेहतर कल के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी और समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। टाटा स्टील के डॉ. देबाशीष भट्टाचार्जी ने कहा, हमने गतिशीलता, खनन, खनिज अनुसंधान और एडवांस मटेरियल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत में सेंटर फर इनोवेशन स्थापित किए हैं।

### सरदार अवतार सिंह सोखी बारीडीह गुरुद्वारा के नये प्रधान नियुक्त



**जमशेदपुर।** सरदार अवतार सिंह सोखी बारीडीह गुरूद्वारा के नए प्रधान नियुक्त किए गये हैं। बुधवार को इसकी घोषणा बारीडीह गुरूद्वारा परिसर में आपसी सहमति से पूर्व के प्रधान की मौजुद्गी में की गई। इस मौके पर सिख परिवार के कई महिला पुरूष मौजुद थे सबों ने अवतार सिंह सोखी का अभिनंदन किया। बता दें कि अवतार सिंह सोखी के पुत्र बलकार सिंह भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष हैं।

## खबर एक नजर में

### टीएसएफ ने केंद्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के साथ किया एमओयू



**जमशेदपुर/रांची।** ओडिशा और झारखंड में रेशम उत्पादन आधारित गतिविधियों के माध्यम से सतत आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ज्ञान साझेदारी के लिए मंच स्थापित करने के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन और केंद्रीयतसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए। ज्ञान साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य सुकिंदा इकोरेस के संरक्षण के लिए कोकून बनने से पहले और कोकून बनने के बाद कीप्रभावी प्रौद्योगिकियों के प्रशिक्षण और उपलब्धता के लिए रेशम उत्पादन आधारित गतिविधियों में समर्थन बढ़ाना है। एमओए पर केंद्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी और टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव अफिसर सौरव रय ने रांची स्थित संस्थान परिसर में हस्ताक्षर किए। इसके तहत, दोनों संस्थाएं षक समुदायों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संयुक्त रूप से सहयोग करेंगी। साथ ही जहां भी आवश्यक होगा, आवश्यक प्रमाणपत्र प्राप्त करने में सहायता की जाएगी। इस अवसर पर अपने संबोधन में, टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव अफिसर सौरव राय ने कहा, 'इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य वंचित समुदायों के लिए व्यापक प्रशिक्षण और अभिविन्यास तक पहुंच को सुलभ बनाना है। केंद्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के साथ साझेदारी करके हमें बेहद खुशी हो रही है। इस एमओए के तहत, केंद्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान और टाटा स्टील फाउंडेशन ने 160 घरों तक पहुंच बनाने के लिए सालाना छह प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की योजना बनाई है।

### भुइयांडीह और भक्तिनगर में बिजली का सर्वे पूरा, जल्द मिलेगी बिजली



जमशेदपुर। भुइयांडीह और बर्मामाइंस के भक्तिनगर में जुस्को की बिजली शीघ्र मिलेगी। इन बस्तियों के फाइनल सर्वे में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय खुद पहुंचे। सरयू राय के साथ जुस्को के अधिकारी और जेबीवीएनएल के अभियंता मौजुद थे। सरयू राय की उपस्थिति में सर्वे हुआ। सर्वे के दौरान सरयू राय ने बस्तीवासियों से बातचीत की और जुस्को की बिजली को लेकर पहल किया। ज्ञात हो कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक कार्यालय में जुस्को क्षेत्र के अवासितों को जुस्को की बिजली मुहैया कराने को लेकर कमिटी की बैठक हुई थी। बैठक में बर्मामाइंस के भक्ति नगर और भुइयांडीह क्षेत्र को जुस्को बिजली प्रदान करने को लेकर फाइनल सर्वे कराने की बात हुई थी। विधायक के साथ सैकड़ों बस्तीवासियों की उपस्थिति में जुस्को के अभियंताओं और जेवीवीएनएल के अभियंताओं ने फीजिबिलिटी के लिए सर्वे किया। राय ने अभियंताओं को निर्देश दिया कि बस्तीवासियों को बिजली कनेक्शन शीघ्र मिले इसके लिए जल्द से जल्द सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाय। जुस्को की बिजली का सर्वे कार्य होने से बस्तीवासियों में खुशी की लहर है। इस कार्य हेतु बस्तीवासियों ने विधायक सरयू राय का अभिनंदन और आभार प्रकट किया।

### सांसद ने संसद भवन के शहीदों को किया नमन



जमशेदपुर। सांसद विद्युत बरण महतो ने बुधवार को नयी दिल्ली में संसद भवन परिसर में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों की बरसी पर उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उल्लेखनीय है कि आज ही के दिन 2001 में संसद भवन के ऊपर आतंकवादियों ने हमला किया था और सुरक्षा कर्मियों ने इसका मुकाबला करते हुए अपने प्राणों की आहुति देते संसद भवन की रक्षा की। आसन्न संसद सत्र में भाग लेने के लिए गए हुए सांसद महतो ने उनके स्मारक स्थल पर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि उन्हें अर्पित की।

**नये संसद भवन में कलर फॉगिंग बर्दाश्त नहीं :** सांसद महतो ने संसद भवन में बुधवार के हुए घटनाक्रम पर कहा कि यह एक कायराना हरकत है इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सांसद महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलता से घबराकर राष्ट्र विरोधी ताकतों ने ऐसी ओछी हरकत की है। साथ ही कुछ युवाओं को गुमराह किया है। जल्दी ही जांच में सारी बातें स्पष्ट होकर के आएगी। महतो ने कहा कि घटना के समय वे लोकसभा में मौजूद थे।

### गोगामेड़ी के हत्यारों की फांसी की मांग को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को फांसी की सजा की मांग को लेकर बुधवार को 'क्षत्रिय करणी सेना परिवार' के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा और पत्र के माध्यम से ये मांग की गई की गिरफ्तार अपराधी को फांसी के नीचे कोई सजा न हो और साथ ही इस घटना में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त अपराधियों को भी तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दे सरकार। संजय सिंह ने कहा की अगर पूर्व की राजस्थान सरकार सही समय पर स्व सुखदेव सिंह सोगामेडी को सुरक्षा प्रदान की होती तो आज ये हत्या न होती, सरकार फास्टट्रैक में केस चला कर जल्द से जल्द फांसी की सजा सुनाए। उपायुक्त को ज्ञापन देने आए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, संजय सिंह, हरि सिंह राजपूत, रंजन सिंह, मोहित सिंह, विकास सिंह, राजकुमार सिंह और अखंड प्रताप सिंह शामिल थे।

## टिनप्लेट स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सीएम आमंत्रण फुटबॉल कप का एसडीओ ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद विभाग झारखंड, रांची और जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को जमशेदपुर के तीन प्लेट स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मे पांच चरणों में खेले जाने वाले मुख्यमंत्री आमंत्रण कप के तीसरे चरण का फुटबॉल प्रतियोग प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष कुमार सिन्हा ने मौके पर पहुंच कर जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण का फुटबल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किक शट लगाकर खेल की शुरुआत की साथ ही प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामना दिया। प्रतियोगिता में जिला के सभी 11 प्रखंडों के पुरुषों की टीम ने भाग लिया। पहले दिन के मैचों के परिणामः पहला मैच- गुड़ाबांधा और मुसाबनी के बीच खेला गया। गुड़ाबांधा की टीम दो शून्य गोल से विजयी रही। दूसरा मैच जमशेदपुर बनाम चाकुलिया खेला गया एक गोल से चाकुलिया की टीम विजयी रही। तीसरा मैच डुमरिया बनाम घाटशिला खेला गया घाटशिला की टीम दो शुन्य गोल से विजयी रही। चौथा मैच पोटका बनाम बोड़ाम के बीच खेला गया, टीम बोड़ाम की टीम विजयी रही। पांचवा मैच चाकुलिया बनाम बहरागोड़ा खेला गया, मैच में चाकुलिया विजयी रही।

## डहरे टुसु के नाम पर चंदा न करें, जिसको सहयोग करना है अपनी सेवा दे : मंच

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** 7 जनवरी डिमना से साकची तक आयोजित डहरे टुसु का तैयारी बैठक बुधवार को डिमना डैम में संपन्न हुआ। बैठक में तय हुआ कि पिछले साल में जो अव्यवस्था हुआ था उसे देखते हुए इस साल उसे दुरुस्त किया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि कोल्हान क्षेत्र के सभी प्रखंड से एक एक झांकी लेकर एक साथ चलेगा। अभी लगभग कोल्हान क्षेत्र के लगभग 30 प्रखंड के अपना अपना टुसु झांकी लेकर एक साथ चलेगा। सफाई दल सबसे पीछे चलेगा और महिलाओं का टुसु चौड़ल दल सबसे आगे चलेगा। डिमना से साकची तक लगभग 16 गुड़ चना और पानी का स्टाल रहेगा। मेडिकल वेन रहेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि डहरे टुसु के नाम से किसी से कौन चंदा नहीं किया जाएगा। जिसको भी मदद करने का इच्छा है वे प्रचार प्रसार में, लोगों के आने जाने के लिए साधन मुहैया के लिए, अन्य तरहो से मदद करें। मंच ने कहा कि पिछले साल जिस तरह एक लाख लोग जुटे थे इस साल लगभग दो लाख लोग आने का संभावना है।

# सूर्य मंदिर परिसर में खेल सुविधाओं को लेकर विधायक और रघुवर समर्थक आमने-सामने

## बास्केटबॉल कोर्ट बन गया, अब शंख मैदान का होगा सौंदर्यीकरण : सरयू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सूर्यमंदिर सिदगोड़ा परिसर में विधायक सरयू राय द्वारा खेल आधारभूत संरचना के निर्माण को लेकर विधायक समर्थक और सूर्य मंदिर के संस्थापक रघुवर दास के समर्थक फिर आमने-सामने आ गए हैं। लगता नहीं है कि दोनों गुटों के बीच कोई शांति समझौता होगा क्योंकि दोनों गुट एक-दूसरे की पोल-पट्टी खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बुधवार को विधायक सरयू राय के निजी सचिव रिक्की केशरी ने पूरे प्रकरण पर विधायक की ओर से बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि सूर्य मंदिर सिद्गोड़ा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह शंख मैदान एवं अन्य स्थानों पर सरयू राय द्वारा विधायक निधि से किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में अवपे स्वार्थ के कारण भ्रम फैला रहे हैं। इसके साथ हड़पू गोत्र का कविया कुटूंब भी शामिल है। ये लोग वास्तव में सूर्य मंदिर को अध्यात्मिक रूप से चलाने के बदले में उसके सामने के 5 एकड़ जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। भूपेंद्र सिंह और चंद्रगुप्त सिंह का यह कहना बेबुनियाद है कि शंख मैदान में बास्केट बोल कोर्ट बनाया जा रहा है। बास्केट बोल कोर्ट तो टाउन हॉल के मैदान मे बन चुका है। बास्केट बोल कोर्ट बनाने का काम सरयू राय के विधायक निधि से सम्पन्न हुआ है। अपने विधायक निधि से राय शंख मैदान को सुंदर बनाने का काम कर रहे हैं। राय की विधायक निधि से जो योजना स्वीकृत हुई है, उसमें श्रीमद् भागवत गीता के प्रथम अध्याय में वर्णित भगवान विष्णु के शंख पांचजन्य, अर्जुन के शंख देवदत्त, युधिष्ठिर के अनंतविजय एवं अन्य पांडवों के शंखों की आतियों को मैदान के किनारे पर सजाना और खड़ा करना निधि से होने वाली योजनाओं में शामिल है।

## जमीन कब्जा करने वाले गिरोह को संरक्षण देते हैं सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर परिसर के आध्यात्मिक एवं सांसतिक स्थल शंख मैदान समेत मंदिर परिसर में वॉलीबल, बास्केटबल एवं अन्य खेलकूद स्थल के निर्माण कार्य को लेकर सूर्य मंदिर समिति ने विधायक सरयू राय व उनके समर्थकों पर गलत बयानबाजी और अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है। बुधवार को सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने सरयू राय द्वारा उनके व मंदिर समिति के ऊपर बेबुनियाद आरोप को उनकी बौखलाहट बताते हुए इसे निंदनीय बताया। संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सारा शहर इस बात से भली-भांति वाकिफ है कि जमीन कब्जा कौन करता है और जमीन कब्जा करने वाले गिरोह को संरक्षण कौन देता है। सूर्यधाम किसी की निजी संपत्ति नही है बल्कि यह धर्मप्रेमी जनता के सहयोग से बनी एक आध्यात्मिक स्थल है। मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के खेल स्थल बनाने पर सूर्य मंदिर समिति ने प्रारंभ से आपत्ति जताई है। सूर्य मंदिर समिति किसी भी कीमत पर सूर्य मंदिर की आध्यात्मिक पहचान को मिटने और नष्ट होने नही देगी। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरयू राय सूर्य मंदिर समिति पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर अपनी धर्म विरोधी त्यों को छुपाना चाह रहे हैं।


**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का त्रयोदश (शीतकालीन) सत्र दिनांक 15/12/2023 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियो का प्रवेश निषिद्ध है।

ह./-
(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, रांची

ज्ञापांक : जनसम्पर्क-04/2023-3057/वि.स., रांची    दिनांक - 13.12.20

## स्पीड न्यूज

### लिलिपुट प्ले स्कूल में गॉट टैलेंट कार्यक्रम का आयोजन




**मेदिनीनगर।** लिलिपुट प्ले स्कूल में बुधवार को गॉट टैलेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। ओपन टैलेंट कंपीटिशन में बच्चे डांस, गाना, एक्टिंग, मोनोएक्टिंग इन सभी कैटेगरी में परफॉर्म दिखाये। स्कूल द्वारा कार्यक्रम का शो लाइव दिखाया गया। शो को जज करने के लिए विशेष अतिथि के तौर पर अनुज कुमार सिंह और मनु नामधारी को आमंत्रित किया गया था। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि सभी बच्चों में एक प्रतिभा छिपी होती है बस जरूरत होती है हमें निखारने की और इस तरह के शो से बच्चे खुलकर अपनी प्रतिभा दिखा पाते हैं। इस शो के विजेता बने प्रणव शर्मा जिन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से सभी जजेज और बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया, यह निश्चय ही एक नेशनल लेवल की परफॉर्मेंस थी। द्वितीय स्थान पर वैदेही खेतान, आकांक्षा एवं प्राजकता नीरज रही। तृतीय स्थान पर हमजा अहमद रहे जिन्होंने बिल्कुल अलग हटकर पशु-पक्षियों की आवाज निकाली। इसके अलावे अमाया, अनिका, राजा, अहम, गौरी, मेहर, विहान, नूर, सूर्यान्शी, शिवांक, अथर्व, जैनब, प्रीषा, मानविक, सान्वी,प्रणयन, श्रद्धा, आराध्या, दर्श, कनिष्का, काव्या, रुद्रांश,आयुष, अद्विक बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि हिम्मतरामका ने बेहतरीन अंदाज में किया। स्कूल के डायरेक्टर ने कहा कि यह सिर्फ उनका साथ और कड़ी मेहनत ही है, जिससे हमारे प्रोग्राम सफल हो पाते हैं। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को स्कूल में पेपरस फैशन शो का आयोजन किया जाएगा।

### अबुआ आवास योजना की दी जानकारी



मेदिनीनगर। चैनपुर के बभंडी में चल रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को कैसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए जागरूक किया गया। चैनपुर के बभंडी के अलावा अन्य कई जगह में नाटक कर लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान चैनपुर के सीओ ने कहा की कलाकारों ने नाटक के माध्यम से जो जानकारी दी है। लोगो को उसका लाभ लेना चाहिए। खास कर झारखंड सरकार द्वारा लागू की गई नई योजना अबुआ आवास योजना के बारे में कलाकारों ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलाकारों में कामरूप सिन्हा, अमर कुमार भांजा, कनक लता तिर्की, राहुल कुमार, अदनान कासिफ, जीवन मौजूद थे।

### बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष से कार्यकर्ताओं ने की शिष्टाचार मुलाकात



**हरिहरगंज पलामू।** बिहार भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह से मेदिनीनगर जाने के क्रम में बुधवार को हरिहरगंज में भाजपाइयों ने शिष्टाचार मुलाकात की और स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मेन रोड स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के आवास पर भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं का हाल जाना। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन का रीढ़ बताते हुए भाजपा की मजबूती के लिए की टिप्स दिए। मौके पर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, किसान मोर्चा के मुन्ना विश्वकर्मा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सतेन्द्र पासवान, मंडल उपाध्यक्ष सिकंदर पासवान, कोषाध्यक्ष भीमसेन शर्मा, कन्हाई विश्वकर्मा, अमित कुमार, तुषार गुप्ता, अमित गुप्ता, मनोज सोनी, चंदन जायसवाल, अंबुज सिंह, अरुण स्वर्णकार, अशोक सिंह, कुन्दन यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान सेविका मिली नदारद : प्रमुख गायत्री देवी



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करसो पंचायत के पचलेवा टोला का आंगनबाड़ी केन्द्र का प्रमुख गायत्री देवी ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। मौके पर गायत्री देवी ने आंगनबाड़ी सेविका बेरोनिका केरकेटा पति ऑल्टर बागे को सुबह 9:30 बजे बुला कर पूछताछ किया। उन्होंने कहा कि सेविका व सहायिका आठ बजे तक नहीं पहुंची तो बच्चे भी घर चले गए। वहां सन्नाटा पसरा रहा। पूछताछ के क्रम में सेविका ने कहा की बीएलओ का काम करने जाना पड़ता है, जिसके कारण हम समय से आंगनबाड़ी केंद्र नही खोल पा रहे है। उसने कहा की सहायिका गौरी देवी पति जितन राम अपने सेंटर से हमेशा अनुपस्थित रहती है। सहायिका हमेशा बिना जानकारी दिए ही छुट्टी पर चली जाती है और जब उससे छुट्टी के विषय में पूछना चाहते हैं तो उसने हमसे ही उलझ जाती है। यही कारण है कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद रह जाता है। ग्रामीण स्थानीय लोगों ने कहा कि केंद्र खोलने और बंद होने का कोई निश्चित समय नहीं है जिसके कारण बच्चे भी नहीं रहते। सतीश प्रसाद,अमेरिका राम, मनरू परहिया, लालमुनि परहिया, करीम परहिया, कमेश परहिया, जितन राम, विजय राम, चंदन सिंह, महेंद्र परहिया का कहना है कि आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका अपना केंद्र से हमेशा नदारद रहती हैं, कई बार इसकी शिकायत हमलोगो द्वारा अधिकारियों को दिया गया है, लेकिन दोनो पर आज तक अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। यही कारण है की सेविका और सहायिका मनमानी ढंग से केंद्र खोलती है। इधर इस संदर्भ में सुपरवाइजर मधु देवी ने कहा की अगर ग्रामीण शिकायत करेंगे तो करवाई करने के लिए अधिकारियों को आवेदन लिखेंगे। उसने कहा की सुदूरवर्ती क्षेत्र में कई ऐसा आंगनबाड़ी केंद्र है जहां जाना महिला के लिए खतरा है इसलिए हमलोग वैसे केंद्र पर जांच करने नही जा पाते हैं।

### झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ




**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट पलामू कप का भव्य शुभारंभ हुआ। उदघाटन झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर सिंह, ज्ञान निकेतन के चेयरमैन बलीराम शर्मा, प्रो एस सी मिश्रा, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। पलामू कप युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष विनायक के नेतृत्व में हो रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन ए पी लकी ने किया। उदघाटन समारोह में पत्रकार एकादश और झामुमो एकादश के बीच फैंसी मैच खेला गया। पलामू कप के उदघाटन मैच में पत्रकार एकादश ने झामुमो एकादश को 24 रनों से हराया। मैन ऑफ द मैच युवा पत्रकार आमिर मुर्तजा बने। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। पत्रकार एकादश की कप्तानी कुंदन वर्मा ने और झामुमो एकादश की कप्तानी सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। राजेंद्र सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि पलामू में क्रिकेट और खेलों का माहौल तैयार करने के लिए किए इस प्रयास के झामुमो युवा मोर्चा को ढेरों बधाई। खेल खेलने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ्य रहता है। प्रो एस सी मिश्रा ने कहा कि पलामू में गिरते हुए खेल के स्तर को देखते हुए मन दुखित होता है, जरूरत है नए स्टेडियम के निर्माण का और खेलों के महत्व को समझाने का। क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट को देख बहुत खुशी होती है, युवाओं का जोश और खेल के प्रति प्रेम देख बहुत अच्छा लगा। इस कार्यक्रम में झामुमो नेता अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अविनाश देव, समाजसेवी धनंजय सोनी, देवेंद्र तिवारी, पप्पू पांडेय, रमेश सिंह, राजेश सिन्हा, वरिष्ठ नेता पप्पू सिन्हा, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, बबलू चौधरी, मुकेश चौधरी कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, अखिलेश सिंह सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद थे।

## हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्स का 14 से होगा पुनः परिचालन : सांसद

### पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए खुशखबरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से झारखंड स्वर्ण जयंती ट्रेन का पुनः परिचालन 14 दिसंबर से प्रारम्भ होगा। इसकी जानकारी देते हुए सांसद ने कहा कि उक्त ट्रेन के परिचालन प्रारंभ करने हेतु पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक के कार्यालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। विदित है कि 4 दिसंबर को उक्त ट्रेन को ठंड के मौसम में कोहरा और धुंध के कारण 1 मार्च 2024 तक रेलवे बोर्ड द्वारा परिचालन को रद्द कर दिया गया था। उक्त मामले को लेकर 7 दिसंबर को चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात कर एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर एवं पत्राचार के माध्यम से हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। उक्त ट्रेन का परिचालन होने से पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को यात्रा करने में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपनी एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से आभार प्रकट किया है।

### हुसैनाबाद के पोलडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

## ग्रामीणों को विकास योजनाओं से किया जा रहा है लाभान्वित : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी धनंजय कुमार, बीडीओ, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य लोग शामिल।

**हुसैनाबाद पलामू।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह पंचायत में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचलाधिकारी धनंजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष श्रवण कुमार राम, मुखिया संजू देवी, समाजसेवी अशोक कुमार यादव, पंचायत समिति रूबी कुमारी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मुखिया संजू देवी ने कहा कि पंचायत शिविर में योजनाओं से संबंधित मिले आवेदनो को पंजीकृत किया जा रहा है इस लाभुक आवेदनो की स्थित ट्रैक करने में सहुलियत होगी मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार अविनाश कुमार सिंह मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा मुखिया रामलखन यादव उप मुखिया सपना कुमारी जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी प्रशांत कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, विनोद कुमार, अशोक कुमार दुबे, राजस्व अमीन विनय कुमार समेत प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण तक पहुंचे : प्रखंड प्रमुख

### शिविर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के रजवार गांव में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन प्रखंड प्रमुख कमला देवी, सीओ यामुन रविदास, मुखिया जितेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रमुख कमला देवी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण तक पहुंचे, इस उद्देश्य से शिविर का आयोजन सरकार द्वारा किया जा रहा है। वहीं सीओ ने कहा कि शिविर में योजनाओं से संबंधित मिले आवेदनों को पंजीकृत किया जा रहा है। इससे लाभूको के आवेदनों की स्थिति ट्रैक करने में सहूलियत होगी। शिविर में पीडीएस, पेंशन, स्वास्थ्य, कृषि, आवास सहीत अन्य योजनाओं के लिए ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा। मुखिया जितेंद्र पासवान ने लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल पासवान, राणा पासवान, जितेंद्र कुमार रवि, पंचायत सेवक इंद्रदेव यादव, निरंजन सिंह, विनोद कुमार रवि, जमाल वारिस, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, सीआई प्रगति प्रकाश, नजीर ब्रजेश कुमार, सरजू बैगा, विश्वनाथ विश्वकर्मा, प्रसाद भुइयां, डॉ विद्याभूषण, डॉ एमडी साजिद, मिथिलेश पासवान, सीआरपी ओमप्रकाश मिश्रा, अजीत कुमार मिश्रा, बीआरपी अनुज मिश्रा, रंजीत पासवान, आनंद यदुवंशी, ललन सिंह, मिथिलेश मेहता सहित काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## चाईल्डलाइन और महिला थाना प्रभारी के प्रयास से 15 दिनों से लापता महिला आई घर

मामला हुसैनाबाद ग्राम दुअरा का

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के ग्राम दुअरा से 29 नवंबर से गायब 30 वर्षीय महिला को शान्ति सदन चाईल्डलाईन हेल्फ सेंटर एवं महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज के प्रयास से 15 दिनों के अंदर खोज ली गयीं। जिसके बाद परिजनों ने सभी को धन्यवाद दिया। आपको बता दे की उंटारी थाना अंतर्गत ग्राम सिढा दवाड़ निवासी अशोक यादव के द्वारा हुसैनाबाद थाना में अपनी पत्नी सरिता देवी मायके हुसैनाबाद के ग्राम दुअरा से 29 नवंबर को लापता होने का सनहा दर्ज कराया था। जिसमे उसने उसकी मानसिक रूप से ठीक नही रहने के कारण गुम होने की बात कही गई थी। इधर उक्त महिला किसी तरह रांची चली गयी। इसकी सूचना महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज को मिली। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला की खोजबीन की तो पता चला कि महिला रांची ओरमांझी में है। उन्होंने ओरमांझी थाना अंतर्गत शांति सदन चाईल्ड एवं महिला स्वेम सहायता के सहयोग से महिला का सत्यापन किया। उन्होंने बताया कि महिला दिमागी रूप से अस्वस्थ थी। पूर्व में भी ऐसी घटना घटी थी। इस कार्य मे सहयोग के लिए चाइल्डलाइन के सदस्य लोकनाथ भण्डारी, दीनानाथ भण्डारी, उनके पिता रतन लाल भण्डारी, राजदेव प्रसाद वर्मा कोडिनेटर पलामू एवं पत्रकार गौतम पटेल को इस कार्य में सूचना उपलब्ध कराने लिए लापता महिला के परिजनों ने बधाई दी है।

### क्या कहना है चाइल्डलाइन कॉडिनेटर वर्मा का



चाइल्डलाइन कॉडिनेटर पलामू राजदेव प्रसाद वर्मा ने मीडिया को फोन पर बताया कि झारखण्ड के पलामू जिला में यह संस्था 2016 में चालू किया गया था जिसमे दर्जनों से ज्यादा ऐसे महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा के लिए संस्था के द्वारा कार्य की गई हैं परंतु बिडम्बना यह हैं कि वर्तमान में भारत सरकार के द्वारा ऐसे सभी स्वयंसेवी संस्था को राज्य सरकार के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उन्हें प्रोत्साहित करने एवं अनुदान देने की बात कही गयी थी लेकिन हेमन्त सरकार द्वारा इनके सफल कार्यो को दरकिनार करते हुए आउटसोर्सिंग संस्थाओं को यह जिम्मेदारी दी जा रही हैं जो बिल्कुल अन्याय है।

### अनुच्छेद 370 पर ऐतिहासिक फैसला : अविनाश वर्मा



मेदिनीनगर। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने एक बयान जारी कर अनुच्छेद 370 एवं 35ए पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्र की सरकार समेत सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि आज से 52 माह पहले 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने जब इसकी घोषणा की थी तब पूरा देश मंत्रमुग्ध था जबकि धारा 370 के पोशक और समर्थक बेहोश थे। आज उसी का परिणाम है कि उस मानसिकता के तमाम नेता सर फोड़ते नजर आ रहे हैं जिसमें फारूक अब्दुल्ला, दिग्विजय सिंह, ओवैसी, गुलाम नबी आजाद, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और कपिल सिब्बल प्रमुख रूप से शामिल है जो कुछ वर्षों पहले तक धारा 370 और श्री राम मंदिर जैसे मुद्दों पर मुखर होकर उक्त कार्यों का निष्पादन असंभव मानते थे। सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जो ऐतिहासिक फैसले दिए गए हैं वह प्रधानमंत्री जी के दृढ़इच्छाशक्ति पर एक मुहर है।

## अयोध्या से आया कलश और अक्षत का हुआ पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** शोभायात्रा के साथ अयोध्या से ले गए पीले अक्षत और कलश का पूजन संकट मोचन महावीर मंदिर में किया गया। इसके पूर्व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान में प्रखंड के अष्टभुजी मंदिर से कलश और पीले अक्षत के साथ शोभा यात्रा निकाला गया। शोभायात्रा पंचायत और प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों से होते हुए थाना के बगल में स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर पहुंचा। जहां शोभायात्रा का स्वागत महावीर मंदिर निर्माण समिति और सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने कहा कि 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच सभी घरों में पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र पहुंचाया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम अयोध्या में विराजमान होने वाले श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का स्थापना को लेकर किया जा रहा है। सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नीलांबर पीतांबर प्रखंड के सभी मंदिरों को सजाया जाएगा और दीपोत्सव मनाया जाएगा। शोभायात्रा का नेतृत्व पंचायत की मुखिया पूनम देवी, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में विहिप के प्रखंड उपाध्यक्ष सौरभ वर्मा, संयोजक आलोक कुमार, रोशन मेहता, मनदीप श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव, कृष्णा राम, रूपदेव साहू, पंकज मिश्रा, दीपक सोंडिक, पलक श्रीवास्तव, रामप्रकाश तिवारी, अवध किशोर राय, मुनेंद्रनाथ दुबे, सुदर्शन सोनी, अनिल गुप्ता, सुमित गुप्ता, उमाशंकर सोनी, विजय ठाकुर राधे शामिल थे।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में बुधवार को आये कुल 9587 आवेदन



मेदिनीनगर। जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को 13 पंचायतों व मेदिनीनगर नगर निगम दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में समाचार लिखे जाने तक कुल 9034 आवेदन आये। इस दौरान अबुआ आवास योजना के तहत 5259 आवेदन आये। 350 से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इसी तरह 209 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लुंगी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 526 आवेदन प्राप्त किये गये,156 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। वहीं सर्वजन पेंशन के तहत 320 आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में आयोजित शिविरों में योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण, तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति, किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

**आज इन स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम**

आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 14 दिसंबर को मोहम्मदगंज के पंसा एवं अन्य ग्राम, हुसैनाबाद के उर्दवार,ऊंटारी रोड के लुम्बासतबहिनी के अन्य ग्राम, चैनपुर के महुगावां, पाटन के किशुनपुर, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर के पिपरा खुर्द,पांकी के दुब पंचायत, छत्तरपुर के डाली, पिपरा के मधुबाना के अन्य ग्राम में शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर स्थानीय पंचायत भवन में लगाया जायेगा।

## तलेया बभंडी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत लगाया गया शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के तलेया बभंडी पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के कई योग्य एवं जरूरतमंद महिला-पुरुषों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ दिया गया। वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र दिया गया। जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल दिए गए। वहीं छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 4500-4500 का चेक प्रदान किया गया। साथ ही कई लोगों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए गए। मौके पर चैनपुर के अंचल अधिकारी संजय बाखला ने लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर जिला परिषद फजायल अहमद, मुखिया नेहा परवीन, प्रखंड उप प्रमुख सुनील सिंह, कमरुद्दीन अंसारी सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## अंडर 19 खेलकूद प्रतियोगिता में तोलरा के राज तिवारी को मिला सिल्वर मेडल




विश्रामपुर पलामू। डीएवी पब्लिक स्कूल के राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता अंडर 19 में विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी राज तिवारी को सिल्वर मेडल एवं कप मिला है। राज तिवारी डिएभी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के तरफ से झारखंड राज्य के बोकारो खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया था। जहां राज्य के सभी डीएवी स्कूल के अंडर 19 के विद्यार्थी भाग लिए थे क्रिकेट फुटबाल बास्केटबॉल सहित अन्य तरह के खेलों में विद्यार्थी अपना परचम लहरा रहे थे। राज तिवारी ने वैडमिंटन खेलो में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव प्रखंड जिला का नाम रोशन किया। राज तिवारी के पिताजी कौशल किशोर तिवारी समाजसेवा में बेहतर योगदान देते हैं। वहीं राज की माताजी मीनू देवी विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख रह चुकी है। जो वर्तमान में समाजसेवा करती हैं। इस जीत का श्रेय राज ने अपने माता-पिता एवं गुरु को दिया। राज के पिता कौशल तिवारी ने बताया कि बचपन से हीं बैडमिंटन में इसका खासा लगाव है और पुरा सपोर्ट मेरे तरफ से मिलता है। इस उपलब्धि पर तोलरा के ग्रामीण सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पलामू जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष ने दो वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया



मेदिनीनगर। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने दो वर्ष कार्यकाल में किये गये कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2021-23 में जिले के सम्मानित अधिवक्ताओं ने मुझे अपार मत देकर अध्यक्ष पद पर आसीन कराया। इसके लिए सभी अधिवक्ताओं का मैं शुक्रगुजार हूं। संघ की जवाबदेही संभालने के बाद संघ परिसर में पेवर ब्लॉक लगाना, अधिवक्ताओं के लिए कुर्सी-टेबुल की पर्याप्त व्यवस्था, जेनरेटर से लाईट व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा लगाने से लेकर अधिवक्ताओं को जमाने से मिलने वाली 150 रूपये रेकरिंग की राशि को बढ़ाकर दो हजार रूपये करने, संघ के अधिवक्ताओं को मरणोपरांत एक लाख रूपये की राशि को बढ़ाकर डेढ़ लाख रूपये किया गया। वहीं अधिवक्ताओं की पुत्री की शादी में 31 हजार रूपये को बढ़ाकर 51 हजार रूपये किया गया। पेंशन योजना में पांच हजार रूपये ऋण देकर पेंशन योजना को क्रियान्वित किया गया। गंभीर रोग से ग्रसित अधिवक्ताओं को ईलाज हेतू 18 लाख रूपये विगत दो वर्षों में दिया गया। वहीं दो वर्ष के कार्यकाल में 16 से अधिक सेवानिवृत अधिवक्ताओं को 11 हजार रूपये व अंग वस्त्र देकर विदाई किया गया। संघ के नये लाईब्रेरी भवन का निर्माण कराया गया। साथ ही पूरे पारदर्शिता के साथ आय के श्रोत को बढ़ाया गया। यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के उपर हुए जानलेवा हमला या उनके परिजनों के साथ आई विपत्तियों में पुलिस अधिकारियों से मिलकर त्वरित कार्रवाई कराया गया।

## डीडीयू रेल अव्यवस्था से यात्रियों का हो रहा शोषण

रेल को सबसे अधिक मुनाफा देने वाले क्षेत्र के यात्री हैं आहत

गौतम पटेल




**हुसैनाबाद पलामू।** डीडीयू, एवं धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत सोननगर से बरवाडीह बरकाकाना रेल लाईन के अंतर्गत आने वाली स्टेशनों पर यात्रियों के व्यवस्था के नाम शून्य साबित हो रही हैं। जबकि देश भर धनबाद मण्डल व इस क्षेत्र गुड्स ट्रेन से माल ढुलाई 122 मिलियन टन ढुलाई किया। जिससे रेलवे को 16366 करोड़ रुपये का कमाई कर प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। लेकिन दुर्भाग्य हैं कि इस क्षेत्र के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर रेल विभाग ने सिर्फ ठेंगा दिखाने का काम किया है। आये दिन ट्रेन में भीड़ रहने एवं पैसेंजर ट्रेनों में बोगी कम करने के वजह से यात्रियों की काफी भीड़ बढ़ती जा रही जिसके कारण यात्री महिला बोगी एवं विकलांग बोगी में जाने अनजाने में सफर करने पर मजबूर होते जा रहे हैं। रेल प्रशासन उन्हें पकड़ कर जुमार्ना वसूल कर रहें हैं। एक ओर जपला रेलवे स्टेशन पर एक ही टिकट काउंटर होने के कारण यात्रियों की लम्बी कतार लग रही हैं। ट्रेन आने तक बहुत से यात्रियों टिकट नही मिल पाती हैं। हुसैनाबाद मध्य जिला परिषद उमीदवार अरविंद यादव ने बताया कि 13 दिसम्बर को मैं मरीज को लेकर रांची जा रहा था। जपला स्टेशन पर 3:30 से लेकर सासाराम इंटरसिटी एक्स्प्रेस आने तक मैं टिकट लेने के लिए पंक्ति में खड़ा रहा। परंतु एक ही टिकट काउंटर खुले रहने के कारण भीड़ ज्यादा थी जिसमें महिलाएं एवं पुरुष दो लाइन लगें थे, लेकिन मुझे ट्रेन आने तक टिकट नहीं मिला मेरे साथ पीछे करीब पच्चीस यात्री बिना टिकट लिए ही ट्रेन में सवार हो गए। इसके बाद मैं यूटीएस से ऑनलाईन टिकट काटने के लिए प्रयास किया लेकिन ट्रेन में नेटवर्किंग नही मिलने के कारण नही मिला, लेकिन बरवाडीह जंक्शन पर हमें पकड़ा गया और जुमार्ना के साथ टीटीई के अभद्रता किया गया। इससे यात्री आहत हैं। जब यात्रियों से इस तरह का बर्ताव किया गया तो अन्य सामान्य व गरीब यात्रियों का क्या हाल होता होगा। सवाल उठता हैं कि जपला से रांची जाने के लिए मात्र दो ट्रेन हैं। जिसमें शिक्षा, चिकित्सा से लेकर हर तरह के कार्य के लिए लोगो को राजधानी जाना है लेकिन रेल की व्यवस्था शून्य हैं। इसके लिए जिम्मेवार कौन है ?रेलवे या जनता।

## पाटन : सिरमा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सीरमा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शीवीर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, सीरमा पंचायत के मुखिया विंध्यवासिनी देवी, पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में 16 विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत पैंतालीस पैंतालीस सौ रुपए का सांकेतिक चेक दस छात्र छात्राओं को दिया गया। 44 लाख रूपये का ऋण 14 समुह के लोगों को ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार, बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा एवं मुखिया विंध्यवासिनी देवी के द्वारा दिया गया। वहीं 125 आइडी कार्ड समुह के दीदीओ के बीच वितरण किया गया। मौके पर जेएसपीएल के सामुदायिक समन्वयक धर्मेंद्र कुमार सिंह, आइपीआरपी अनिता देवी, कैडर रिंकू देवी, नवनीता देवी, बीपीआरो कामेश्वर मेहता, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार, पन्द्रहवीं वित्त कोर्डिनेटर चित्रांगद कुमार, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, लेखा सहायक दीपक तिवारी, जन्म मृत्यु आपरेटर कुंदन चौबे, सीएचो अनुपा एका, पंचायत सचिव रामभजन राम, राजस्व कर्मचारी सीमा कुमारी, जमील अंसारी, पंचायत सचिव पुजा कुमारी, अंकिता त्रिपाठी, शक्ति प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, डॉ मनीषा कुमारी, रामशीष सिंह, बालमोहन सिंह सहित अंचल के सभी कर्मचारी एवं प्रखंड पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर का संचालन बीएफटी ब्रजेश कुमार ने किया। शिविर में पाटन बीडीओ ने विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

स्पीड न्यूज

## झामुमो नेता रंजित सिंह का निधन

**कतरास ।** कतरासगढ रेलवे स्टेशन रोड. स्थित चॉमिंग दुकानदार सह झामुमो नेता रंजित कुमार सिंह (48 वर्ष ) का बुधवार अहले सुबह निधन हो गया। पिछले दिनों रंजित सिंह का ब्रेन हैमरेज हो गया था। जिनका इलाज दुगार्पुर में चल रहा था। बुधवार को अहले सुबह निधन हो गया। दिवंगत रंजित सिंह मृदुभाषी के साथ समाजिक कार्यो में में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। रंजित सिंह के निधन पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बावू नाथ महतो, बंसत महतो, प्रेमा पांडे, विक्की मालाकार, विष्णु चौरसिया, सोमनाथ कुमार, शौकत खान, परवेज इकबाल, निमाई मुखर्जी, विजय पासवान आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## स्व. प्रदीप महतो का 6वां पुण्य तिथि मना

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होन्हे ग्राम स्थित प्रदीप महतो चौक में बुधवार को झामुमो पार्टी नेता रहे स्व. प्रदीप महतो का 6वां पुण्य तिथि समारोह का आयोजन किया गया। पुण्य तिथि कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक बबीता देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई।इस अवसर पर उन्होंने स्व. प्रदीप महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और श्रद्धांजली अर्पित की। दौरान पूर्व विधायक ने गांव के मुंहाने पर चौक के निकट निर्मित स्व. प्रदीप महतो तोरणद्वार का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। पूर्व विधायक श्रीमती बबीता देवी की अनुशंसा पर उनके कार्यकाल में यह तोरणद्वार स्वीकृत हुआ था। पूर्व विधायक ने स्व प्रदीप महतो की माता गुदनी देवी, विधवा सावित्री देवी को शॉल भेंट किया। उन्होंने कहा स्व प्रदीप महतो झामुमो के सच्चे सिपाही और गांव क्षेत्र के लोगों के हमदर्द थे।

## मुखिया ने किया कंबल वितरण

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत मुखिया पार्वती देवी ने सोमवार को अपने पंचायत क्षेत्र का दौराकर आम ग्रामीणों की विभिन्न समस्या सुनी व समाधान का भरोसा दी। यहां दौरे के क्रम में मुखिया जी ने जमकडीह पहुंचकर वार्डसदस्य राजेश्वर साव की मौजूदगी में आम गरीब, विकलांग, असहाय एवं जरूरतमंद लोगो के बीच 3 दर्जन से अधिक कंबल का वितरण की। यहां मौके मुखिया पार्वती देवी ने कहाकि यहां बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को जमकडीह एवं महली टोला की गरीब, असहाय लोगों के बीच वितरण किया गया है। कहापंचायत के शेष गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया जायेगा।

## कड़कड़ाती ठंड भी नही डिगा पा रही है धरना पर बैठे आंदोलनकारियों को

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले धरना का आठवां दिन बीत चुका है। धरना पर बैठे संतोष नायक,सहयोगी सेवा गंझू,मिथुन चन्द्रवंसी, सुजीत प्रजापति प्रजापति कड़ाके की ठंड में डटे हुए हैं। गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो धरना स्थल उपस्थित हुए इस मंच पर विराजमान एवं धरना स्थल पर उपस्थित सभी आमजनों के समक्ष घोषणा किया कि हमारे साथी सड़क पर जिला बनाने को लेकर धरना पर बैठे है,आने वाले शीत कालीन सत्र में विधानसभा के अंदर जिला बनाने को लेकर मैं धरना पर बैठूंगा।हम सब की मांगों को सरकार अनसुनी कर रहा है, जो अब नही चलेगा। सीपीआई के आंदोलन कारी एवं विस्थापित नेता कॉमरेड पंचानंद महतो,और मो इफ्तेखार महमूद धरना को गति देते हुए कहा कि बेरमो जिला बनाओ समिति गैर राजनीतिक समिति है जिला की मांग आम अवाम की मांग है किसी पार्टी, या दल की मांग नही अभी तक शांति व्यवस्था के तहत जिला की मांग सरकार से की जा रही है, यदि शीतकालीन सत्र में सरकार जिला की घोषणा नही करती है। तो आनेवाले समय मे पचास हजार ग्रमीण सड़क पर उतरकर धरना स्थल से लेकर सड़क तक जाम कर सरकार को घेरने का काम करेगा। आंदोलन में बहुत बड़ी शक्ति है आंदोलन के जरिये है हमारे पूर्वज गुलाम भारत को आजाद भारत बनाया है।

# प्रदूषण के कारण गौशाला बाजार के दुकानदारों ने किया सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी ।** गौशाला ओपी क्षेत्र के गौशाला बाजार के दुकानदारों ने सड़क निर्माण में हो रहे स्वास्थ्य घातक प्रदूषण का हवाला देते हुए लगभग एक घंटे सड़क जाम किया। उनकी माँग पर झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद द्वारा स्थानीय प्रशासन से दूरभाष पर प्रतिदिन पानी छिड़काव करने के आश्वासन पर दुकानदारों ने सड़क जाम हटाया। सड़क जाम के दौरान स्थानीय निवासियों सहित दुकानदारों ने कहा कि दो विधायकों की अनुशंसा पर झरिया विधानसभा के डिनोबली मोड़ से सिंदरी विधानसभा के सरिसाकुड़ी तक सड़क का पुनरुद्धार व नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को कर रही मेसर्स दरोगा प्रधान कंपनी बिना किसी अभियंता के सड़क निर्माण कर रही है। इस निर्माण के दौरान बिछाए गए रोड़ों से प्रतिदिन प्रदूषण फैल रहा है। उड़ती धूल से खाद्य पदार्थ बर्बाद हो रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। अस्थमा ग्रसित लोगों का सड़क के पास से गुजरना जानलेवा साबित हो रहा है। उन्होंने माँग की है कि प्रतिदिन सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि लोग भयावह प्रदूषण की मार से बच सकें। उन्होंने बताया कि नाली निर्माण के दौरान कंपनी की जेसीबी मशीन ने दूरसंचार विभाग सहित बिजली विभाग के तारों को काट दिया है। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सबब झेलना पड़ रहा है। सूचना पर पहुँची गौशाला ओपी पुलिस ने लोगों से बातचीत की और झरिया सीओ से दूरभाष पर वार्ता की गई। झरिया सीओ द्वारा आश्वासन के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया। संवेदक दरोगा प्रधान ने बताया कि प्रतिदिन सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाएगा। इससे लोगों को प्रदूषण से राहत मिलेगी।

# शराब निर्माता कंपनी अंकुर बायोकेम में आईटी का रेड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बुधवार की अहले सुबह धनबाद में आईटी की टीम ने दबिश दी है। शराब निर्माण कंपनी अंकुर बायोकेम के कारखाने पर इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की है । आईटी की टीम वहां कागजातों को खंगाल रही है। बताते चले कि धनबाद और पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसनसोल की आयकर टीमों ने एक साथ निरसा के तेतुलियां स्थित शराब निर्माण कंपनी अंकुर बायोकेम में दस्तक दी है। धनबाद और कोलकाता आयकर की विशेष टीम एक साथ संयुक्त रूप से




शराब बनाने वाली कंपनी अंकुर बायोकेम तेतुलिया स्थित कारखाने में पहुंची और जांच शुरू किया। आईटी के टीम के अंदर जाने के बाद से किसी को भी अंदर जाने या अंदर से बाहर आने की अनुमति टीम के द्वारा नहीं दी गई। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी और मालिक महेंद्र शर्मा भागते भागते कारखाना पहुंचे। फैक्ट्री के अलावा महेंद्र शर्मा के आवास पर भी छापेमारी चल रही है। बताते चले कि धनबाद के अलावा पश्चिम बंगाल के आसनसोल में भी छापेमारी की जा रही है । आयकर के टीम आसनसोल में टीएमसी नेता और पूर्व विधायक सोहराब अली के ठिकानों पर भी रेड कर रही है। छापामारी के इस पूरे प्रकरण को कांग्रेस सांसद सह शराब व्यापारी धीरज साहू के ठिकानों पर हुई छापेमारी के साथ जोड़कर देखा जा रहा है।

## पिता का श्राद्ध करने गया था पुत्र, चोरों ने घर से उड़ा लिए एक लाख दस हजार

**धनबाद।** पिता का श्राद्ध कम करने गए पुत्र के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया और 1.10 लख रुपए नगद लेकर फरार होने में कामयाब हो गए ।जिले के सदर थाना क्षेत्र में तेलीपाड़ा हनुमान मंदिर के पीछे बंद मकान में चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में भुक्त भोगी सिंधु चंद्र ने बताया कि 2 दिन पूर्व उनके पिताजी का देहांत हो गया था। उन्हीं के श्राद्ध क्रम में वह अपने परिजन के साथ गांव गए हुए थे। पड़ोसी ने बुधवार की सुबह फोन पर घटना की सूचना दी तो वह पहुंचे ।उन्होंने बताया कि अपराधियों ने घर का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है। दो बक्सा व दो अलमीरा को तोड़कर उसमें रखे हुए 110000 रुपए नगद और कांसा का बर्तन ले गए हैं। मामले की सूचना सदर पुलिस को दे दी गई है। जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि तेलीपाडा क्षेत्र में चोरी की आतंक बढ़ता जा रहा है । अपराधी रोजाना किसी न किसी घर को निशाना बना रहे हैं। जिससे स्थानीय लोग घर छोड़कर कहीं बाहर नहीं जा सकते।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने मंडल कारा में बंदियों से की पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने मंडल कारा में जाकर बंदियों से पूछताछ की। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि कुछ बंदियों ने समय पर खाना नहीं दिया जाना, नहाने की छूट नहीं दिया जाना, जेल प्रशासन द्वारा यातना दिया जाना और अमानवीय व्यवहार करने की शिकायतें जांच में गलत पायी गई है। वहीं एक बंदी पंकज सिंह के द्वारा शिकायत की गई कि मैं बीमार रहता हूं। इस संबंध में कारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार सिंह ने पंकज सिंह की जांच किया और उनके द्वारा बताया कि वह अभी स्वस्थ है और उनको दवाइयां चालू रखने की सलाह दी गई है। वहीं डॉ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सभी बंदियों का नियमित रुटीन चेकअप किया जाता है एवं उनको दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती है।

वहीं प्रभारी कारा अधीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा बताया गया कि उन्होंने उपायुक्त के निर्देश के आलोक में प्रभारी कारा अधीक्षक के रूप में प्रभार लिया है। समाचार पत्रों के माध्यम से जो शिकायत प्राप्त हुई है उसकी जांच कर जेल मैनुअल के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विकास बजरंगी और गांधी अदालत में पेश किए गए

### प्रभारी दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी के न्यायालय में हुई दोनों की पेशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** पिछले दिनों धनबाद जेल में हुए अमन सिंह हत्याकांड में शूटर प्रतापगढ़ निवासी रितेश यादव के सहयोगी के रूप में चिन्हित सतीश शाह उर्फ गांधी और विकास रवानी उर्फ विकास बजरंगी को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी के न्यायालय में पेश किया गया। बताते चले कि दोनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर के बाद कोर्ट में पेश किया गया ।कोर्ट ने दोनों आरोपियों को इस मामले में रिमांड कर लिया है। कोर्ट में हाजिर गांधी और विकास बजरंगी के खिलाफ शूटर को हथियार देने और घटना के बाद पिस्टल को जेल से बाहर फेंकने का आरोप है। कोर्ट ने उन दोनों से पूछा कि क्या वह जेल के अंदर हथियार फेंक रहे थे तो उन्होंने इस आरोप से इनकार किया। जब कोर्ट ने यह सवाल किया की वीडियो फुटेज में उसे हथियार फेंकते हुए देखा गया है, तो दोनों चुप हो गए। अमन हत्याकांड के आइओ व सरायडेला थाना प्रभारी विनय कुमार ने सोमवार को ही दोनों आरोपियों के इस मामले में रिमांड करने की प्रार्थना की थी। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि भाजपा नेता सतीश सिंह की हत्या मामले में जेल में बंद सतीश साल उर्फ गांधी और कतरास के मनोज यादव हत्याकांड में जेल में बंद ईस्ट कतरास निवासी विकास बजरंगी की अमन सिंह की हत्या में भूमिका सामने आई है। शूटर रितेश यादव ने भी दोनों की कांड में भूमिका बताइए जेल के सीसीटीवी फुटेज में जेल की बाउंड्री के बाहर पिस्टल फेंकते हुए और शूटर को घटा से पहले पिस्टल देते हुए उनकी तस्वीर कैद हुई है।

## एडीजी शंभुनाथ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यों का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अपर महानिदेशक सह विकसित भारत संकल्प यात्रा के केंद्रीय पर्यवेक्षक शंभूनाथ चौधरी झारखंड दौरा के दूसरे दिन बोकारो पहुंचे। उन्होंने पेटरवार फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में डीडीसी कीर्ति श्री जी संकल्प यात्रा की जिला नोडल पदाधिकारी मनीषा वत्स व अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक में संकल्प यात्रा के तहत किए जा रहे कार्यक्रमों एवं आने वाले दिनों में प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने इसके पीछे प्रधानमंत्री के विजन से संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराया।

डीडीसी ने विस्तार से जिले में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। पेटरवार प्रखंड के ओरदाना पंचायत में आयोजित शिविर में उन्होंने कई लाभुकों के बीच पीएम उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा वितरित किया। मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया।

कसमार प्रखंड के फार्म टांड़ में 25 एकड़ भूमि में किए गए बागवानी खेती आदि का जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न वर्गों के समग्र विकास को लेकर किए गए कार्य को देख श्री चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त की। मौके पर पीआइबी के ओमकार पांडेय जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए पंकज दूबे मणिकांत संबंधित प्रखंडों के बीडीओ सीओ एवं प्रखंड स्तरीय कर्मी आदि मौजूद रहे।

## विज्ञान मंथन में डीपीएस बोकारो का शिवम झारखंड में अव्वल



**बोकारो।** एनसीईआरटी द्वारा आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राज्यस्तरीय परीक्षा में डीपीएस बोकारो के तीन छात्रों ने अपने वर्गों में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 8 वीं के शिवम ओझा ने अपने समूह में पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार एवं अपने शहर का नाम गौरवान्वित किया है। दूसरे स्थान पर 9 वीं के निर्वाण कुमार तथा तीसरे स्थान पर 10 वीं के कुमार अनमोल रहे। उक्त विद्यार्थियों को 5000 3000 और 2000 रुपए की पारितोषिक राशि मेरिट सर्टिफिकेट मेडल और ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। मई 2024 में भोपाल में आयोजित विज्ञान मंथन की राष्ट्रस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए शिवम ओझा और निर्वाण चयनित कर लिए गए। विद्यालय में आयोजित एक विशेष असेंबली में प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने तीनों सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए राष्ट्र स्तरीय परीक्षा के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। ज्ञातव्य हो कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा विज्ञान भारती विज्ञान प्रसार एवं एनसीईआरटी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समर्थित भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है।

# केमिकल लिंकेज से मजदूरों को बचाने के लिए हर्ल में एनडीआरएफ ने किया मॉकड्रिल : नंद किशोर गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** हर्ल सिंदरी खाद कारखाना में अमोनिया सहित अन्य केमिकल पदार्थों के लिकेज होने पर कार्यरत मजदूरों को सुरक्षित बचाने को लेकर जिला प्रशासन की उपस्थिति में 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम द्वारा हर्लप्लांट में बने अमोनिया स्टोरेज के बगल में मंगलवार को मॉकड्रिल किया गया। इसमें झारखंड अग्निशमन विभाग की टीम भी शामिल थी। मॉकड्रिल के निरीक्षण में जिला आपदा पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता और जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा मौजूद थे।जिला अपर समाहर्ता ने बताया कि सिंदरी सहित इसके आसपास में कार्यरत कंपनियों को इस मॉकड्रिल में आमंत्रित किया गया था। रसायन से होने वाले आपदाओं पर नियंत्रण के लिए यह कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने कहा कि हर्ल खाद कारखाना के पास सुरक्षा उपकरणों में कोई कमी नहीं है। इनके पास 3 फायर ट्रक, एंबुलेंस सहित सुरक्षा के अधिकारी भी मौजूद है। राँची से आई 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम का नेतृत्व कर रहे जितेश कुमार ने बताया कि बिहार और झारखंड में यह टीम राष्ट्रीय आपदा में कार्य कर रही है। केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजी और न्यूक्लियर पदार्थों से होनेवाले आपदाओं में यह अपनी भूमिका निभा रही है। इस टीम द्वारा मॉकड्रिल कर तीन श्रमिकों को अमोनिया लीकेज से सुरक्षित निकालकर दिखाया है। इसमें डिटेक्शन टीम ने सबसे पहले आपदा में फँसे श्रमिकों को देखा। इवेक्यूएशन टीम ने उन्हें निकालने में मदद की और डी कन्टामिनेशन टीम ने उन्हें स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का काम कर मॉकड्रिल किया।

इस मॉकड्रिल में सबसे पहले झारखंड अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर आफिसर सुमंत सिंह चौहान और सहायक फायर आफिसर मो फरीद की उपस्थिति में लीकेज से दूर घायल दो श्रमिकों को रेस्क्यू किया।

हर्ल मेंटेनेंस की टीम ने भी मेंटेनेंस को भी दशार्या। मॉकड्रिल में मुख्य रूप से जिला प्रशासन की ओर से जिला आपदा पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक, टेक्निकल हेड गौतम माझी, फैक्ट्री प्रबंधक सह हर्ल एच आर हेड संत सिंह, हर्ल सीएसओ कर्नल मिश्रा, सुरक्षा पदाधिकारी अरुण उदगता सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व टेलीमेडिसिन से होगा मवेशियों का कारगर इलाज



बोकारो। डीपीएस बोकारो में 10वीं के सर्वज्ञ सिंह और नौवीं के ऋषित शांडिल्य ने गौ रक्षा की दिशा में एक अनूठा इजाद किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंसर की मदद से गायों व अन्य मवेशियों की बीमारी का पता कर एक विशेष वेब एप के जरिए उनका समय पर सही इलाज अब संभव हो सकेगा। गौ रक्षा की इस पहल से संबंधित अपने इस सॉफ्टवेयर को उन्होंने नंदिनी का नाम दिया है। उनकी यह नवोन्मेषता राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हो चुकी है। बच्चों ने बताया कि बोकारो में मवेशियों के अनुपात में पशु चिकित्सकों की काफी कमी है। वेब एप नंदिनी के जरिए चौपाया मित्रों की जांच कराने के बाद पशुपालक चिकित्सकों से संपर्क कर स्वास्थ्य से जुड़े सुझाव और उपचार के लिए दवा भी पा सकते हैं। टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म पशु चिकित्सकों और पशुपालकों के बीच की दूरी को पाट देगा। मॉडल के खास तकनीक में सेंसर के जरिए पशुओं की हृदय गति और उनके शरीर के तापमान को मापकर वेब एप पर जानवरों के संभावित रोगों की जानकारी मिलती है। समय पर मवेशियों का उपचार कर उनकी जान बचाई जा सकती है। पहला मॉडल मवेशियों में 26 तरह के रोगों के 94 लक्षणों और 2444 पैरामीटर के आधार पर तैयार किया गया है। दूसरा कंप्यूटर दृष्टि का उपयोग करके गांठ की समस्या से निजात दिलाता है।

### ईएसएल वेदांता ने धनडाबर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया आयोजन



**बोकारो।** वेदांता समूह की ईएसएल स्टील लिमिटेड ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज दिवस पर धनडाबर मिडिल स्कूल में सीएसआर के हेल्थकेयर फ्लैगशिप प्रोग्राम प्रोजेक्ट आरोग्य के तत्वावधान में और कार्यान्वयन भागीदार सिटीजन फाउंडेशन के साथ एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें स्कूल के 100 से अधिक छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। किशोरियों के लिए एनीमिया परीक्षण छात्रों के लिए स्वास्थ्य जांच बीपी परीक्षण रक्त समूह परीक्षण और मधुमेह रोगियों का परीक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ईएसएल के आशीष रंजन ने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर और हमारे आसपास के समुदायों की स्वास्थ्य सेवा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता बताते हुए कहा कि ईएसएल की प्राथमिकता कर्मचारियों और हमारे संयंत्र के आसपास की समुदाय की भलाई सजग रहने के प्रति है। हम सामुदायिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सक्रिय उपायों को प्राथमिकता देते हैं।

### एएसआई को घूस लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार



**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना के एएसआई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार सुबह 10 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद डीएसपी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है ।साथ ही इस संदर्भ में आगे की कार्रवाई जारी है। केस डेयरी मैनेज करने के नाम पर मांगे थे 20 हजार रुपए की मांग एएसआई के द्वारा की गई थी। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार एएसआई की पहचान मनोज मिश्रा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मो सकील मंसुरी नाम के युवक ने इस संबंध में एसीबी से शिकायत की थी। शिकायत के बाद मामले की जांच डीएसपी को सौंपी गई । जिसमें आरोपों को सही पाया गया ।शिकायतकर्ता का आरोप था कि एक मामले में अभियुक्तों को डेयरी मैनेज करने के नाम पर आरोपी एएसआई ने 20 हजार रुपए की रकम मांगी थी ।10 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था। डीएसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता के आरोप के बाद मामले की जांच पड़ताल की गई। बुधवार को शिकायतकर्ता 10 हजार रुपए लेकर आरोपी एएसआई के पास पहुंचा। जैसे ही आरोपी रुपए ले रहा था, एसीबी की टीम ने उसे उक्त रकम के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का कार्यक्रम पहुंचा एगयारकुंड काली पहाड़ी दक्षिण पंचायत

**कुमारधुबी।** सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा का कार्यक्रम आज बुधवर को एग्यारकुंड प्रखंड के काली पहाड़ी दक्षिण पंचायत में आयोजित की गयी। एग्यारकुंड प्रखंड के काली पहाड़ी दक्षिण पंचायत मे शिविर लगाया गया। शिविर मे मुख्य अतिथि के रूप में एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार, जीप सदस्य गुलाम कुरैशी, जेएमएम एगयारकुंड प्रखंड के बीस सुतरी अध्यक्ष मोहम्मद अलमगीर असरफ, शिक्षक प्रामोद झा, मुखिया मनोरमा देवी, प्रेम सिंह, रामनाथ सोरेन, सहित गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । वही इस कार्यक्रम के पहुंचे मुख्य अतिथियों को मुखिया मनोरमा देवी के द्वारा फूल बुके देकर उनका स्वागत किया गया। वही मुखिया मनोरमा देवी ने कहा कि राज्य सरकार की उन सभी योजना को जो धरातल पर है, आयुष्मान कार्ड, वोटर कार्ड,जन्म मृत्यु प्रमण पत्र, 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए आधार कार्ड बनवाना जैसे कई स्टॉल लगाकर लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, जिसमें स्थानिया ग्रामीणओं की भारी भीड़ उम्र पड़ी। वहीं मुखिया एवंम मुख्य अतिथियों के द्वारा स्थानीय ग्रामीण लोगों को कंबल वितरण भी किया गया।

### गोमिया में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत ससबेड़ा पश्चिमी पंचायत के आईईएल फुटबॉल ग्राउंड में बुधवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यहां मैच का शुभारंभ खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के गोमिया विधायक प्रतिनिधि रविसन टुडू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसमें प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों से कुल 11 टीमों ने भाग लिया। प्रथम दिन में कुल 7 मैच खेले गए। जिसमें पहले राउंड का मैच ससबेडा पूर्वी पंचायत बनाम स्वांग उत्तरी पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें स्वांग उत्तरी बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक गोल से जीत हासिल किया। दूसरा मैच टीकाहारा पंचायत बनाम धवेया पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें धवेया पंचायत पेनल्टी शूट में 3-0 गोल से जीत हासिल किया। तीसरा मैच साड़म पूर्वी पंचायत बनाम तुलबुल पंचायत के बीच खेला गया। इसमें तुलबुल पंचायत बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो गोल से जीत हासिल किया। वहीं क्वार्टर फाइनल के चक्र में पहला मैच तिलैया पंचायत बनाम झिरकी पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें तिलैया पंचायत दो गोल से जीत हासिल किया। दूसरा मैच स्वांग उत्तरी पंचायत बनाम पलिहारी गुरुडीह पंचायत के बीच खेला गया। इसमें पलिहारी गुरुडीह की टीम पेनाल्टी शूट में 4-3 से जीत हासिल किया। तीसरा मैच धवेया पंचायत बनाम कोदवाटांड़ पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें पेनल्टी शूट में धवेया की टीम 3-0 से जीत हासिल किया। चौथा मैच तुलबुल पंचायत बनाम गोमिया पंचायत के बीच खेला गया। इसमें तुलबुल पंचायत बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1 गोल से जीत हासिल किया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विनोद तिवारी, संतोष यादव, विशाल सोरेन, ऋतिक कुमार ने निभाया। इसका सेमीफाइनल मैच शुक्रवार को पलिहारी गुरुडीह पंचायत बनाम तुलबुल पंचायत व धवेया पंचायत बनाम तिलैया पंचायत के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर मुखिया विनोद विश्वकर्मा, समाजसेवी पिंटू पासवान, प्रखंड कर्मी पवन कुमार, उपेंद्र कुमार, बृहस्पति महतो, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार पटेल, निर्भय सिंह सहित अन्य लोग मौजुद थे।

## घातक संकेत

वर्ष 1990 के बाद के सभी दशकों में हमारा वातावरण लगातार गर्म होता जा रहा है। हरेक दशक पिछले दशक की तुलना में अधिक गर्म रहा है। लेकिन वर्ष 2011 से 2020 का दशक अब तक सबसे ज्यादा गर्म रहा है। जो जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों की ओर इशारा कर रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ ने चेतावनी दी है कि इस चिंताजनक स्थिति में बदलाव की प्रवृत्ति में सुधार के तात्कालिक संकेत नजर नहीं आते। डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती सघनता भूमि और समुद्र के तापमान में वृद्धि कर रही है। जिसके फलस्वरूप ग्लेशियरों की बर्फ पिघलने से समुद्र के जलस्तर में नाटकीय ढंग से वृद्धि दर्ज की जा रही है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि पिछले दशक में दुनिया भर के ग्लेशियर औसतन प्रतिवर्ष एक मीटर पतले हो गए हैं। संकट की स्थिति का पता इस बात से लगाया जा सकता है कि इस सदी के पहले दशक के मुकाबले दूसरे दशक के दौरान अंटार्कटिक महाद्वीपीय बर्फ की चादर में 75 फीसदी की कमी आई है। यह गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि अंटार्कटिक महाद्वीप की यह बर्फ की चादर दुनिया के लिये रेफ्रीजरेटर का काम करती है। इस संकट के निहितार्थ यह हैं कि दुनिया में ताजे पानी की उपलब्धता में तेजी से कमी आएगी। वहीं दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से निचले तटीय इलाकों में बसे शहरों में जल प्लावन का संकट पैदा होगा। फलतः बड़े पैमाने पर पलायन का संकट पैदा हो सकता है। लेकिन इस आसन्न संकट के बावजूद दुनिया के विकसित देश पर्यावरण संकट को दूर करने के प्रयासों को लेकर एकजुट नजर नहीं आते। जिसका खमियाजा विकासशील देशों को खतरनाक ढंग से भुगतना पड़ रहा है।

## स्पष्ट दिशा निर्देश

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की खंडपीठ ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने की तार्किकता को न्यायसंगत ठहराया। साथ ही कोर्ट ने फिलहाल केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा शीघ्र बहाल करने और सितंबर, 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश भी दिये। कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को आपात स्थिति का अस्थायी प्रावधान बताते हुए इसे निरस्त करने के राष्ट्रपति के अधिकार और लद्दाख को अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाने के निर्णय को वैधता प्रदान की। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भारत में विलय के बाद जम्मू-कश्मीर के पास आंतरिक संप्रभुता का अधिकार नहीं था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त करके राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के फैसले की संवैधानिकता को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने माना कि राष्ट्रपति को अनुच्छेद 370 की समाप्ति का अधिकार है। अदालत ने साफ किया कि संविधान के अनुसार जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। दरअसल, व्यापक बहस के बाद कोर्ट ने पांच सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि फैसले के खिलाफ समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा करीब दो दर्जन याचिकाएं कोर्ट में दाखिल की गई थीं। जिसके चलते भाजपा समेत कई दल इस अनुच्छेद को भारत की एकता के लिये बाधा मानते रहे हैं। कालांतर में पांच अगस्त, 2019 को राष्ट्रपति ने एक आदेश जारी किया था। जिसके बाद संविधान में संशोधन हुआ था। विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद संसद ने राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में बांटने वाला कानून पारित किया।बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को राजनीतिक दल व संगठन राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला बता रहे हैं।

# क्या आपको भी डर नहीं लगता है?

**रेप** हैदराबाद में हुआ है। रेप रांची में हुआ है, रेप दिल्ली में हुआ है, रेप कठुआ में हुआ है, रेप उन्नाव में हुआ है। रेप फलां बच्ची या फलां लड़की के साथ हुआ है। इसी के साथ हम एक लाइन खींच लेते हैं, उनके और अपने बीच। हम वो हैं जिसके घर में ऐसा कुछ नहीं हुआ है और लाइन के उस तरफ वो लोग हैं जिनसे हमें सहानुभूति है, जिनके लिए हमें इंसाफ चाहिए, जिनके लिए हम प्रोटेस्ट करेंगे। इसके साथ ही ये डर हमेशा रहता है कि हम भी कभी भी लाइन के उस तरफ हो सकते हैं। इसलिए, अचानक अपनी बेटियों की चिंता बढ़ जाती है। उसको फोन करते हैं, उसका हालचाल पूछते हैं, और फिर उसकी खैरियत जानकर निश्चित हो जाते हैं। चीजें थोड़ा सा बदल सकती हैं अगर इसके बाद हम बेटों को भी फोन करके हालचाल जान लें। पूछ लें कि वो कहां हैं और फिर इस बात से भी निश्चित हो जाएं कि इस वक्त उसकी वजह से कोई लड़की असुरक्षित नहीं है। जिस तरह ऐसी वारदात किसी के भी साथ हो सकती है, वैसे ही रेपिस्ट्स भी कोई भी हो सकता है। ये किसी दूसरे ग्रह से नहीं आए हैं, हमारे-आपके बीच के लोग ही हैं।

कुछ महीने पुरानी बात है। उस दिन ऑफिस से देर शाम निकले। अंधेरा हो चुका था लेकिन इतनी रात नहीं हुई थी कि मन में किसी तरह का डर हो। ऊपर से ऑफिस से घर के रास्ते पर रोज आते-जाते हैं सो वो अपना रास्ता है और अपने रास्ते पर किसे डर लगता है? हालांकि, उस सो कॉल्ड वीआईपी रोड पर सिर्फ तेज रफ्तार गाड़िया आ-जा रही थीं। रास्ते में एक फ्लाइओवर है जिसके नीचे से मैं रोज गुजरती हूं। उस दिन भी गुजरी। फ्लाइओवर के नीचे घुप्प अंधेरा। डर और सतर्कता के नाम पर मन में इतना ही ख्याल आया कि जल्दी से इस अंधेरे को पार कर लें। बगल से गाड़ियां गुजर रही थीं। फिर एक गाड़ी कुछ ज्यादा ही बगल आ गई। मन में आया 'अरे भाई निकलो न।' फिर गाड़ी वहीं रुक गई। हमने मजे में सोचा, 'अबे किडनैप करने के लिए रोकी है क्या।' फिर मुड़कर देखा। मारुति वैन थी, बॉलिवुड की कहानियां याद आईं और मैं मन ही मन हंस दी, 'सच में किडनैप करने वाली गाड़ी है।' इस हंसी को एक सेकंड भी नहीं हुआ होगा कि होश उड़ गए। गाड़ी में 18-20 साल के कुछ लड़के ही थे। सबकी नजरें मेरी ओर





**-आकांक्षा शर्मा**

> उन्हें खूब सेफ्टी ट्रिक्स सिखाए। लड़कियां भी अब आजाद रहने लगीं लेकिन उस पीढी के लड़कों को सिखाना भूल गए कि आजाद लड़कियों के साथ कैसे रहना है। लड़कियों को विक्टिम बनने से बचाना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी है लड़कों को हैवान बनने से बचाना। जरा सोचिए, क्या इस वक्त आपके सबसे पास जो लड़का है, उसपर आपको भरोसा है कि यह किसी लड़की के लिए खतरा नहीं है?

और हम एक पुल के नीचे अंधेरे में थे। इसके बाद एक लड़के ने पूछा 'कहां छोड़ दूं।' रिफ्लेक्स ऐक्शन में मैं गाड़ी से चार कदम पीछे हटी और फिर तेजी से अंधेरे से बाहर निकली। वहां जो सामने पड़ा उसे रोककर गाड़ी के बारे में बता दिया। हर किसी पर शक और हर सेकंड ये ख्याल कि अब कोई खींचा तब कोई खींचा। एक महिला ने मुझे देखा और मुझे घर तक लिफ्ट दे दी। उस दिन जो हुआ उससे सबक ले लिया कि 'अपने' रास्ते पर भी सतर्क रहना है और जो नहीं हुआ वो कई दिनों तक जहन में रहा। हां, खुद को सेफ रखने के लिए हम इतना ही तो कर सकते हैं कि सतर्क रहें, सूनसान रास्तों पर न जाएं, अनजान लोगों से लिफ्ट न लें, कुछ सेल्फ डिफेंस सीख लें, फोन में लोकेशन शेयरिंग ऐप्स रखें औरङ्क लेकिन कब तक गाड़ी एक ट्रैक पर चलेगी?

उन्हें खूब सेफ्टी ट्रिक्स सिखाए। लड़कियां भी अब आजाद रहने लगीं लेकिन उस पीढी के लड़कों को सिखाना भूल गए कि आजाद लड़कियों के साथ कैसे रहना है। लड़कियों को विक्टिम बनने से बचाना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी है लड़कों को हैवान बनने से बचाना। जरा सोचिए, क्या इस वक्त आपके सबसे पास जो लड़का है, उसपर आपको भरोसा है कि यह किसी लड़की के लिए खतरा नहीं है? कोई भी, आप जब भी इसे पढ़ रहे हैं, उस समय आपके बगल में जो भी है, ऑफिस की बगल वाली कुर्सी पर, टिकट की लाइन में, डाइनिंग टेबल पर, कहीं भी। वो चाहे आपका भाई है, बेटा है, पति है, पड़ोसी है.. क्या आप दावा कर सकते हैं कि इसके आसपास कोई अनजान लड़की सुरक्षित है? (ये उदाहरण इसलिए क्योंकि 40 अपराधी भी किसी न किसी के सगे होते हैं जो उनपर पूरा भरोसा करते हैं।) जरा रुककर सोचिए और जवाब दीजिए। ज्यादातर जवाब या तो 'नहीं' में होगा या आप मौन होंगे। तो हम लड़कियां कैसे खुद को सुरक्षित महसूस करें? कब लड़के भी हमारा साथ देंगे? लड़की को लड़ना सिखाओ, कानून को और कड़ा करो, दोषियों को फांसी दो टाइप बातें करके गेंद को दूसरे के पाले में कब तक डालेंगे आप? ' हां, थक गई हूं अब सतर्क रहने की 'कोशिश' करते-करते। नहीं, मैं हैदराबाद की बात नहीं कर रही हूं। मैं निर्भया के दोषियों की बात भी नहीं कर रही न कठुआ के मुजरिमों की। मैं आपकी बात कर रही हूं। आप जो दोस्त के सेक्सिस्ट जोक पर उसे टोकने की बजाय उसे ताली देते हैं। आप जो जिम्मेदारी के नाम पर बेटों को रुपए-पैसे का लेनदेन सिखाते हैं लेकिन औरतों का सम्मान करना नहीं। आप जो बनारस की मां-बहन की गालियों को वहां की शान कहते हैं। आप जो लड़की के बगल से तेज बाइक निकालने वालों को आगे जाकर नहीं टोकते। हो सकता है कि आपमें कोई बुराई न हो। आपने कभी किसी लड़की को बुरी नजर से न देखा हो। लेकिन आपकी जिम्मेदारी यहीं खत्म नहीं हो जाती है। क्या कभी किसी अकेली लड़की को देखकर उसके पीछे थोड़ा इंतजार किया है उसकी बस आने तक? क्या सूनसान रास्ते पर अनजान लड़की की स्कूटी के पीछे अपनी बाइक स्लो की है उसके घर पहुंच जाने तक? क्या ऑटो में लड़कियों की कमर पर चिकोटी काटने वाले अंकलों को कभी झिड़का है? इतना कुछ होने के बाद हमारे लिए आपपर भरोसा करना कठिन है। क्या आप हमें बिना मदद 'ऑफर' किए हमारी मदद कर सकते हैं? अगर हमारा समाज हमारे लिए सुरक्षित नहीं है तो हम ज्यादा से ज्यादा खुद को इसके लिए तैयार कर सकती हैं। इसे बदल नहीं सकती हैं। आपसे हम अपनी सुरक्षा छीन नहीं सकते, मांग ही सकते हैं। बहुत हो गया अब।

अब आगे बढिए एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए जहां लड़कियां सुरक्षित हों और लड़के खुश रहें। क्या आप नहीं थक गए हैं

### खास बात

## तीन कोस के गोसाईं

**राहुल पाण्डेय**

**शारदानंद** गोसाईं पहले फैजाबाद में रहते थे, अब जिला अयोध्या में रहते हैं। जाति से ब्राह्मण हैं और पैतृक व्यवसाय हींग बेचना है। भारत के लगभग पांच प्रदेशों में गोसाईं ब्राह्मण पाए जाते हैं, जिनमें से ज्यादातर साधु समाज में हैं। शारदा बाबू अवध के गोसाइंयों की उस धारा से हैं, जो साधु की तरह भ्रमण करते हैं लेकिन जिनका भ्रमण क्षेत्र सीमित है। ये लोग अपने जजमानों को हींग देते हैं, जिसके बदले में जिसकी जो श्रद्धा होती है, देता है। शारदा बाबू का भ्रमण क्षेत्र तीन कोस है, यानी नौ किलोमीटर। पहले पैदल ही जजमानों को हींग पहुंचाते थे, चार-पांच साल पहले किसी जजमान ने श्रद्धापूर्वक एक सेकंड हैंड साइकिल भेंट कर दी, तब से साइकिल से चलते हैं। 35 साल से हींग बेचते हैं और बताते हैं कि हिंदुओं की सारी जातियों में सिर्फ गोसाईं ही हींग बेच सकते हैं, कोई और बेचे तो फौजदारी हो जाएगी।

गोसाईं ब्राह्मण आदि गुरु शंकराचार्य ने बनाए थे। कहते हैं कि शंकराचार्य ने धर्म की हानि रोकने के लिए ब्राह्मण समाज के लोगों में से एक नए संप्रदाय की शुरुआत की, जिन्हें गोसाईं कहा गया। शंकराचार्य ने गोसाइंयों में कुल दस उपजातियां बनाईं। इनमें गिरी, पुरी, भारती, अरण्य, वन, पर्वत, सागर, तीर्थ, आश्रम और सरस्वती शामिल हैं। ये बेहद गरीब होते हैं, और इन्हें आरक्षण भी मिलता है। खुद शारदानंद जब जवान हुए तो उनके पास हींग खरीदने को पैसा नहीं था। बताते हैं कि न तो पिता थे और न ही यह समझ बन पाई कि पिता होता क्या है? गांव में किसी ने दया की, कुछ पैसे दिए तो कानपुर से हींग मंगाई। उत्तर प्रदेश में हींग की सबसे बड़ी मंडी कानपुर में है। लाठी में झोला टांगकर पैदल चलते थे। इतनी पूंजी कभी नहीं हो पाई कि तीन कोस का दायरा पार कर सकें। पैंतीस साल के हींग के धंधे में ऐसा समय कभी नहीं आया जब माल की लागत निकली हो। कई बार तो ऐसा हुआ कि कई-कई दिन दूसरों के जानवर चराए तो भोजन का जुगाड़ वहां से हुआ। अभी भी जब पेड़ों से महुआ चूता है तो शारदानंद का मन मचल जाता है। बताते हैं कि जीवन में भरपेट महुआ खाने को नहीं मिला। गोसाइंयों के प्रमुख भगवान शिव हैं।

# संतोष

### धर्म-प्रवाह

**ओशो**

**संतोष** क्या है? यह वहीं व्यक्ति समझ पाएगा जो स्वस्थ, निर्भार, निर्बोझ, ताजा, युवा, कुंआरा अनुभव करता है। अन्यथा तो तुम कभी न समझ पाओगे कि संतोष क्या होता है-यह केवल एक शब्द बना रहेगा। संतोष का अर्थ है : जो कुछ है सुंदर है; यह अनुभूति कि जो कुछ भी है, श्रेष्ठतम है, इससे बेहतर संभव नहीं। एक गहन स्वीकार की अनुभूति है संतोष; संपूर्ण अस्तित्व जैसा है उस के प्रति ''हां' कहने की अनुभूति है संतोष। साधारणतया मन कहता है,''कुछ भी ठीक नहीं है।' साधारणतया मन खोजता ही रहता है शिकायतें- ''यह गलत है, वह गलत है।' साधारणतया मन इनकार करता है: वह ''न' कहने वाला होता है, वह ''नहीं' सरलता से कह देता है। मन के लिए ''हां' कहना बड़ा कठिन है, क्योंकि जब तुम ''हां' कहते हो, तो मन ठहर जाता है; तब मन की कोई जरूरत नहीं होती। क्या तुमने ध्यान दिया है इस बात पर? जब तुम ''नहीं' कहते हो, तो मन आगे और आगे सोच सकता है; क्योंकि ''नहीं' पर अंत नहीं होता। नहीं के आगे कोई पूर्ण-विराम नहीं है। वह तो एक शुरु आत है। ''नहीं' एक शुरु आत है। ''हां' अंत है। संतोष कोई सांत्वना नहीं है- यह स्मरण रहे। मैं बहुत से लोग देखे हैं, जो सोचते हैं कि वे संतुष्ट हैं, क्योंकि वे तसल्ली दे रहे हैं स्वयं को।

नहीं, संतोष सांत्वना नहीं है, सांत्वना एक खोटा सिक्का है। जब तुम सांत्वना देते हो स्वयं को, तो तुम संतुष्ट नहीं होते। वस्तुतः भीतर बहुत गहरा असंतोष होता है। लेकिन तुम आकांक्षा करते हो।

### रोचक ट्वीट

**उज्जैन** दक्षिण विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय डॉक्ट्र मोहन यादव जी को विधायक दल के नेता चुना गया।

मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री होंगें उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।?

**-आशा लकड़ा, भाजपा**

**जैसे** ही अन्तःकरण में ब्रह्म जिज्ञासा की तीव्रता जागृत होती है संपूर्ण सृष्टि में माधुर्य-सौंदर्य,एकत्व,परिपूर्णता आदि दिव्य-अनुभव स्थिर होने लगते हैं ! ईश्वर का विचार शान्ति,आनन्द एवं सरसता प्रदाता है !

**- स्वामी अवघेशानंद गिरी**





**भगवान** बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर आदिम जनजाति समुदाय के लिए 24000 करोड़ रुपए की लागत से पीएम जनमन योजना की शुरूआत ने आदिम जनजाति समूहों में आशा और उत्साह का संचार किया है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

### कार्टून वर्ल्ड



# देश में हर दिन 31 किसान औसतन आत्महत्या कर रहें हैं

### समाज

**आनंद किशोर**

**हाल** में ही जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट से भी खुलासा हुआ है कि 2016 में हर माह 948 यानी रोजाना 31 किसानों ने खुदकुशी की। यह चिंता की बात है कि सरकार आखिरकारइतनी संवेदनहीन क्यों है? एक अनुमान है कि 2014 के बाद 35 हजार किसानों ने आत्महत्या की है। सरकारी रिपोर्ट आत्महत्या के आंकड़े छिपाती है। आंकड़े छिपाने हेतु उन्हें विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर दिया गया है यानी डेटा काउंटिंग का तरीका बदल दिया गया है जैसे किसानों की आत्महत्या के आंकड़ों को बटाईदार, मजदूर तथा अन्य श्रेणी में विभक्त कर दिया गया ताकि किसानों की आत्महत्या संबंधी आंकड़े कम दिखें। आत्महत्या का मूल कारण बाढ़-सुखाड़ से फसल की बर्बादी, उपज का लाभकारी दाम नहीं मिलना, ऋणजाल में फंसते जाना तथा भविष्य की खेती के संकट के साथ उत्पादन के साधनों तथा घरेलू उपयोग की सामग्री की बढती लागत भी है। सरकार स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के आलोक में ड्योढा मूल्य देने की बात तो दूर उस पर चंचा तक नहीं कराना चाहती। दूसरी ओर, सरकार द्वारा तय एमएसपी पर भी कृषि उत्पादों की खरीद नहीं होती, सरकारी खरीद किसानों के साथ मजाक बनी हुई है। किसानों के ऋणमुक्ति की बात नहीं होती, ऋणमुक्ति के विरोध में सारे अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ तथा ब्यूरोक्रेसी एकजुट खड़े हो जाते हैं, जबकि किसानों से छोटे ऋण की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई के लिए सरकार खड़ी रहती है। उद्योगपतियों के ऋण एनपीए हो रहे हैं तथा कुछ लोग बैंकों से हजारों करोड़ लेकर फरार हो चुके हैं। बावजूद उद्योगपतियों को पुनः ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार बैंकों को पुर्निवत्त की सुविधा प्रदान दे रही है। किसान संगठनों ने ''ऋणमुक्ति तथा ड्योढ़ा दाम', दोनों मुद्दों के साथ अन्य समस्याओं जैसे भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 पर सख्ती से अमल करने, वन कानून के तहत आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा देने तथा विस्थापन पर रोक लगाने, पुनर्वास तथा नदी जल प्रबंधन जैसे महत्त्वपूर्ण साधनों का विनाश रोकने तथा सिंचाई की व्यवस्था, सभी ग्रामीणों को दस हजार रुपये मासिक पेंशन तय करने, मुक्त व्यापार संधियों से खेती को मुक्त रखने, खेतिहर मजदूर तथा बटाईदार किसानों के हक में समग्र कानून बनाने,फसल बीमा तथा आपदा मुआवजे की त्वरित भुगतान प्रकिया में सुधार, जम्मू-कश्मीर के किसानों के नुकसान की भरपाई करने, पराली तथा पत्ती के उपयोग के लिए किसानों को सहयोग देने तथा कॉरपोरेट लूट के खिलाफ तथा गन्ना को वाजिब मूल्य, गन्ना मूल्य के बकाये के भुगतान, तटबंधों से विनाश सहित अन्य ज्वलंत सवालों पर व्यापक चर्चा कर उन्हें एजेन्डा में जोड़कर गांवों से जुड़ने तथा किसान हित में आंदोलन तेज कर सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति बनाई है। हार्टीकल्चर पर भी केसीसी देने तथा दूध, सब्जियों तथा हार्टीकल्चर का भी एमएसपी तय किये जाने की मांग की जा रही है। किसानों को आरसीईपी की तलवार खेती पर लटकने की चिंता है। खेती अभी प्रतियोगी नही है इसे पर्याप्त सहयोग की जरूरत है अगर आरसीईपी को खेती से जोडा जायगा तो खेतिहरों का विनाश तय है। उधर, ''किसान सम्मान योजना' से भी किसानों को भ्रम टूट रहा है, किसान इसे अपर्याप्त तथा ''ऊंट के मुंह में जीरा' की तरह मान रहे है। कृषि आय दुगुनी करने की सरकारी घोषणा की दिशा में कुछ नहीं दिखता। लगता है यह घोषणा भी जुमला बनकर रह जायेगा। अभी कुछ दिन पहले केन्द्र सरकार ने गन्ना के उचित एवं लाभकारी मूल्य तय करने के नाम पर एक रुपया नहीं बढ़ाया है।

### लेटर टू एडिटर

## बच्चों का विकास

**बच्चों** के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है कि वह अपने दोस्तों के साथ खेलें। बच्चों को पार्क और मैदानों में खेलने के लिए लेकर जाएं। साथ ही बच्चों को उन सभी खेलों की जानकारी दें, जो वह बचपन मे खेला करते थे। निश्चित तौर पर समाज में बच्चों को लेकर भी संकीर्णता बढ़ती जा रही है।हमें एक बड़ा और सहयोगी समाज बनाने के लिए खेल को बढ़ावा देना चाहिए।

**-सोनाली, गढ़वा**

## असमान वितरण

दक्षिण भारत के बेंगलुरू में सबसे ज्यादा 7,700 करोड़पति हैं। मामले में चेन्नई 6,600 करोड़पतियों के साथ दूसरे स्थान पर है। ऐसी रोचक स्थिति के लिए बुजुगरे की बढ़ती आबादी को एक बहुत बड़ा कारण माना जा सकता है। कहा जा सकता है कि भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव एक बड़े संकट की ओर इशारा कर रहा है, लेकिन इसका दूरगामी प्रभाव पड़ने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**- रविकांत सिंह, रांची**

# काले धन पर कड़ा कानून ने होने का लाभ

### सामयिक

**एम शर्मा**

हाल के दिनों में उन खबरों ने आम आदमी को विचलित किया, जब एक कारोबारी राज्यसभा सांसद के यहां आयकर छापे में अरबों रुपये के नोटों का अंबार मिला। खबरें आई कि नोट गिनने वाली मशीनें नोट गिनते-गिनते थककर खराब हो गई। थैलों में नोट न आए तो बोरों में भरा गया। मीडियों में नोटों से भरी अलमारियां हैरान-परेशान करती रही हैं कि कोई कैसे इतनी अकूत संपत्ति जुटा लेता है। हमारी आर्थिक अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसियां क्यों तब खामोश थीं जब संसाधनों की लूट-खसोट जारी थी। सवाल यह भी कि कहीं ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा चुनाव प्रक्रिया के आसपास राजनीतिक लाभ के लिये तो नहीं होता? यह भी कि यह खुलासा विपक्षी राजनेताओं व उनके करीबियों के बाबत ही क्यों होता है? क्या सत्तारूढ़ दल समर्थक कारोबारी राजनेताओं की संपन्नता पाक-साफ ही है? साथ ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे लोग जब सत्ता की धारा में डुबकी लगा लेते हैं तो क्या वे पाक-साफ हो जाते हैं? बहरहाल, नोटों का अंबार ये तो बता देता है कि राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहे कारोबारी राजनेता कितनी आसानी से कम समय में अकूत धन-संपदा जुटा लेते हैं? बताते हैं कि कांग्रेस के जरिये सांसद बनने वाले धीरज साहू ने 2018 में राज्यसभा का सदस्य बनने के हलफनामे में अपनी संपत्ति 34 करोड़ के करीब बतायी थी। तो आखिर कैसे महज पांच साल में संपत्ति तीन सौ करोड़ पार कर गई?

बहरहाल, यह घटना बताती है कि कैसे देश की राजनीति दागियों की कमाई के लिये कामधेनु बन गई है। बताते हैं कि आरोपी राज्यसभा सांसद ने दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और हार गया था। फिर राज्यसभा के जरिये संसद पहुंचने की तिकड़में की। जाहिर है, धनबल भी उसका एक जरिया रहा होगा। ऐसा भी नहीं है कि भारी मात्रा में नकदी बरामदगी की यह पहली घटना हो। अतीत में सुखराम प्रकरण सुर्खियों में रहा। पश्चिम बंगाल में एक शिक्षामंत्री की सहयोगी महिला मित्र के यहां से पचास करोड़ की नकदी व अन्य संपत्ति बरामद हुई थी। कहा गया था कि ये राशि शिक्षा भर्ती घोटाले से जुटाई गई थी। अकसर चुनाव के दौरान चुनाव आयोग की सख्ती से कई राजनेताओं के यहां से करोड़ों रुपये की बरामदगी की खबरें आती रहती हैं। राजनेता ही नहीं, कई नौकरशाहों के यहां से भारी मात्रा में नकदी व अचल संपत्ति के कागज बरामद होने की भी खबरें सुनी जाती रही हैं। झारखंड में एक महिला आईएएस अधिकारी के यहां से सत्रह करोड़ की नकदी बरामदगी की खबर भी चर्चा में रही है।

ये घटनाएं बताती हैं कि जिन राजनेताओं व नौकरशाहों पर सामाजिक न्याय व गरीबों के कल्याण की जवाबदेही थी, कैसे वे कदाचार का सहारा लेकर अपना घर भरने में लग जाते हैं। इन घटनाक्रमों से यह समझना भी कठिन नहीं है कि कैसे हमारे जनप्रतिनिधि चुने जाने के कुछ समय बाद ही करोड़ों में खेलने लगते हैं। यह भी कि हमारे लोकतंत्र में धनबल व भ्रष्टाचार कितने गहरे तक अपनी पैठ बना चुका है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज़

## जल्द आवेदन निष्पादित करें : मुखिया



**कुजू।** कुजू पूर्वी व दक्षिणी पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया। बीडीओ संजय कोनगाडी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी योजना आप सभी जनता के लिए है। इस योजना का सीधा लाभ ले। सीओ ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाएं है। जिसकी जानकारी स्टॉल पर जाकर स्वंय ले और इसका लाभ उठाएं। मुखिया राकेश कुमार ने प्रशासन से विभिन्न मामलों में मिले आवेदन का निष्पादन जल्द करने की अपील किया। छात्रों के बीच साइकिल खरीदने के लिए 4500 रुपए का चेक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, जेएसएलपीएस से 14 महिला समूह के बीच 61 लाख रुपये का चेक, आंगनबाड़ी बच्चों के बीच स्वेटर, मनरेगा योजना के लाभुकों को कूप का स्वीकृति पत्र तथा जॉब कार्ड वितरित किया। मौके पर ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, सरिता सहाय, मीणा अग्रवाल, रेखा देवी, कुमारी नीलम, सन्तोष कुमार, गीता देवी,वंदन भुइयां, मीना कुमारी, कोलेश्वर महतो समेत कई लोग मौजूद रहे।

## रामगढ़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**रामगढ़।** समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में बुधवार को पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा मुखिया के ग्राम पंचायत योजना अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत डीपीएम, पंचायती राज कार्यालय चंचल स्वर्ण लिंडा, कार्यालय सहायक उमेश साव, बीपीआरओ संदीप कुमार सहित अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रखंड समन्वयक विक्की नायक ने बताया कि प्रशिक्षण 13 और 14 दिसंबर को चितरपुर, दुलमी एवं पतरातू प्रखंड के लिए आयोजित है तथा 15 एवं एवं 16 दिसंबर को मांडू, गोला एवं रामगढ़ प्रखंड हेतु आयोजित किया जाएगा। यदि कोई प्रतिभागी किसी कारणवश आज उपस्थित नहीं हो सके हैं तो वह अगले निर्धारित दिनों पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## श्रीश्री हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा रेलवे स्टेशन भदानीनगर में बुधवार को श्रीश्री हनुमान मंदिर का 23वां वार्षिकोत्सव पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना कर की गई। इसके बाद अखंड कीर्तन हवन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित उदय पांडे द्वारा संपन्न कराए गए। संध्या आरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें दर्जनों लोगों ने प्रसाद पाया। पूजा-अर्चना के दौरान जय बजरंग बली, हर हर महादेव, हरे राम-हरे कृष्ण आदि भक्ति जयकारों से भदानीनगर क्षेत्र गूंजता रहा। वार्षिकोत्सव को लेकर रंगरोगन व मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में पुजारी उदय पांडेय, नेपाली ओझा, जयष्वर महतो, विपिन कुमार, नितेश ओझा, पंकज पांडेय, विद्यासागर ओझा, प्रकाश कुमार, राजेश साव, भीम महतो, रत्नेश गिरी, प्रिंस, रवि, विजय यादव, नारायण साहू, पंकज पांडे, बिपिन, नितेश ओझा, सुरेंद्र, लकी ओझा, कृपाल शर्मा, अक्षय, शुभम, विकास, राजेश गिरी, उदय पांडे, बादल आदि का विशेष योगदान रहा।

## रजरप्पा : शिविर में लगे कई स्टॉल



रजरप्पा।चितरपुर प्रखंड के मारंगमरचा पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ दीपक मिंज, मुखिया बसंती देवी, बीस सूत्री सदस्य उत्तम पटवा, पंसस लीलावती देवी, उप मुखिया मीरा कुमारी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। शिविर में अबुआ आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। आयोजित शिविर के दौरान अथितियों ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, चेक आदि का वितरण किया। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का स्वागत पौधा देकर किया गया. कार्यक्रम का संचालन बीपीआरओ ब्रह्मनंद पाठक ने किया. मौके पर पंचायत सेवक नेमचंद करमाली, सोभिक मंडल, विनोद करमाली, रवि कुमार, अजय मरांडी, वरुण कुमार, युगेश कुमार, नागेश्वर महतो, आशीष अनमोल एक्का, नाजिर योगेश गुप्ता, प्रखंड समन्वयक कमल साव, विक्की नायक, आत्मा के चंद्रमोली सिंह, एटीएम निरंजय कुमार, रोजगार सेवक महेंन्द्र नायक, एकरामुल हक, प्रसादी महतो, शत्रुधन सिन्हा, दीपक गुप्ता, कपूर राम, लेखा टंकक सूरज कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर

# एसपी ने की मासिक अपराध गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**नये वर्ष में पिकनिक स्पॉट पर विशेष बल की तैनाती करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया**



**बरही।** हजारीबाग एसपी चोथे मनोज रतन ने बरही के जवाहर घाट फारेस्ट गेस्ट हाउस में जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की बैठक करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया।

उन्होंने नए वर्ष के आगमन को लेकर पिकनिक स्पॉट पर विशेष बल की तैनाती करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया।साथ ही जिले में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। बैठक में फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने, लंबित मामलों का निष्पादन करने, नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाने सहित कई दिशा निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिए गए। साथ ही नव वर्ष के आगमन को लेकर खास चौकसी बरते जाने की बात कही गई। कहा कि पिकनिक स्पॉट पर पुलिस संवेदनशील रहे और नजर बनाए रखे। इसके अलावा उन्होंने नशाखोरी के विभिन्न पदार्थ जैसे कोरेक्स, व्हाइटनर, आदि की अवैध खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया। महिला प्रताड़ना एवं हिंसा, पोक्सो एक्ट से संबंधित तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने को लेकर निर्देशित किया गया है। इसके अलावा बरही चौक पर लगातार लग रहे जाम को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए बरही थाना प्रभारी व ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया गया है। इस दौरान एसपी सहित पुलिस पदाधिकारियों ने नौकायान का लुत्फ उठाया।

बैठक में बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, डीएसपी सदर महेश प्रजापति, बड़कागांव एसडीपीओ अनुज उरांव, मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी अनुराग भारद्वाज के अलावा हजारीबाग सदर इंस्पेक्टर ललित कुमार, बरही इंस्पेक्टर रोहित सिंह, विष्णुगढ़ प्रभारी रामनारायण सिंह, गोरहर प्रभारी शशि भूषण, चलकुशा प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय, बड़कागांव प्रभारी बिनोद तिर्की, केरेडारी प्रभारी नयल गोडविल केरकेट्टा, कटकमदाग प्रभारी डीके प्रजापति, टाटीझरिया प्रभारी आनंद आजाद, दारू प्रभारी अमित कुमार, चरही प्रभारी विक्रम कुमार सहित जिले पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बरही में बदसलूकी को ले उपभोक्ताओं ने एसडीओ कार्यालय का किया घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के कोनरा पंचायत के साकरी मोहल्ला में ट्रांसफर्मर द्वारा शार्ट सर्किट के कारण कई घरों टीवी, फ्रिज के जलने के अलावे कई बल्ब फ्यूज हो गए। साथ ही बड़ी दुर्घटना होने से लोग बच गए। इस बात की जानकारी पंचायत के उपमुखिया मो इजहार ने दी। घटना के बाद आक्रोशित महिलाएं एवं पुरुष गोलबंद होकर बिजली विभाग के एसडीओ कार्यालय का घेराव करने पहुंचे, जहां प्रभावित लोगों की माने तो शॉर्ट सर्किट के बाद पुनः विभाग के मिस्त्री महबूब आलम एवं मो सेराज ने उपभोक्ताओ के लाइन को जोड़कर बिजली चालू कर दिया गया। बावजूद बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने महिलाओं के साथ बदसलूकी करते हुए जबरदस्ती मीटर खोल कर ले गए व स्थानीय थाना में नामजद लोगों पर मुकदमा करने की बात कही गयी। इस बात को लेकर लोगों ने थाना प्रभारी के नाम लिखित ज्ञापन देते हुए कहा कि विभाग द्वारा दिये गए नामजद अभियुक्तों पर प्राथमिकी नहीं किया जाये एवं मामले की जांच करते हुए उचित करवाई किया जाये। विभाग के जेई अभिषेक आनंद ने बताया कि साकरी मोहल्ला के लगभग सभी घरों में हीटर एवं मोटर का उपयोग किया जाता है, इसके बावजूद उनका मीटर रीडिंग 20 या 15 यूनिट के लगभग आता है। उन्होंने बताया कि पिछले महीने लोगो को हिदायत दिया गया था कि बिजली का दुरुपयोग नही करे परन्तु सूचना देने के बावजूद उपभोक्ताओं के द्वारा निर्देश का पालन नही किया गया। जिसके तहत मजबूर होकर उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ कोई बदतमीजी या बदसलूकी नही किया गया।ये आरोप उनके द्वारा स्वयं को कानून से बचने के लिए एक बेबुनियाद आरोप है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, उपमुखिया मो इजहार, कोनरा पंचायत, मो मासूम, मो असलम, मो नसीम, मो सोनू, मो खजमुद्दीन, नईम, नदीम, नसीम, सबाना प्रवीण, सलिया खातून, सब्बा खातून, सईदा खातून, बिलकिस जहाँ, रकीबा खातून, सकीना खातून मौजूद थे।

## केरेडारी में बिरहोरों को मिला कंबल

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के चट्टीबरियातु पंचायत के पगार गांव के बिरहोर टोला में रह रहे सभी बिरहोर परिवारों को प्रमुख सुनीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो, बीडीओ अमित कुमार, मुखिया झरीलाल महतो ने 40 कंबल और बिरहोर बच्चों के बीच बिस्कुट समेत कई खाने का सामग्रियों भी वितरण किया गया। बीडीओ ने बिरहोर परिवार को ठंड से बचने के लिए कहा। कहा कि बिरहोर परिवारों को सरकार की ओर से दिए गए हर सुविधा मुहैया कराया जाता रहेगा। इस मौके पर बीपीओ सुमन कुमार, पंसस अनिता देवी, बेलतु मुखिया जितनी देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, सलामत मियां, महेंद्र रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वेटर का किया वितरण



**बरही ।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र धनवार व लठिया में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व महिला समाजसेवी ममता देवी ने संयुक्तरूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वेटर वितरण किया।मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार की ओर से बच्चों के लिए यह अच्छी पहल है,जिसमे मौसम में बदलाव के साथ बच्चों में बीमारियों का आक्रमण शुरू हो जाता है। जिसके बचाव के लिए छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड में परेशानी नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि अधिकांश बच्चे गरीब परिवार से हैं और उन्हें सरकार की ओर से मिली मदद से काफी लाभ होगा। समाजसेवी ममता देवी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहीं कि बच्चे नियमित साफ ड्रेस स्वेटर एवं बैग लेकर आंगनबाड़ी केंद्र जरूर आए और शिक्षा ग्रहण करें। शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है।शिक्षा से ही हम अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला समाजसेवी ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी सहित अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिगवार में कैश और जेवरात चोरी

**कुजू।** दिगवार निवासी प्रमोद कुमार के आवास में बुधवार रात चोरों ने घर में घुसकर नगदी समेत कई कीमती जेवरातों की चोरी की। प्रमोद कुमार ने पुलिस को सूचना दी ।प्रमोद कुमार ने बताया रात में खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरे में सो गए। इस बीच रात्रि करीब एक बजे चोर छत की ओर से प्रवेश किए। फिर जिस कमरे में कोई नहीं सोया था उसमें घुसकर अलमारी को खोलते हुए करीब 30 हजार रुपए एवं चांदी का तीन जोड़ा पायल, सोने का झुमका, नथनी आदि चुरा ले गए। भुक्तभोगी परिवार ने पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर में साइबर सुरक्षा की दी गयी जानकारी

**बरही।** साइबर सिक्योरिटी अभियान को आगे बढ़ाते हुए सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की टीम बुधवार को भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की अगुवाई में विद्यालय के 8वीं से 10वीं तक के 250 भैया बहनों को साईबर फ्रॉड और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि आजकल साइबर क्राइम करने वाले सोशल मीडिया से फोटो डाउनलोड करके उसे एडिट करके ब्लैकमेलिंग भी करते है, ऐसे में हम सभी को अपना निजी फोटो की सोशल मीडिया या प्रोफाइल में लगाने से बचाना चाहिए। इसके अलावा किसी भी प्रकार के भुगतान या लॉन के नाम ओटीपी शेयर अथवा अन्य जानकारी किसी को नहीं देनी चाहिए। यह भी बताया गया कि आज कल साइबर ठग लिंक शेयर करके हमारे सिस्टम को हैक करवाते है फिर अपने अनुसार हमारे सिस्टम को ऑपरेट करते है। हमारा सारा गुप्त कोड उन्हे मालूम हो जाता है और हम ठगी के शिकार हो जाते है। ऐसे में अनवांटेड लिंक को कभी भी क्लिक नही करना चाहिए अन्यथा हम अपनी बबार्दी का कारण स्वयं बन जाते है। इस कार्यक्रम में केंद्र के पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो सहित विद्यालय के आचार्य और आचार्या ने महती भूमिका निभाई।

## 75 प्रतिशत स्थानीयों को रोजगार दे प्रबंधन : संजय मिश्रा




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक बुधवार को सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने की। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा उपस्थित थें। संजय मिश्रा ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा नियम को ताख पर रखकर पोड्क्शन किया जा रहा है। उत्पादन के दौरान बरका-सयाल क्षेत्र के सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा माईनिंग सेफ्टी का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता है। यहां कार्य कर रहे मजदूरों का जान जोखिम में डाल कर कोयला उत्पादन किया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के फैसले के अनुसार आउटसोर्सिंग माइनिंग कंपनी में 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगार को रोजगार देने के नियम को भी दरकिनार किया जा रहा है। साथ ही मजदूरों से 8 घंटे के बदले 12 घंटा काम लिया जा रहा है। जिसे हमारी यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा की अधिकांश कामगार की हजारी फॉर्म डी में नहीं बनाई जा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की विभिन्न मांगों को लेकर सयाल परियोजना कार्यालय के समक्ष 28 दिसंबर को यूनियन द्वारा एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। मौके पर विनोद कुमार, गुरुदयाल ठाकुर, रणवीर साव, विकास कांत सिन्हा, शैलेंद्र सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, शंकर सिंह, अंजन दास, अनिल राय, सुदेश्वर साव व अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं: निशि पांडेय

**भाजमो महासचिव ने अनाथ बच्ची अवनीत कौर की पढ़ाई के लिए दिया आर्थिक मदद**





भुरकुंडा (रामगढ़)। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी सह भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय अपने सामाजिक दात्यिवों को ईमानदारी पूर्वक निभाती रही हैं। यही कारण है की क्षेत्रवासियों के बीच उनकी एक अलग पहचान बनती जा रही है। समाजसेवा हो या गरीब-जरूरतमंदों की मदद करना निशि पांडेय कभी पीछे नहीं हटतीं। इसी कड़ी में समाजसेवी निशि पांडेय ने पटेलनगर भुरकुंडा निवासी स्व. मनदीप सिंह धामी और गुरजीत कौर धामी की पुत्री अवनीत कौर धामी के पढ़ाई में आर्थिक सहयेग कर उनकी तकलीफ बांटने का काम की हैं। अवनीत कौर धामी पावन क्रूस स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा में कक्षा तीसरी की छात्रा है। पिता के गुजर जाने के बाद अवनीत कौर धामी की माता गुरजीत कौर धामी को बच्ची को पढ़ाने-लिखाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

जानकारी मिलने के बाद समाजसेवी निशि पांडेय ने पावन क्रूस स्कूल प्रबंधन से मुलाकात कर वार्ता की। वार्ता में सारी वस्तु-स्थिति से अवगत कराते हुए बच्ची का 50 प्रतिशत फीस माफ कराने का कार्य निशि पांडेय ने किया। साथ ही बाकी बचे हुए 50 प्रतिशत फीस उन्होंने अपनी ओर से जमा किया। इतना ही नहीं निशि पांडेय ने बच्ची के पढ़ाई में कक्षा 12वीं तक का 50 प्रतिशत फीस स्वयं वहन करने की भी बात बच्ची के मां से कही। निशि पांडेय के इस सहयोग से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। लोग कह रहे हैं कि अब अवनीत 12वीं तक की निःशुल्क पढ़ाई कर पाएगी। पांडेय ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य तो होता ही है, यही इंसानियत व मानव धर्म भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं होता। अगर एक बच्ची शिक्षित होती है तो समझो दो परिवार शिक्षित होता है। उन्होंने अवनीत कौर धामी को आगे भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है, ताकि बच्ची पढ़-लिखकर अपना भविष्य संवार सके। निशि पांडेय के इस सहयोग के लिए पूरे धामी परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके प्रति आभार जताया है। क्षेत्रवासियों ने समाजसेवी निशि पांडेय के कार्यों से प्रेरित होकर उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि सबों के अंदर इतनी सेवाभावना जागृत हो जाये तो किसी बच्ची व बच्चे का पढ़ाई गरीबी के अभाव में बाधित नहीं होगा।

एक नजर में

## सदर थाना प्रभारी से मिले डॉ भागवत



इचाक।अनुसूचित जाति आयोग संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ भागवत राव अंबेडकर ने सदर थाना प्रभारी और सदर अंचल निरीक्षक से बुके और मेमोंटो देकर मुलाकात किया। मुलाकात का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग जिला में दिन प्रतिदिन हो रहे दलितों आदिवासियों मुलनिवासियों के ऊपर अत्याचार शोषण मामलों को लेकर जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित थाना में एससी एसटी एक्ट के मामलों के ऊपर अभी तक क्या प्रोग्रेस रिपोर्ट हैं उस बात को लेकर सभी थानों का भ्रमण प्रारंभ कर दिया है आज दिनांक 13/12/23 को अनुसूचित जाति आयोग संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ भागवत राव अंबेडकर ने सदर थाना प्रभारी मा ललित कुमार से मुलाकात किए। मुलाकात के दरम्यान बताया गया कि सदर थाना हजारीबाग में एससी / एसटी एक्ट के सारे निलंबित एफआईआर जो दर्ज कराई गई है उन सभी मामलों को त्वरित कार्रवाई करें । थाना प्रभारी महोदय ने केंद्रीय अध्यक्ष को आश्वासन दिया है कि अभी तक जो भी मामला मेरे समक्ष आई है उन पर त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। बाकी जो मामला निलंबित हैं। उन सभी मामलों को भी ध्यान रख रहें हैं ।

## इचाक में दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**इचाक।** प्रखंड मुख्यालय मे सूचना तकनीकी भवन में कृषि आत्मा हजारीबाग के द्वारा जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण आज समापन की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार के द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेणु देवी थि विषय जैविक सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने को लेकर एग्रीकल्चर एक्सटेंशन कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों को ट्रेनिंग दी गई एवं वर्मी कंपोस्ट और फसल चक्र अपनाने , प्राकृतिक रूप से बीजों को संरक्षित एवं उन्नत तरीके से नर्सरी तैयार करने को लेकर जानकारी दी गई । वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि बताई गई इस प्रशिक्षण में लाइवलीहुड के एक्सपर्ट जय मंगल सर, शिवम कुमार , अर्णव कुमार , एव विजय कुमार के द्वारा दिया गया। मुख्य रूप से ग्रीन एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष अशोक मेहता , प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पुष्पा कुमारी, प्रखंड कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता, पूर्व उपमुखिया नरेश मेहता हादरी, किसान मित्र सीताराम मेहता रामजय मेहता पुष्पा देवी शिव शंकर कुमार उदय पासवान मुरलीधर मेहता एवं महिला किसान गण मीना देवी एवं सैकड़ों किसान उपस्थित हुए।

## झरपो में आपकी योजना आपके द्वार शिविर

**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना,आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, जिला कल्याण पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, 20सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह,पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी, जीप सदस्य रामप्रसाद ,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि , पंसस सह उपप्रमुख रवि वर्नवाल , वार्ड सदस्य रवि यादव,केदार गौरव,संगीता देवी, के संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम में मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, अबूआ आवास योजना, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन विभाग, राजस्व विभाग, खाद्यापूर्ति विभाग, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली आपूर्ति विभाग समेत अन्य कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। कई योग्य लाभुको के बीच धोती साड़ी वितरित किया गया। मौके बिपिओ अफरोज अख्तर, एमओ आलोक कुमार, जेई शशांक भूषण समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**बरकट्ठा ।** बरकट्ठा सोनार मुहल्ले में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच पांच लोग घायल हो गए। पांचों के सिर में चोट लगी है। घायलों में पवन सोनी पंकज सोनी पिता जीवलाल सोनार और उसकी मां सावित्री देवी ग्राम बरकट्ठा, मेहीलाल पिता रामेश्वर साव, विकास सोनी पिता मेहीलाल साव, शिवप्रसाद को सिर में चोट लगी है। सीएचसी बरकट्ठा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस 108 से हजारीबाग रेफर किया गया। वहीं मारपीट में किरण देवी पति स्व रामचंद्र सोनार, बरकट्ठा और नीलिमा देवी पति मेहीलाल साव, फुसरो निवासी को भी चोट लगी है।

## कटकमसांडी : शिविर में जमा हुए 713 आवेदन

**कटकमसांडी।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पंचायत भवन में आयोजित आपकी योजना आपके द्वार आपकी सरकार कार्यक्रम में लाभ प्राप्ति के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज, बीडीओ वेदवंती कुमारी, सीओ अनिल कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय व बीसीईओ शौकत सरवर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ ने राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में मौजूद होकर सरकारी लाभ लेने के लिए लोगों से अपील की। उन्होने कहा कि अपने अपने जरूरत के मुताबिक आवेदन कर शिविर का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में सैकड़ो जरुरतमंद लोगों ने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की लाभ प्राप्ति के लिए शिविर में कुल 713 आवेदन जमा किए, जिसमें कई आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। बीपीएल परिवारों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी धोती व असहाय वृद्धों के बीच कंबल व किशोरियों के बीच चेक का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने मे टीवीओ मो. मजहरुल हसन, बीएओ अनिराम महतो, बीटीएम अनिकेत टुडुवार, 15 वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक बिट्टू वर्मा, बीडब्ल्यूओ रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, एमटीएस सुरेंद्र कुमार, सन्नी कैंडुलना, जिप प्रतिनिधि कारू राम, विधायक कार्यालय प्रभारी लेखराज यादव, पंसस राजेश ठाकुर, मिथिलेश राणा वार्ड सदस्य आसिफ खान, सहिया साथी, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, प्रखंड सह अंचल व स्वास्थ्यकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बड़कागांव : भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**बड़कागांव।** भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो द्वारा वर्तमान भाजयुमो अध्यक्ष विजय यादव की जगह भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बादम निवासी नितेश कुमार को नियुक्त किया है एवं विजय यादव को मंडल मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी हित एवं संगठन की मजबूती हेतु कुछ लोगों को उनके कार्य क्षमता के अनुसार कुछ पदों पर नियुक्ति कर रहा हूं जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा एवं आशा करते हैं कि वे अपने दायित्व एवं कर्तव्य को निभाने में सफल होंगे एवं पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे ।

## बादम पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी गठित

**बड़कागांव।** इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज की उपस्थिति में बादम पंचायत कोर कमेटी का गठन किया गया। पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव,उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी,सचिव उमाशंकर कुमार,कोषाध्यक्ष गोविंद महतो,मीडिया प्रभारी विक्रम प्रसाद गुप्ता का बनाया गया। अंकित राज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में कांग्रेस कमेटी का गठन किया जा रहा है. पंचायत कमेटी पंचायत के अंतर्गत आनेवाले सभी गांवों में बैठक कर कांग्रेस पार्टी के विचारों को उनके समक्ष रखेंगे। कांग्रेस पार्टी ही बड़काकागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी गरीब, दबे कुचले लोगों को उत्थान कर सकती है. विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जो भी समस्या हो सीधे विधायक से मिलकर अपनी बात को रख सकते हैं उसे दूर करने का कार्य किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश महतो, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार , शमशेर आलम, काशीनाथ साव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मोतियाबिंद शिविर आज

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला और जिला अंधापन निवारण समिति ने दो दिवसीय नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 14 दिसंबर को लायंस क्लब आई हॉस्पिटल में रखा गया है। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ नवल टीम रोगियों का इलाज करेंगे। शिविर नि:शुल्क है। मरीजों से अपील की है कि वे अपने साथ आधार कार्ड का छाया प्रति लेकर आये। जानकारी अशोक जासवाल ने दी।

### स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

**गुमला।** बढ़ती ठंड व चल रही शीतलहरी को देख चेंबर ऑफ कामर्स के उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने उपायुक्त से स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग की है। साथ ही जरूरत पड़ने पर कुछ दिनों के लिए स्कूलों में अवकाश देने की मांग की है। क्योंकि ऐसी ठंड से बच्चों के स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। साथ ही प्रशासन से अनुरोध किया कि बिना विलंब किए शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करें।

### उज्जवला योजना : महिलाओं के बीच भाजपा नेत्री ने बांटे गैस सिलेंडर-चूल्हे



**गुमला।** भाजपा नेत्री शकुंतला उरांव ने बुधवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में शहरी क्षेत्र के महिलाओं के बीच उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हा बांटा। भारत गैस एजेंसी ने लाभुकों को गैस दिये। शकुंतला उरांव ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं को धुआं रहित जीवन यापन के लिए उज्ज्वला योजना चलाकर महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम कदम उठाया है। उनका संकल्प या गारंटी आज करोड़ों महिलाओं को लाभ दिला रहा है।

### गोपीनाथ सिंह और बोनीफास कुजूर बने आजसू के केंद्रीय सचिव, दी बधाई

**गुमला।** आजसू के केंद्रीय समिति के गठन में गुमला जिले से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं में से आठ लोगों को केंद्रीय समिति में जगह दी गयी। जिनमें डॉ देवशरण भगत, गोपीनाथ सिंह, दुर्गा साहू, बोनीफास कुजूर, प्रमोद खलखो, जीवंती एक्का, सुनील कुल्लू और सतीश नायक शामिल हैं। गोपीनाथ और बोनीफास केंद्रीय सचिव बनाये गये। केंद्रीय समिति में शामिल होने पर गुमला जिला के तमाम कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी। जिनमें जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, तुलसी साहू, अजय भगत मोती, देवेंद्र खेरवार, फगुआ साहू, गोलू श्रीवास्तव, मेघनाथ साहू, मिन्हाज खान, राहत अफजा, किरण सिंह, आमिर खान हैं।

### उत्पाद विभाग ने शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान



**चैनपुर।** उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को चैनपुर मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अवैध महुआ शराब की बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। वहीं कई घरों से सैंकड़ों लीटर महुआ शराब को जब्त कर तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। उत्पाद विभाग की टीम सबसे पहले चैनपुर के बुटबारी बस्ती पंहुची। जहां पर घरों में छापामारी करते हुए महुआ शराब को जब्त किया। जिसके बाद चर्च रोड, ब्लाक मोड़ सहित कई जगहों पर छापामारी करते हुए सैकड़ों लीटर महुआ शराब को जब्त कर लिया। उत्पाद दरोगा मंजूर आलम ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान जारी रहेगा।

### चैनपुर के छिछवानी में हुआ कार्यक्रम



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के छिछवानी पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। इसमें अबुआ आवास, मनरेगा कृषि एवं पशुपलन सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य सभी विभागो के द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। मौके पर बीडीओ चैनपुर डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि विभागों की योजनाओं का लाभ उठायें और अपना जीविका के साधन को बढ़ाने के लिए केसीसी के लिए आवेदन करें। मौके पर परिसंपतियां बांटी गयीं। मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, आवास समन्वय कमलेश बारला, राजेंद्र तिर्की, बाल विकास विभाग कवेरी, कल्याण पदाधिकारी हुलेस प्रसाद, पशुपालन पदाधिकारी धर्म रक्षित विधार्थी, उद्योग विभाग, समन्वयक बिमला कुमारी, श्रम विभाग सरस्वती देवी उपस्थित थे।

### रुकी गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



**घाघरा।** प्रखंड के रुकी गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये। इस क्रम में आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों ने आवेदन भर जमा किया। आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। आप आवश्यकतानुसार आवेदन भरें। प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सरकार के इस कार्यक्रम का लोग लाभ उठाएं और महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित हो। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उसपर तत्वरित कार्रवाई होगी।

# कमल किशोर भगत जनता की आवाज थे : नीरू शांति भगत

- 17 दिसंबर को स्व कमल किशोर भगत की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पहुंचेंगे आजसू सुप्रीमो सहित आजसू के कई दिग्गज नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जीता आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय, ब्लॉक मोड में आजसू पार्टी ने स्वागत समारोह सह बैठक का आयोजन किया। बैठक में पुराने नेताओं एवं कार्यकर्ता जिन्होंने घर वापसी की है एवं नए सदस्यों के आगमन पर स्वागत किया गया। सभी को माला एवं आजसू पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं। कमल किशोर भगत ने भी एक आम कार्यकर्ता से इस पार्टी की शुरूआत की थी और जनता की आवाज बनकर उभरे थे। जिसका परिणाम था कि लोहरदगा में लगातार दो बार उन्होंने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और आने वाले समय में सभी के सहयोग से पुनः इस बार चुनाव में आजसू पार्टी जीत दर्ज करेगी। स्वागत समारोह के पश्चात 17 दिसंबर दिन रविवार को स्व कमल किशोर भगत की द्वितीय पुण्यतिथि के दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा गया की यह कार्यक्रम जिला आजसू कार्यालय में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया के विधायक लंबोदर महतो, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित, रांची जिला परिषद की अध्यक्ष निर्मला भगत उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम के निमित्त कमल किशोर भगत स्मारक समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष के रूप में नीरू शांति भगत एवं सचिव विनोद सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, इकरामुल अंसारी, राजेश शर्मा, रंथु उरांव, सागर वर्मा, बरज सिंह ,एन कुजूर, जीतू सिंह एवं कलीम खान, परमेश्वर भगत शनिचरवा किसान एवं सभी प्रखंड के अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष इस समिति के पदाधिकारी होंगे। इसके अलावा महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू एवं महिला मोर्चा के सभी प्रखंड अध्यक्ष के अलावा, संजीव शर्मा, राजू उरांव, मुस्तफा अंसारी, राजन महतो, रोहित साहू, आयुष कुमार, पदाधिकारी बनाये गये। मीडिया प्रभारी कवलजीत सिंह बनाये गये हैं। स्वागत समिति में अनीता देवी, सुनीता साहू, मालती टोप्पो, हेमंती देवी बनाये गये हैं।



बैठक को संबोधित करते कवलजीत सिंह।

**कार्यक्रम की प्रमुख बातें**

बैठक को संबोधित करने वालों में लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव, कवलजीत सिंह, पूर्व केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, केंद्रीय सचिव अंजू देवी, रामनंदन साहू, अनीता साहू, इकरामुल अंसारी, रंथु उरांव, राजू उरांव, कलीम खान, विश्वनाथ उरांव, शाहिद अंसारी सहित अन्य लोगों ने बैठक को संबोधित किया। 17 तारीख के प्रतिमा अनावरण के कार्यक्रम में समस्त जिले से आम जनता एवं समाज के हर वर्ग के लोगों के अलावा बुद्धिजीवियों सहित अन्य सभी संगठनों के लोगों को आमंत्रित किया जायेगा। क्योंकि कमल किशोर भगत लोहरदगा के दो बार विधायक रह चुके हैं और राष्ट्रपति पुरस्कार भी प्राप्त किया था, अपने कार्यों के कारण वे सभी के दिल में बसते हैं। बैठक में जीतू सिंह, मोती सिंह, संदीप भगत, सत्येंद्र शर्मा, राजू यादव, हेमंती देवी, मालती टोप्पो, सुनीता देवी, मीर आरिफ छोटू, तौहीद कुरैशी,दिगंबर साहू, प्रभु गुप्ता, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, अभय सिंह, साबिर अंसारी, राजकुमार यादव, इम्तियाज अहमद बबलू, परमेश्वर महतो आदि भी थे।

### भंडरा के जमगई पहुंची सरकार आपके द्वार, शामिल हुए वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कहा

# जनता के द्वार तक पहुंच कर रहे समस्याओं का समाधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम जमगई में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीणों के द्वारा तक पहुंच कर समस्याओं का समाधान कर रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरे राज्य के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर आयोजित किया जा रहा है। जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है और उनके सारे समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है, पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना यथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जायेगा।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

**खास बातें :** इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन- परिमार्जन, आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जायेगा।

# आदिवासियों को सरना कोड जल्द दे सरकार : सालखन

- आदिवासी समाज के लोगों की बैठक में सरना कोड की मांग को लेकर आहूत भारत बंद पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** आदिवासी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक बुधवार को स्थानीय परिसदन में हुई। बैठक में 30 दिसंबर को सरना कोड की मांग को लेकर आहूत भारत बंद को लेकर चर्चा हुई। जिसके मुख्य अतिथि आदिवासी सेंगेल अभियान के नेता सालखन मुर्मू, सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, गुमला जिलाध्यक्ष हंदू भगत, महेंद्र उरांव, उदय उरांव सहित कई आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। श्री मुर्मू ने कहा कि सरना कोड की मांग लगातार किया जा रहा है। लेकिन भाजपा और कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टियां सरना कोड देने में विलंब कर रही है। ऐसी स्थिति में आंदोलन को तेज करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरना कोड की मांग को लेकर भारत बंद का आह्वान 30 दिसंबर को किया गया है। बंद के दौरान रेल रोको अभियान भी चलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार ने सरना कोड के लिए केंद्र सरकार को अपना प्रस्ताव भेज दिया है। अब केंद्र की सरकार तुरंत सरना कोड को लागू करने की दिशा में कार्य करें। जिससे कि आदिवासी समाज के लोगों को अपना धर्म कोड मिल सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में आदिवासी समाज के लोग वोट का बहिष्कार करें।



बैठक में शामिल सालखन मुर्मू व अन्य।

# 12 को होगा एक शाम आंजन धाम कार्यक्रम का आयोजन

- कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर कांड, अखंड हरि कीर्तन व राम कथा का होगा आयोजन
- मुकेश सिंह उर्फ पप्पू बने कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष, आयोजन सकिमति ने किया प्रेस कान्फ्रेंस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हनुमान जी की जन्मस्थली आंजन धाम में 12 जनवरी को एक शाम आंजन धाम कार्यक्रम रखा गया है। जिसे लेकर आयोजन समिति ने बुधवार को स्थानीय बिंदेश होटल में प्रेस वार्ता की। कहा कि इस कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह को बनाया गया है। जिनके नेतृत्व में यह कार्यक्रम होगा। इसके लिए जल्द आंजन धाम में बैठक कर कमेटी विस्तार किया जायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर पाठक ने कहा कि 2023 के कार्यक्रम के अतिथि क्षेत्र के राजघराने से संबंध रखने वाले रातू महाराज, पालकोट राजा, जशपुर राजा, बड़ाइक साहब को आमंत्रित किया गया है।



# खेल में अनुशासन जरूरी: डीडीसी

- तीन दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का हुआ शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप महिला एवं पुरुष 2023 का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि डीडीसी जय ज्योति सामंता, एसडीओ अमित कुमार, एनडीसी अभिनीत कुमार सूरज, नगर प्रशासक जयपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का उद्घाटन किया।

जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा ने बतलाया कि विभिन्न प्रखंडों से 112 पुरुष खिलाड़ी एवं 80 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विजेता एवं उपविजेता दोनों दल से प्रमंडल स्तर के खेल में भाग लेंगे। मुख्य अतिथि डीडीसी ने कहा कि खेल में अनुशासन आवश्यक है। आप खेल भावना को बनाकर खेल का प्रदर्शन करें और जिला स्तर पर विजयी होकर प्रमंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोहरदगा जिला का नाम रौशन करें।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन 48,399 में से 10,207आवेदन हुए निष्पादित

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निर्देश पर सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिला के सभी प्रखंडों में 24 नवंबर से 12 दिसंबर तक (शाम 7 बजे तक) कुल 48,399 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से अब तक 10,207 आवेदन निष्पादित किया जा चुका है। अन्य आवेदन निष्पादित किये जाने हेतु अग्रसारित किया जा चुका है। वहीं 53 आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुए हैं। प्रखंडों में सदर प्रखण्ड लोहरदगा में कुल 9359, सेन्हा प्रखण्ड में 7578, कुडू प्रखंड में 7597, किस्को प्रखंड में 7911, भंडरा प्रखण्ड में 7980, कैरो प्रखंड में 5687, पेशरार प्रखंड में 1726 और नगर परिषद में 561 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### कर्मयोगी योजना को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय स्थित जुरिया पंचायत भवन में 57 कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों के कर्मयोगी योजना का प्रशिक्षण बुधवार को किया गया। जिसमें प्रशिक्षक सोने लाल शाह ने सभी कॉमन सर्विस संचालकों को डिजिटल पोर्टल के माध्यम से अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को कर्मयोगी योजना से जोड़ने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में सीएससी के जिला समन्वयक सुधीर कुमार, रिजवान अंसारी, सूरज कुमार दसौंधी, शिवप्रसाद साहू, बसंत पांडेय, रोहित ठाकुर, प्रकाश साहू, महिमा कुमारी, दिनेश गोप, किरण कुमारी, सरोजनी तिग्गा, अजंती कुमारी, रिजवान असारी, सलमान असारी, नीरज कुजूर सहित सीएससी संचालक मौजूद थे।

### डीपी साहू के आवास में फिर पहुंची आईटी टीम



**लोहरदगा।** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के लोहरदगा स्थित पैतृक आवास पर बुधवार को आईटी की टीम जिओ सर्विलांस के साथ पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार की सुबह तीन गाड़ियों में आईटी की टीम साहू परिवार के तीन सदस्यों को लेकर पहुंची है। गेट बंद कर जांच पड़ताल की जा रही है। परिवार के नजदीकी लोगों को अंदर आने की इजाजत नहीं है। गौरतलब है कि सांसद धीरज प्रसाद साहू के कई ठिकानों पर पिछले 6 दिसंबर से आईटी की टीम लगातार जांच कर करोड़ों रुपये बरामद कर ली है। बता दें कि आयकर विभाग की टीम सांसद के रांची स्थित आवास पर छापेमारी कर छह सूटकेस जेवरात और कागजात जब्त की। वहीं आईटी की टीम ने ओड़िशा के बोलांगीर, संबलपुर और टिटलागढ़ से करीब 353 .50 करोड़ रुपये की गिनती पूरी कर ली है।

### जिले के गैस उपभोक्ताओं को 31 तक कराना होगा ई केवाइसी

- ई केवाईसी नहीं कराने पर सबसीडी का नहीं मिलेगा लाभ, प्रक्रिया आरंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी कराना होगा। वरना उन्हें मिलने वाली सब्सिडी बंद हो सकती है। गैस कंपनियों ने इसका आदेश जारी कर दिया है। वहीं एजेंसियों की ओर से ई-केवाईसी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले के लगभग 2.75 लाख एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना होगा। जिसमें सवा लाख उज्जवला योजना के उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर आपूर्ति करने वाली एजेंसियों के पास जाकर ई-केवाईसी कराना होगा। जिनके नाम पर गैस का कनेक्शन है। उनको एजेंसी पहुंचना होगा ताकि उनके चेहरे की तस्वीर ली जा सके। फिर उनका पूरा ब्यौरा अपलोड किया जायेगा। मां शेरावाली इंडैन गैस एजेंसी के संचालक विशेष आनंद ने बताया कि इसकी प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

### सीओ से बालू परिवहन पर रोक लगाने की मांग

**भरनो।** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आशीषनाथ शाहदेव की अगुवाई में बुधवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सीओ अविनाश कुजूर को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड में हो रहे बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। जिसकी प्रतिलिपी उपायुक्त गुमला, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव एवं मुख्य सचिव को भी भेजी जायेगी। इस संबंध में आशीषनाथ शाहदेव ने कहा कि एनएच 43 से प्रतिदिन रात के 8 बजे से दूसरे दिन सुबह तक सैकड़ो हाइवा गाड़ी में बालू लेकर दूसरे जिलों में बेचा जा रहा है।

### सभी प्रखंडों में 25 दिसंबर तक गठित होगी संचालन समिति

- सभी प्रखंडों में 25 तक संचालन समिति गठित होगी
- 22 जनवरी को घर घर भगवा झंडा लगाने एवं दीप सजाने की अपील



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में मुख्य संरक्षक व कोर कमेटी सदस्य रमेश उरांव की अध्यक्षता में की गयी। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य एवं संचालन समिति सदस्य सहित जिला महिला पदाधिकारी एवं नगर पदाधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व जय श्रीराम समिति के जिला एवं प्रखंड कमेटी को भंग किया गया इसके पश्चात जिला संचालन समिति का विस्तार किया गया था। आज कोर कमेटी एवं संचालन समिति सदस्यों के बीच रणनीति बनाई गई और सभी जिला संचालक समिति सदस्यों को प्रखंड एवं नगर की जिम्मेदारी दी गयी।

# कार्यक्रम में लगे शिविरों में हजारों आवेदकों की समस्याओं का निवारण

- 112 शिविरों में मिता डेढ़ लाख आवेदन
- 25 हजार से अधिक आवेदनों का निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अब तक 112 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। उक्त शिविर में अब तक लगभग 1,50,000 प्राप्त हुए जिसमें से 25,067 आवेदनों का निस्पादन किया जा चुका है। इस दौरान सैकड़ों आवेदनों ने योजना का लाभ लेकर सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। रायडीह के पीबो पंचायत में लगे शिविर में आए अर्जुन सिंह ने बताया कि वे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आयें एवं जॉब कार्ड के लिए अपना आवेदन भरा जिसके पश्चात ऑन द स्पॉट उन्हें जॉब कार्ड शिविर में प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने किसी प्रकार की भागा दौड़ी करने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

**खास बातें :** फुलवंती कुमारी अपने नजदीकी पंचायत में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में पहुंची, उन्होंने अपने लिए विधवा पेंशन के लिए शिविर में आवेदन दिया एवं ऑन द स्पॉट उन्हें सर्वजन पेंशन योजना के तहत विधवा पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र मिला। बिना किसी दफ्तर के चक्कर लगाये उन्हें शिविर में ही योजना का लाभ मिला, जिससे वह प्रसन्न दिखी। झारखंड ग्रामीण विकास विभाग से जेएसएलपीएस की सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सहायता राशि देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सिसई प्रखंड में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे शिविर में आयी बिशमुनी देवी ने बताया कि उनके समूह को सीसीएल योजना के तहत स्वरोजगार के लिए 7 लाख रुपये की सहायता राशि मिली है, जिसे वे अपने रोजगार को सशक्त करने में उपयोग करेंगी। इसी प्रकार से रायडीह प्रखंड के शिविर में आयी छात्रा खुशबू को कल्याण विभाग से साइकिल योजना के तहत साइकिल खरीदने हेतु 4500 रुपये का चेक मिला। खुशबू बताती है कि इससे वह साइकिल खरीदेगी और रोज स्कूल जायेगी। जिले की बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए झारखंड सरकार सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में आर्यी 8वीं कक्षा की शांति कुमारी को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत उनकी आगे की शिक्षा के लिए सहायता राशि मिली। शांति ने कहा कि वह इसका उपयोग अपनी आगे की शिक्षा को बेहतर करने में करेंगी।

# मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों के खिलाफ होगा जोरदार आंदोलन : अश्विनी कुजूर

- झारखंडी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश : कयूम खान
- एकजुट होकर 20 दिसंबर को विस के समक्ष प्रदर्शन को सफल बनाने की जरूरत : प्रो विनोद भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय मैदान में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किंडो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो विनोद भगत मौजूद थे।

केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष श्री कुजूर ने कहा कि राज्य निर्माणकर्ताओं की पहचान सम्मान एवं व्यवस्थाओं का लाभ देने में सरकार अभी भी विफल है। झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने आगामी 18 दिसंबर तक झारखंड आंदोलनकारियों के 11 सूत्री मांग को संज्ञान में लेते हुए वार्ता करे, अन्यथा झारखंड सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों एवं सरकार में शामिल राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जायेगा। कहा कि अब सरकार एवं सरकार में शामिल दलों के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ी जायेगी। इसके तहत 20 को विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है, जिसे सफल करने में अभी से लग जायेंगे। प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि हमारे शहीदों एवं पूर्वजों और पुरखों ने झारखंड की पहचान एवं झारखंड की आदिवासी, मूलवासी समुदाय के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं।




बैठक में मौजूद लोग।

## स्पीड न्यूज

### पेंशनर समाज की बैठक में कई प्रस्ताव

**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा कोडरमा की बैठक बुधवार को समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में हुई। इसमें कई प्रस्ताव लिए गए। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक कोडरमा सह जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा से मांग की गई कि 01 जनवरी 2006 के पूर्व सेवानिवृत शिक्षक जो प्रवरण वेतनमान का लाभ प्राप्त कर चुके हैं उनकी सेवा पुस्तिका में प्रवरण वेतनमान के अंतर्गत वेतनमान एवं ग्रेड पे की प्रविष्टि की जाए, सेवानिवृत्त शिक्षक मुनेश्वर प्रसाद सिंह, परमेश्वर लाल की सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने हेतु महेश्वर प्रसाद सिंह की सेवा पुस्तिका में की गई प्रविष्टि में सुधार, लखन लाल राम का 2009 से प्रशिक्षित स्नातक का वेतनमान देते हुए 6 जनवरी 2015 से प्रधानाध्यापक का वेतनमान देना एवं सेवानिवृत शिक्षक अर्जुन दुसाध को द्वितीय कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। वहीं अंत में दिवंगत पेंशन ब्रह्मदेव पांडे की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### बिजली चोरी के आरोप में 14 पर प्राथमिकी

**डंडई।** थाना क्षेत्र रारो पंचायत स्थित खटखारिया टोला व भोकचाही टोला में बिजली विभाग के टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान 14 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। इस दौरान लोग वैध कनेक्शन लेने के बावजूद विद्युतमीटर को बाइपास कर बिजली जलाते पकड़े गए। वहीं कई लोग अवैध तरीके से टोका लगाकर अपने घरों में बिजली जलाते हुए पाए गए है। छापामारी दल ने उनके यहां से एलटी तार बरामद करने के साथ ही उन पर क्षतिपूर्ति का अर्थ दंड लगाते हुए डंडई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## डोमचांच प्रखंड कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार डोमचांच प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागीरथ पासवान व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह वरीय कांग्रेसी नेत्री लीलावती मेहता उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कोडरमा जिले में संपूर्ण कमेटी, पंचायत बूथ, मंडल, प्रखण्ड, बूथ, एजेन्ट स्तर तक की तैयारी किया जा रहा है। वहीं सभी प्रखंड अध्यक्षों एंव नगर अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि 17 दिसंबर 2023 तक यह कार्य पूर्ण कर लेना है। वहीं जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह वरीय कांग्रेस नेत्री लीलावती मेहता ने भी अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश स्तरीय निर्देशित सभी कार्यक्रमों को एवं संगठन के कार्य पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्य कर रही है।

## ठंड में असहायों की सेवा करना मानवता की सेवा है : सुमन गुप्ता

### बिरहोरों के बीच कंबल एवं बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** लुढ़कते पारा और ठिठुरते लोगों की जरूरत को देखते हुए समाजिक, स्वयंसेवी, धार्मिक संगठनों के साथ-साथ प्रशासन कंबल का वितरण व संस्थाएं गर्म वस्त्रों का वितरण कर रही है। इसी क्रम में आदर्श फाउंडेशन के द्वारा चितरपुर इंदरवा मॉडल आंगनवाड़ी प्री नर्सरी स्कूल (किलकारी) में बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ सुमन गुप्ता उपस्थित हुई। वहीं उन्होंने कहा कि सर्दी के इस मौसम में सरकार के साथ-साथ संस्थाएं गर्म वस्त्रों को उपलब्ध करा कर ठंड में असहायों की सेवा मानवता की सेवा कर रही है। मानव सेवा करना परम धर्म है। उन्होंने कहा कि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते है, लेकिन गरीब तबके को एक अदद कंबल के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ती है। इधर कंबल पाकर गरीबों का भाव स्पष्ट देखे जा सकते थे। चितरपुर लोकाई और गझण्डी के 115 बिरहोरों के बीच कंबल का वितरण अलग-अलग स्थलों पर किया गया। मौके पर उमेश यादव, बिनोद साव, अशोक यादव के अलावा आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

### 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश, कहा

## सभी जरूरतमंदों का बनेगा अबुआ आवास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड के करकोमा पंचायत में बुधवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मंत्री के आगमन पर जेएसएलपीएस की महिलाओं द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत गीत गाकर तथा मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। शिविर का शुभारंभ मंत्री तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने करकोमा पंचायत में आयोजित शिविर के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत के लोगों की समस्याओं को आपके घर पर आकर उसका समाधान करना है एवं सरकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना है। ताकि आप सभी को जिला कार्यालय का चक्कर लगाना न पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य के कमजोर एवं वंचित लोगों तक विकास कार्य पहुंचे ताकि गांव प्रखंड जिला एवं प्रदेश का विकास हो।



मंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड राज्य को अलग किया गया था वह आज भी पूरा नहीं हुआ है। राज्य का गठन होने के बाद यहां की बागडोर बाहरी और गलत लोगों के हाथों में चला गया था जिन्होंने राज्य को खोखला करने का काम किया। उन्होंने पूर्व के भाजपा सरकार तथा विधायक, सांसद की आलोचना करते हुए कहा कि आप सभी ने जिन्हें चुनकर भेजा था वह सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया जिस वजह से आज क्षेत्र का हाल बदहाल है।

मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि पूरे राज्य के किसानों का 50 हजार का केसीसी ऋण माफ किया गया है। आगे एक लाख रुपए तक का ऋण माफ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एनपीए खाता का भी ऋण माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2024 तक 99 प्रतिशत घरों में पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी तथा किसानों को नहर के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा सभी जरूरतमंदों को अबुआ आवास बनेगा।

डीसी शेखर जमुआर ने शिविर में उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत में यह कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है ताकि के सभी लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके तथा शत प्रतिशत सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सभी जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिलेगा। डीडीसी राजेश कुमार राय ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आप सभी को सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है, ताकि आप सभी यह सुनिश्चित कर सके कि कौन सी योजना का चयन किया जाए जिससे पंचायत तथा यहां के लोगों का विकास हो सके।

शिविर में बीडीओ जागो महतो, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर मंत्री द्वारा जेएसएलपीएस की महिलाओं के बीच 16 लाख 35 हजार का डमी चेक प्रदान किया गया। साथ ही सावित्रीबाई फुले योजना के 10, बिरसा आवास योजना के 10, पेंशन का 5, केसीसी योजना के 5 लाभुकों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। साथ ही मौके पर ही 50 गरीब लोगों को कंबल भी उपलब्ध कराया गया। शिविर में सबसे ज्यादा 1400 लोगों द्वारा अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया गया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, खाद्य आपूर्ति, पेयजल, कल्याण विभाग, मनरेगा सहित दर्जन भर स्टाल लगाए गए थे जहां लोगों ने अपना आवेदन जमा किया।

मौके पर गढ़वा एसडीओ बिजय कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चैबे, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, अतहर अली, मुखिया राम सागर महतो, विकास सिंह कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अयोध्या से आया पूजित अक्षत कलश सभी प्रखंडों को सौंपा गया

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री राम मंदिर अड्डी श्याम बाबा पद स्थित मंदिर में विश्व हिंदू परिषद तथा जिला कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्य अध्यक्ष राजय वर्मा एवं संचालन जिला सह मंत्री संजय तर्वे ने किया। बैठक में श्री राम मंदिर अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को सभी प्रखंड के अध्यक्ष, मंत्री एवं संयोजक को सौंपा गया एवं सभी प्रखंडो में बैठक की तिथि तय की गई। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद अब प्रभु श्री राम अपने भव्य मंदिर में सुशोभित होने जा रहे हैं। इस पावन अवसर पर हिंदू परिवार को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक तथा श्री राम मंदिर का तस्वीर को लेकर हर परिवार के घर पहुंचना लक्ष्य है। 22 जनवरी को अपने आसपास के मंदिरों में श्री राम मंदिर का स्वरूप समझकर उसे सजाना ओर सवारना है और भजन कीर्तन और राम नाम का जाप, महाआरती, संकीर्तन, हनुमान चालीसा का पाठ किया जाना है।

### 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को सतगावां प्रखंड अंतर्गत मरचोई, जयनगर प्रखंड के तिलोकरी और मरकच्चो प्रखंड के पपलो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जहां काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया। वहीं शिविरों में संबंधित बीडीओ एवं सीओ द्वारा लाभुकों के बीच कंबल का वितरण, राशन, पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, ऋण वितरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। वहीं जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

### सैनिक स्कूल सभागार में डीडीसी ने की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित सैनिक स्कूल सभागार में सैनिक स्कूल प्राचार्य की उपस्थिति में डीडीसी ऋतुराज द्वारा बैठक आहूत किया गया। जिसमें सैनिक स्कूल में निर्माण कराये जा रहे योजनाओं की समीक्षा की गई, तत्पश्चात सैनिक स्कूल की चाहर दिवारी के लिए चिन्हित करना, स्कूल प्रबंधन के जमीन को अधिग्रहण से सबंधित विषयों पर सीओ को निदेश दिया गया। वहीं विद्यालय में पानी व्यवस्था के संबंध में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल को डी.पी.आर. तैयार कराने का निदेश दिया गया। वहीं कार्यपालक अभिंयता भवन प्रमण्डल को निदेश दिया गया कि क्रियान्वित योजनाओं को ससमय प्राक्कलन में निहित प्रावधान के तहत पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं प्राचार्य के अनुरोध पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल को आवश्यकतानुसार एक सप्ताह के अन्दर मीटर लगाने का निदेश दिया गया। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद झुमरीतिलैया को विद्यालय परिसर से कूड़ा उठाने का निदेश दिया गया। वहीं बीडीओ चन्दवारा को निदेश दिया गया कि कांको पंचायत अन्तर्गत 15वें वित्त के तहत उपलब्ध राशि से अनुमोदनोपरान्त विद्यालय में कूडादान उपलब्ध कराना का निदेश दिया।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (महिला एवं पुरुष) कप प्रतियोगिता का आयोजन बागीटांड स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसी अनिल तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बालक वर्ग में चंदवारा बनाम सतगावां के बीच किया गया, जिसमें चंदवारा ने सतगांव को 4-1 से पराजित किया। वहीं बालिका वर्ग में डोमचांच बनाम चंदवारा के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें चंदवारा ने डोमचांच को 1-0 से हराया। बताते चलें कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच का आयोजन 14 दिसंबर को होगा।

### ग्रिजली कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**कोडरमा।** खेलकूद एवं युवा निदेशालय, जिला प्रशासन, राष्ट्रीय सेवा योजना (ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन) नेहरू युवा केन्द्र, समर्पण एवं स्वर संगम के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का अयोजन मंगलवार को बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खेल पदाधिकारी कैलाश राम, राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा, नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रूद्र शेखर, जे. जे. कॉलेज के डा. रिमझीम रुहानिया, स्वर संगम के संजीत भारती एवं समर्पण के सचिव इंद्रमणि शाहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने विभिन्न कार्यक्रमों (हस्तकला, झारखंड लोक नृत्य, पोस्टर मेंकिंग, भाषण, फोटोग्राफी, गायन आदि) में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग लिया एवं अपनी प्रतिभा निखारा। वहीं महाविद्यालय के चैयरमैन मनीष कपसीमे एवं सचिव अविनाश सेठ ने प्रशिक्षुओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

### प्लस टू उच्च विद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी के सभागार में बुधवार को स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑगेनाईजेशन के तत्वावधान में पढ़े भारत बढ़े भारत का एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक डॉ रमेश चंचल, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, ऑक्सब्रीज स्टार कोचिंग सेंटर मेदिनीनगर के डायरेक्टर राहुल चतुवेर्दी, वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया।

### बीसीए के टीम ने कान्हाचट्टी को 6 विकेट से हराया

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में चतरा जिला क्रिकेट लीग मैच का बरहनवां मैच बी सी ए सीनियर बनाम कान्हाचटी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कान्हाचटी ने 27.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 160 रन बनाया ।कान्हाचटी के तरफ से नवल कुमार 56, ओमकार 25 और प्रिंस 25 रनो का योगदान दिया। बी सी ए के तरफ से पियूष कुमार 3 विकेट राज , सुभाष और धनंजय ने 2-2 विकेट लिया।जवाबी पारी खेलने उतरी बी सी ए सीनियर ने 161 रन के टारगेट को 21.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। बी सी ए के तरफ से सौरभ 45 राज 36 और शिवाजी ने 36 रनो का योगदान दिया।गेंदबाजी करते हुए कान्हाचटी के तरफ से सार्धिक 3 विकेट घनश्याम ने लिया । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राज को दिया गया। मौके पर चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सह सचिव आशुतोष भारती जिला क्रिकेट लीग के अध्यक्ष प्रेम राणा उपस्थित थे।

### शिविर का हुआ आयोजन

**कुंदा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शिविर लगाया गया। यह शिविर आउटरिचम प्रोग्राम के तहत लगया गया।जिसमें विभिन्न तरह के स्टॉल लगाकर पारा लीगल वोलेंटियर के नरेश प्रजापति व संजय कुमार चौधरी ने उपस्थित लोगों को विधिक जानकारी दिया। नालसा योजना के तहत अफीम तस्करी, घरेलू हिंसा,बच्चों का मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य हेतु सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### इटखोरी ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

**इटखोरी।** हाई स्कूल मैदान में चल रहे क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला इटखोरी और बरही के बीच खेला गया। इसमें इटखोरी की टीम ने अंतिम ओवर में छक्का लगाकर पांच विकेट से मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने पहली गेंद खेल कर किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बरही टीम ने 10 ओवर में 115 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी इटखोरी टीम ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर मैच को 5 विकेट से जीत कर खिताब अपने नाम किया। मैच में मैन आफ दी मैच इटखोरी के खिलाड़ी बृजेश कुमार को दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार इटखोरी के ही खिलाड़ी मुकेश कुमार यादव को दिया गया। मौके पर मृत्युंजय सिंह, सुजीत भारती, राजेन्द्र राम, थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर मनोहर करमाली, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

### विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत सचिवालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023 से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के निदेर्शानुशार मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें जल संबंधित कुआं चापानल पर विशेष चर्चा की गई। तथा चुस्त दुरुस्त करने की बात कही गई। मुख्य रूप से उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय उप मुखिया विकास कुमार पांडेय मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती स्वयंसेवक विकास कुमार बिक्कू समाजसेवी प्रसादी पासवान रामशीष यादव एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुंबई मेल में एस-9 स्लीपर बोगी को हटाकर लगाया जायेगा थर्ड एसी इकोनॉमी कोच

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हावडा से मुम्बई के बीच कोडरमा के रास्ते चलने वाली मुंबई मेल के स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ने वाली है। रेलवे ने स्लीपर कोच में कटौती कर दी है। स्लीपर घटाकर इस ट्रेन में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच जोड़ा जाएगा। नई व्यवस्था हावड़ा से 26 दिसंबर और मुंबई से 27 दिसंबर से प्रभावी होगी। स्लीपर कोच में पहले से ही क्षमता से अधिक यात्री सफर करते हैं। संख्या कम होने से दबाव और बढ़ेगा, चैन की नींद लेकर यात्रा मुश्किल होगी।

मुंबई मेल में अभी स्लीपर के 9 कोच जुड़ रहे हैं। इस माह से 8 कोच ही जुड़ेंगे। स्लीपर के एस-9 कोच का अस्तित्व समाप्त होगा। इसके विकल्प में एक थर्ड एसी इकोनामी कोच जुड़ जाएगा। वैसे यात्री जिन्होंने पहले से टिकट बुक करा लिया है और उनकी सीट स्लीपर के एस-9 में है। कोच हट जाने से उन्हें दूसरे कोच में समाहित किया जाएगा। इतने यात्रियों को समाहित करना रेलवे के लिए चुनौती होगी।



### थर्ड एसी इकोनॉमी कोच के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू

**थर्ड एसी** इकोनॉमी कोच में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। कोडरमा से मुंबई के लिए इस श्रेणी में 1,910 रुपये चुकाने होंगे। स्लीपर का किराया 730 तो थर्ड एसी का किराया 1,910 रुपये है। स्लीपर के यात्री को इकोनामी कोच की लिए 1,180 रुपये अधिक चुकाने होंगे। थर्ड एसी के यात्री को 110 रुपये की बचत होगी।

**28 तक स्लीपर में टिकट नहीं :** हावडा-मुंबई मेल की स्लीपर श्रेणी में भीड़ का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि नवंबर तक इस श्रेणी में टिकटों की बुकिंग बंद हो गई है। कंफर्म सीट मिलना तो दूर वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहा है। शादी मनाने आए लोग अब भी वापसी की टिकट का इंतजार कर रहे हैं। दिसम्बर के बाद फरवरी तक स्लीपर में सीट खाली नहीं हैं। ज्ञात हो कि हावड़ा से धनबाद, कोडरमा, गया के रास्ते उक्त ट्रेन का परिचालन होता है और सालों भर उक्त ट्रेन में आरक्षित टिकट उपलब्ध नहीं हो पाता है।

## सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का नाम मोदी सरकार : ईश्वर दयाल

### विकसित भारत संकल्प यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत टंडवा प्रखंड अन्तर्गत नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत भवन में मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, प्रभारी सह भाजपा पुर्व जिलाध्यक्ष नवीन शाह, जिला संयोजक मिथलेश कुमार गुप्ता,बीपीओ टंडवा सुबोध पासवान,स्थानीय मुखिया महावीर साहु और मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी तरह बड़गांव पंचायत भवन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने विधिवत शुभारंभ किया । इन सबों की उपस्थिति में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' से संबंधित शपथ लिया गया और कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। अपने अपने वक्तव्य में कहा कि मोदी जी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए कृत संकल्पित हैं, आज के समय में विदेशों में भी मोदी को महाशक्ति के रुप में देख रहा है जिससे भारत विश्व स्तर पर सबसे मजबूत,महाशक्ति बनकर पुनः विश्व गुरू बनने की स्थिति में है।आयुष्मान योजना जैसे कल्याणकारी योजना से हरेक नागरिक के लिए मुफ्त ईलाज की गारंटी मोदी सरकार दे रही है। महिलाओं के सम्मान के लिए, किसानों के सम्मान के लिए मोदी सरकार की गारंटी है। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, पंचायत समिति सदस्या आशा सिन्हा, बड़गांव पंचायत समिति सदस्य सुरेश यादव, राम चन्द्र गुप्ता,उप मुखिया संदीप साहु,जिबलाल यादव, केदार नायक, बिंदेश्वर महतो, मो कुदूस ,वार्ड सदस्य गण समेत सैकड़ों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।



## लुटेरों ने दिनदहाड़े लूटपाट के क्रम में मारी गोली, घायल गढ़वा रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बुढ़ीखाड़ गांव के हनुमान मंदिर के पास बुधवार को दिन में लगभग 3:30 बजे एक टीचर के साथ लूटपाट के क्रम में दो लुटेरों ने गोली चलायी। इसमें बचाने वाला टेंपो चालक सह मालिक घायल हो गया। थाना क्षेत्र के खरसोता गांव निवासी स्व हरि साव के पुत्र टेम्पो चालक सह मलिक धर्मेंद्र प्रसाद उर्फ राजा ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं अपने टेंपो से चालक के साथ सवारी भरकर मोहम्मद गंज से मझिआंव आ रहे थे उसी क्रम में बुढ़ीखांड़ हनुमान मंदिर के सामने देखा कि एक मोटरसाइकिल सवार दो लोग दूसरे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से छीना-झपटी कर रहे हैं। तो उसने समझा कि दोनों मोटरसाइकिल में दुर्घटना हुई होगी इसलिए छीना झपटी कर रहे हैं। यही समझ कर सहयोग के लिए टेंपो रोक दिया। लेकिन, वह कुछ समझ पाता कि एक लुटेरे ने पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी जो उसके दाहिने पैर के निचले भाग में लग गई। उसने कहा कि इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। डर के मारे चालक एवं सवारी जल्दी भागने को कहा। डर के मारे मैं भी टेंपो लेकर भाग गया। इसके बाद मझिआंव रेफरल अस्पताल में डॉ मनीष कुमार सिंह एवं सहयोगी राकेश ठाकुर आदित्य दुबे एवं विकास कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उसे 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। इधर, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभिलंब लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## गढ़वा में तेजी से होते विकास कार्य से पूर्व विधायक की बढ़ी बेचैनी : धीरज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अपनी ही सरकार (रघुवर सरकार) में भीगी बिल्ली बने रहते थे। रघुवर दास ने तानाशाही पूर्वक राज चलाया। रघुवर राज में किसी भी विधायक, मंत्री को सच बोलने की हिम्मत नहीं होती थी। तानाशाह भाजपा की सरकार में विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के लोगों की भी आवाज को कुचला गया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सरकार में रहते हुए भी पूर्व विधायक कुछ भी नहीं कर सके, परंतु अब गढ़वा में चारों तरफ तेजी से होते विकास कार्य को देखकर उनकी बेचैनी बढ़ गई है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने बुधवार को होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।



श्री दुबे ने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों से घबरा कर पूर्व विधायक श्री तिवारी अनरगल बयानबाजी कर रहे हैं। आज के समय में खुद श्री तिवारी के गृह पंचायत तिलदाग में जितना कार्य हो रहा है, वे अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में इसका एक दहाई कार्य भी नही कर पाए थे जबकि वह उनका अपना पंचायत है। उनकी सरकार में कांग्रेस के पूर्व विधायक कद्दावर नेता को बेवजह जेल भेजा गया। उस समय न तो ये सच बोल पाए और न ही उनसे मिलने तक गए। इन्हें सरकार की नाराजगी का डर था। भाजपा के ही एक वैश्य नेता ने जब गरीब गुरबों की आवाज उठाई तो उन्हें भी जेल जाना पड़ा। उस समय भी पूर्व विधायक मौनी बाबा बने रहे। प्रतापपुर में फ्लोराइड की समस्या से जूझ रही जनता की आवाज जब झामुमो के नेताओं ने उठाया तब उस समय भी पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्यों पर मुकदमा दर्ज कराया गया, उनकी आवाज को कुचला गया। अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले कांग्रेस के वरिष्ट नेता को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में बुलाकर अपमानित किया।

श्री दुबे ने कहा कि रघुवर सरकार में पूर्व विधायक की हैसियत कुछ नहीं नहीं थी। जब तक वे विधायक रहे तब तक न तो क्षेत्र में रहे, न तो जनता के किसी भी सुख-दुख में शामिल हुए और न ही किसी गरीब की इलाज आदि में भी किसी प्रकार का कोई सहयोग किया। ऐसे व्यक्ति तो विधायक बनने के योग्य ही नहीं हैं। आखिर जनता उन्हें क्यों विधायक बनाए। भाजपा की सरकार ने सरकारी महकमा का जमकर दुरुपयोग करते हुए आम आवाम की आवाज उठाने वाले सभी लोगों की आवाज को कुचल कर रख दिया था। भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही आज पाक साफ बने हुए हैं। यह जग जाहिर है कि दवा घोटाले में ईडी ने जेल भेजा। उन पर कई मामले दर्ज हैं। अब वह भाजपा में शामिल होते ही बिल्कुल पाक साफ बन गए। पूरे 5 वर्ष के कार्यकाल में रघुवर सरकार ने एक भी जेपीएससी के बहाली नहीं ले पाई तब उनके कार्यकर्ता को सांप सूंघ गया था, आज निजी एवं सरकारी क्षेत्र में नौकरी प्रदान कर रहे मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर रहे हैं। मौके पर केंद्रीय सदस्य शंभु राम, शरीफ अंसारी, बीस सुत्री अध्यक्ष निरज तिवारी, पूरन तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# जिस जमीन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेगा उसका विधायक बैद्यनाथ राम ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने बुधवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनने वाले जमीन का निरीक्षण किया। विधायक श्री राम ने कहा कि 8 करोड़ 20 लख रुपए की लागत से अस्पताल भवन बनाया जाएगा। जिसका शिलान्यास रविवार को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवेदक को निर्देश दिया गया है कि 6 महीने के अंदर भवन निर्माण कार्य पूरा करें। ज्ञात हो कि पिछले 14 वर्षों से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपना बिल्डिंग नहीं होने के कारण अस्पताल व्यामशाला में चलाया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने कहा कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपना जमीन एक एकड़ 75 डीसिमल होने के बावजूद नया भवन उस पर नही बनना दुर्भाग्यपूर्ण है। ब्लॉक परिसर में नौ बिल्डिंग को तोड़कर नया भवन बनाए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। बालूमाथ के ग्रामीणों ने विधायक से मांग करते हुए कहा है कि नया अस्पताल भवन पुराने स्थान पर ही बनाया जाए ताकि लोगों को सहूलियत मिल सके। इधर विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि ब्लॉक परिसर की जमीन चिन्हित की गई है उसमें पड़ने वाले जो भी बिल्डिंग है उसे कंडम घोषित कर एनओसी ले लिया गया है। इस मौके पर बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, अंचलाधिकारी तृप्ति बीजया कुजूर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव, जिला विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समसूल होदा, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, प्रीत लाल यादव, श्याम सुंदर यादव, औरंगजेब खान, दीपक यादव, मोहम्मद नूर, राजेश यादव, लाडले खान, नागदेव उरांव, बरियातू राजेंद्र गंझु, अंकित पांडे, मनोज यादव, अंचल अमीन भुवनेश्वर साब, कांग्रेस युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद एजाज एवं संवेदक रोहित इंफ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड रांची के अनिरुद्ध कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।


निरीक्षण करते विधायक।

## स्पीड न्यूज

### कोयला भंडारण कर तस्करी में प्रयोग होने वाला एक वाहन जब्त

**बारियातू।** थाना क्षेत्र में कोयला भंडारण करने व तस्करी करने वाला एक वाहन जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं अनुसन्धान जारी है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर कोयला भंडारण कर कोयला ले जाते एक हाइवा वाहन जेएच 13 जे 9438 को जब्त कर कांड संख्या 79/23, 85/23 प्राथमिकी दर्ज करते हुए कोयला तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अवैध कोयला भंडारण कर तस्करी किया जाता था। थानेदार चौधरी ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए कोयला वाहन को जब्त किया। इसके पूर्व बालूमाथ थाना में अवैध कोयला ले जाने को लेकर प्राथमिकी की गई है। आपको बताते चलें की अग्रतर कार्रवाई जारी है। कोयला वाहन जब्त होने के बाद तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके पूर्व ही छापामारी की गई थी। कोयला तस्करों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।

### बेरोजगार साथियों को मुख्यमंत्री सारथी योजना में दिया जायेगा रोजगार


बैठक करते लोग।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित माको डाक बंगला में मंगलवार को तेजस्विनी परियोजना के बेरोजगार साथियों के साथ एसजीआरएस संस्था के राज्य समन्वयक अब्दुल जब्बार एवं जिला समन्वयक लातेहार मनोज दत्त देव ने बैठक किया एवं तेजस्विनी परियोजना के बेरोजगार साथियों को मुख्यमंत्री सारथी योजना की जानकारी देते हुए उन्हें पुनः एक लक्ष्य के विरुद्ध एक निश्चित वेतन रोजगार देने का आश्वासन दिया गया । बैठक में तेजस्विनी परियोजना के बेरोजगार साथियों प्रतिमा देवी सावित्री देवी संदीप प्रसाद अर्जुन राम मोहन उरांव बृजकिशोर सिंह सुनैना देवी प्रमोद प्रजाति संजीता कुमारी आरती कुमारी ज्योति सुरीन जसमीना मार्कडी एवम सितारा देवी उपस्थित थी। ज्ञात हो की श्रम नियोजन कौशल एवम प्रशिक्षण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड राज्य के सभी जिलों में मुख्यमंत्री सारथी योजना का संचालन किया जा रहा है इस योजना के तहत झारखंड के सभी बेरोजगार युवक एवं युवती को एक विशेष क्षेत्र में कौशल का प्रशिक्षण दे कर रोजगार की दिशा में उन्मुख करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि झारखंड के बेरोजगार युवाओं एवम युवतीयो को रोजगार मिल सके। जिसमे एसजीआरएस संस्था अपना मुख्य किरदार निभा रही है झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री सारथी योजना में।

### 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित शेरेगढ़ा उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद प्रियंका देवी, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, मुखिया नीलिमा तिर्की, पंचायत समिति सरिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ सोमा उराँव, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कई योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया था। जिसमे अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई योजना, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यंगता प्रमाण पत्र, मोटेशन, लगान रसीद, मापी, ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार 13, 15वीं वित्त योजना, मनरेगा योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमदान पोर्टल पर प्रवासी समित का पंजीकरण, राशन कार्ड बिजली बिल सुधार का स्टाल लगा था। जिसमें सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए चेक का वितरण एवं गरीबों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर बोलते हुए बीडियो सोमा उराँव ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हर उस गरीब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है जिसको उनकी जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आयोजित शिविर में आप अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ ले। मौके पर बिईंओ मनीष पांडे, सहायक अभियंता दिनेश सिंह, कनिय अभियंता बाबूलाल उराँव, मो. राशिद, पंचायत सेवक अर्जुन राम, रोजगार सेवक राजेश प्रसाद, अबुआ आवास कौडिनेटर आशीष कुमार, ग्रामीण राजेश प्रजापति, मो. अरशद, निर्मल यादव, महेंद्र राम, कार्तिक उराँव, मो.कूदूस समेत बुकरु, जाला, हाही, भालुवाही, शेरेगड़ा, तसतबार गांव के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक संपन्न


बैठक करते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित कुल 28 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन अनिल मिंज, अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बारियातू में चल रहा है धड़ल्ले से कोयले का काला खेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** बारिखाप स्थित केसीपी मुख्यमार्ग के ठीक सामने ब्लुडैम जाने के रोड में कोयले भंडारण कर रात्रि में लॉडर मशीन से लॉड कर पिछले कई दिनों से कोयले की काला खेल किया जा रहा है। इधर टोटी मनातू मार्ग के बनवार पंकुरवा के बीच हनुमान चौकी से 100 मीटर दूर दक्षिण दिशा में जेसीबी द्वारा जंगल साफ कर कोयले भंडारण के लिए स्थल बनाकर कोयले की तस्करी करवाया जा रहा है। बारिखाप स्थित केसीपी ब्लु पानीडैम के पास कोयला भंडारण कर लॉडर मशीन के सहारे रात्रि में कई बड़े वाहन में लॉडिंग कर एनएच 99 मुख्यमार्ग से से कोयला बाहर भेजकर तस्करी किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह होने पहले प्रत्येक दिन चार से पांच वाहन कोयला लॉड कर 12 चक्का वाहन से भेज दिया जाता है। इतनी भारी मात्रा में कोयला कहाँ से कैसे लाया जाता है। तस्कर करने वाले माफिया कौन हैं हालांकि यह एक गहन जाँच का विषय है। बनवार पंकुरवा के बीच मुख्य मार्ग से सटे जंगल में भंडारण कर उठाव किए गए स्थल को देखने से यह प्रतीत होता है की पिछले कई दिनों से कोयला भंडारण कर पानी बारिश के पूर्व तक उठाव किया गया है। इधर बारिखाप केसीपी से सामने बचे खुचे कोयला ले जा रहे बच्चों ने बताया की बीते सोमवार रात्रि 12 चक्का ट्रक मे लॉडर मशीन से कोयला का उठाव किया है। इधर लोगों की बात माने तो इंट्री मिलते ही सैंकड़ो बाईक से रैला की तरह गोनिया होते चतरा बिहार राज्य तक कोयले लेकर जाते हैं जिससे प्रत्येक दिन लाखों रुपए सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है। इंट्री मिलने की बात अखबार पुस्टि नहीं करता है यह एक निष्पक्ष जाँच का विषय है। साइडिंग से कोयले की अवैध तस्करी न हो सके इसके लिए बारियातू थाना के अलावे अमरवाडीह पिकेट, मनातू पिकेट बना हुआ है। लगातार धड़ले से कोयले की काले खेल से कई तरह के सवाल खड़ा होता है।


कोयला का भंडारण।

## शाहदेव ने लोगों की सुरक्षा के लिए हो रहे हेलमेट जांच का किया स्वागत

- हेलमेट जांच के नाम पर पुलिस ज्यादती पर लगाम भी लगे : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट जांच के अभियान का स्वागत किया है। प्रतुल ने कहा कि बेहतर होता अगर लातेहार पुलिस चेकिंग अभियान को चलाने से पहले व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाती। प्रतुल ने कहा कि ऐसी बहुत सारी शिकायत पूरे जिले से मिल रही हैं जहां हेलमेट चेकिंग के नाम पर आम नागरिक पुलिस ज्यादाती का शिकार हो रहे हैं। हेलमेट चेकिंग और कागज दिखाने के नाम पर लोगों को मारने पीटने की भी शिकायतें आई है। कई स्थानों पर पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार भी किये जाने की शिकायत मिली है। मोटरसाइकिल में बैठी महिलाओं को भी बीच सड़क पर उतार दिया जा रहा है। प्रतुल ने कहा कि पुलिस को इस अभियान को जारी रखना चाहिए। लेकिन मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत हेलमेट और कागजात की जांच किस स्तर के पदाधिकारी करने में सक्षम है, यह भी स्पष्ट करना चाहिए।


प्रतुल शाहदेव।

**चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर युवक के साथ मारपीट प्रकरण की जांच करने की मांग की**

प्रतुल ने कहा की चंदवा के इंदिरा चौक में हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को एक पुलिस कर्मी के द्वारा पीटने का वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। प्रतुल ने लातेहार एसपी से आग्रह किया कि वह इस पूरे प्रकरण की जांच कराए और पुलिस को कानून के दायरे में रह कर हेलमेट जांच को जारी रखने का आदेश दे। उन्होंने कहा आम शहरियों को बेवजह परेशान और बेइज्जत ना किया जाए।

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत हेठपोचरा के ग्राम ललगड़ी में लातेहार विधायक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम के द्वारा अनुसंशित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास विधायक वैधनाथ राम के हाथों किया गया। जो ललगड़ी से बिचलीदाग तक पथ का निर्माण किया जाना है। सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने से गांव वालों में खुशी दिखी गई। लातेहार विधानसभा के हर गांव में सड़क, पुल पेयजल उत्तम स्वास्थ, शिक्षा एवम बिजली का काम तेजी से कराई जा रही है उक्त बाते शिलान्यास के बाद विधायक ने कहीं। वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ करवाया। मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव, आरईओ के सहायक अभियंता अवधेश कुमार, झा.मु.मो. जिला सचिव समसुल होदा , कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, वारिश अंसारी, युवा नेता अंकित पाण्डेय, समेत हजारों ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।


शिलान्यास करते विधायक।

## अभिजीत पाइपलाइन के लोहे के साथ वाहन जब्त

**चंदवा।** चंदवा के चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से चोरी का शिलशिला थमने का नाम नही ले रहा है। स्क्रैप माफिया अब अभिजीत प्लांट तक पानी लाने को लेकर बिछाए गए पाइप लाइन को काटकर धड़ल्ले से बेच रहे हैं। मंगलवार की देर रात्रि लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर थाना प्रभारी शुभम कुमार की अगुवाई में अभियान पर निकली चकला पिकेट व चंदवा पुलिस की टीम ने चकला के दूधमटिया के पास से अवैध रूप से वॉटर पाइपलाइन को काटकर ले जा रहे चोरों के खिलाफ अभियान चलाया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते की स्क्रैप माफिया मौके से भाग निकले, लेकिन पुलिस ने अभियान के क्रम में घटना स्थल से अभिजीत पावर प्लांट चकला से अवैध रूप से लोहे के पाइप चोरी कर लोड किये गए पिकअप वाहन जेएच-01ईके-5118 को जब्त कर लिया गया साथ ही 5 क्विंटल पाइपलाइन से कटा हुआ लोहा का टुकड़ा भी बरामद किया गया है। मामले को लेकर चंदवा थाना में भरत उरांव पिता रामवृक्ष उर्फ चोरया उरांव व महमूद मियां पिता शमशुद्दीन मिया (चकला) के खिलाफ नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चंदवा पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।


जब्त लोहा व वाहन।

### रामदेव गंझू की आठवीं पुण्यतिथि को लेकर खरवार भोगता समाज ने की प्रेस वार्ता

# झारखंड की राजनीति में दशा व दिशा तय करेगा खरवार भोगता समाज : दर्शन गंझू

- झारखंड समेत कई राज्यों से खरवार भोगता समाज के लोग लेंगे भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** नगर मोड़ स्थित मैदान में आगामी 15 दिसम्बर को खरवार भोगता समाज विकास संघ के संस्थापक सह पूर्व संरक्षक स्व. रामदेव गंझू की आठवीं पुण्यतिथि मनाने को चल रही तैयारियां को लेकर खरवार भोगता समाज के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, सचिव जगरनाथ भोगता, उपाध्यक्ष रामचन्द्र गंझू, रामदेव सिंह भोगता, जिलाध्यक्ष प्रेम चंद गंझू, जिला सचिव सत्यनारायण गंझू ने बताया कि समाज के अगुआ स्व. रामदेव गंझू खरवार भोगता समाज को संगठित करने अहम कड़ी थे। उनके सार्थक पहल व समाज के संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्र सरकार के सार्थक पहल से खरवार समाज समाज के विभिन्न उपजातियों को आदिवासी का दर्जा मिला। समाज के प्रति स्व. रामदेव गंझू के योगदान को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष 15 दिसम्बर को समाज के द्वारा पुण्यतिथि मनाई जाती रही है। इस वर्ष पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम काफी खास होने वाला है और राज्य की राजनीतिक दशा दिशा तय करने वाला साबित होगा। आगे बताया कि कार्यक्रम के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, जिला परिषद सदस्य, पूर्व विधायक प्रकाश राम, पंचायत प्रतिनिधि समेत झारखंड के कोने-कोने व दूसरे प्रदेशों से भी समाज के लोग शामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस पूर्व समाज के लोगों ने बैठक कार्यक्रम को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय भी लिया। मौके पर विश्वनाथ गंझू, रामधन गंझू, दिलीप गंझू, नान्हू गंझू, देव नारायण गंझू, जगदीश सिंह भोगता, विजय सिंह भोगता, अमृत भोगता, नागेश्वर गंझू, रवि गंझू, मुनेश्वर भोगता, सुरेश सिंह भोगता, रविन्द्र नाथ गंझू, सुरेश गंझू, रामलाल भोगता, भुनेश्वर गंझू समेत समाज के सैकड़ो लोग मौजूद थे।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते भोगता समाज के लोग।

**चंदवा के नगर मोड़ स्थित मैदान में मनायी जायेगी पुण्यतिथि, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी भी रहेंगे मौजूद**

## एक नजर में

### तारामणि साहू की पुण्यतिथि पर सैकड़ों गरीबों के बीच किया गया कंबल व अन्न का वितरण


कंबल वितरण करते लोग।

- गरीबों की मदद से बड़ा परोपकार का कोई और नहीं : मंटू कुमार

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी पंचायत के रेन्ची ग्राम में मंगलवार को स्व. तारामणि साहू के पुण्यतिथि पर बनहरदी पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव के सैकड़ो गरीब असहाय दिव्यांग व वृद्ध जनों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। तारामणि साहू के पुत्र सह समाजसेवी नंदलाल प्रसाद मंटू, पति कृष्णा प्रसाद साहू, मोतीलाल साहू, आभा देवी, उषा देवी गुड़िया देवी, अरुण प्रसाद अभय साहू समेत अन्य लोगो ने संयुक्त रूप से गरीबों को कम्बल व अन्न दान दिया। इस मौके अतिथियों ने कहा कि गरीब सहयोग की मदद से बड़ा परोपकार का कोई कार्य नहीं है, इसलिए हम सभी को आगे बढ़कर हमेशा गरीबों की मदद करनी चाहिए, ताकि उनके भी जीवन मे खुशियां आये व मुसीबते कुछ कम हो। मौके पर ग्राम प्रधान बिगू उरांव, अभी यादव वीरेंद्र उरांव, जगेश्वर उरांव, अजय उरांव, सरस्वती देवी, राजकुमार ठाकुर, महेंद्र भुइयां, अंशु कुमारी, सुभाषिनी कुमारी, अदिति कुमारी, आयुष कुमार, अभिउदय साहू, अभिनव कुमार, गोपाल साहू, महेंद्र साहू, महाराज साहू, मंजू देवी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

### बरवाटोली में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लगा शिविर


शिविर में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** आपका योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चंदवा प्रखंड अंतर्गत बरवाटोली पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव, बीडीओ विजय कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, मुखिया शकुंतला देवी, दांत चिकित्सक कंचन बाड़ा व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ एवं सीओ के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। उन्होंने अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोतीझसाड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं ले साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करे। इस दौरान लगाए गए स्टालों में विभिन्न योजनाओं को लेकर ग्रामीणों ने आवेदनों जमा किया। शिविर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कई छात्राओं को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। योग्य लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। दर्जनों लाभुको के बीच धोती-साड़ी-लुंगी व जरूरतमन्दों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल समेत प्रखण्ड व अंचलकर्मी के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### मनिका के नामुदाग में 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय के नामुदाग पंचायत भवन में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखण्ड विकास पधाधिकारी मनोज तिवारी, सीओ संतोष शुक्ला, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, उप प्रमुख कांति देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मुखिया दिनेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधी दारोगी यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिये विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पेंशन, कल्याण, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन, बिजली विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, कृषि, श्रम, भूमि सुधार, पेयजल विभाग, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई विभाग के अलग अलग स्टॉल लगाए गये थे। वहीं कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना तथा अबुआ आवास है। इसके अलावे ग्रामीणों को मनरेगा योजना, पशुपालन, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि, भूमि सुधार, पेयजल, कल्याण, राशन कार्ड, पेंशन, बाल विकास आदि योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों की आवेदन देने के लिए भीड़ लगी रही। संबंधित स्टॉल पर प्राप्त आवेदन का तुरंत रजिस्ट्रेशन कर दिया गया। इस दौरान बीपीओ संतोष कुमार, पूर्व उप प्रमुख उमेश प्रसाद यादव, रोजगार सेवक उषा जयसवाल, पंचायत सेवक विकाश कुमार, आत्मा सिंह, आपरेटर त्रिलोकी यादव, राहुल कुमार यादव, योगेंद्र सिंह,समेत कई लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं अन्य।

### बरवाडीह में कार ने महिला को रौंदा, रेफर

**बरवाडीह :** बरवाडीह बाजार मुख्य सड़क पर बुधवार को कार ने गुलजारबाग की एक महिला नैमुल बीबी को रौंद दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। बरवाडीह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर घायल महिला का इलाज कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर स्थिति को देख पीएमसीएच अस्पताल डालटनगंज उसे रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि महिला को रौंदने के बाद कार लेकर चालक भाग रहा था, लेकिन पुलिस ने कार को जब्त कर लिया । पुलिस ने कार से एक युवकको हिरासत में भी ले लिया है। कार बरवाडीह का बताया जाता है।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

प्रखंड अंतर्गत दीपाटोली निवासी जीवन नागेसिया के घर पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया हैं। पुअनि संजय रत्न ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को जीवन नागेसिया के घर चिपकाया गया। वहीं उसके भाई जयंत नगेसिया के उपस्थिति में पुअनि संजय रत्न एवं पुलिस के जवान शामिल थे। पुअनि ने बताया कि इश्तेहार चिपकने के एक महीने के अंदर आरोपी को न्यायलय के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। वहीं ऐसा नहीं करने पर पुलिस द्वारा आरोपी के घर की कुर्की जब्ती कर करवाई की जायेगी।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हेमंत सोरेन ने कहा

# सबको रोटी, कपड़ा और मकान देना हमारी प्राथमिकता






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जामताड़ा।** मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की जरूरत है। राज्य सरकार ने राशन कार्डधारियों को अब अनाज के साथ एक किलो दाल भी देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमारे 8 लाख पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने में असमर्थता दिखाई। हमारी सरकार ने इन आठ लाख परिवारों को आवास का लाभ देने हेतु कई बार आग्रह किया गया परंतु केंद्र सरकार द्वारा आवास आवंटन नहीं किया गया। अब राज्य सरकार ने निर्णय लेते हुए अबुआ आवास योजना शुरू की है। ताकि जरूरतमंद 8 लाख से अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध हो सके। अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए आप जरूरतमंद लोग अवश्य इस शिविर में आवेदन दें, इसके तहत तीन कमरों का आवास राज्य सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर गरीब को 10 रुपए में धोती, साड़ी और लूंगी वर्ष में दो बार उपलब्ध करा रही है।

### जिले में काजू की खेती को दी जाएगी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां काजू के पेड़ बहुत दिखाई दे रहे हैं। 80 के दशक में संताल परगना काजू के पेड़ से ढका हुआ था। लेकिन उस समय इसके फल का उपयोग यहाँ के लोग नहीं कर पाते थे, अब इसके फल को आधुनिक तकनीक से प्रोसेसिंग कर आय में वृद्धि का जरिया बनाया जा सकेगा। इस संदर्भ में वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। लोगों को इसका सही लाभ मिलेगा। वहीं अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत सरकारी भूमि में भी फलदार वृक्ष लोग लगा सकते हैं। जब तक वह फलदार वृक्ष रहेगा उसके मालिक आप ही रहेंगे। इस अभियान के जरिए लोगों को वनपट्टा से आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है।

### पुल और 720 किमी सड़क का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने बताया कि जामताड़ा जिला में 500 कि०मी० ग्रामीण सड़क की स्वीकृति दी गई है, जो 300 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। साथ ही पथ निर्माण विभाग के तहत उच्च स्तरीय 220 किमी सड़क की स्वीकृति दी है जो करीब 250 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। कई जगह निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। पूर्व में निर्मित बीरबिंदिया पुल की क्वालिटी इतनी अच्छी नही थी इसी वजह से 10-15 साल भी नहीं चल पाया। आज हमारी सरकार ने फिर से बीरबिंदिया पुल के निर्माण की भी स्वीकृति दी है जो करीब 270 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा।

**सरकार को सभी की परवाह है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव के प्रधानों ने अपना मानदेय बढ़ाने के बाद कही है। सब के बारे में सरकार की चिंता है। समय के साथ हम काम करेंगे । केंद्र सरकार के पास बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपए हमें मिलता तो आज ग्राम प्रधानों का भी मानदेय बढ़ाने में उक्त राशि सहायक होती। हमारी सरकार गरीबों को राहत देने का अभियान जारी रखेगी और यह भी तय करेंगे कि आज जो एक हजार रुपए से ज्यादा में आपको सिलेंडर मिल रहा है वह किस तरह आपको 500 रुपए में प्राप्त हो।

### अब हमारी बेटियां पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा अब हमारी बेटियां पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी। अब हमारे आने वाली पीढ़ी इतना सशक्त होगा जो किसी के आगे हाथ नहीं फैलाएगा। हमारे पूर्वज पढ़े-लिखे नहीं थे। इसी वजह से हम लोग ठगे गए। लेकिन हमारे आने वाली पीढ़ी पढ़ेगी और आगे बढ़ेगी। वर्तमान सरकार यहां के गरीब, दलित, पिछड़े, किसानों के बच्चों को विदेश में नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। आप लोग अपने अंदर हुनर को विकसित करें। आपकी सरकार आपको विदेश में भी उच्च शिक्षा प्रदान करने का कार्य करेगी।

## साइबर अपराध से निबटने के लिए टीम गठित : एसडीपीओ

**गोड्डा।** आधुनिक युग में इंटरनेट के माध्यम से जितनी आसानी से बड़े बड़े मुश्किल समस्याएं हल हो जाती हैं और जानकारी प्राप्त हो जाते हैं उतनी ही तेजी से साइबर अपराधी हमे थोड़ी सी असावधानी और इंटरनेट के खेल को कम जानने वाले ठगे भी जा रहे हैं ऐसा हम हर दिन समाचारों में पढ़ते हैं । इन अपराधों की तेजी से बढ़ती अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर नकेल कसने हेतु पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा ने एक टीम गठित कर जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है । जिसकी जानकारी आज प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने बताया कि डीएसपी प्रशिक्षु गोड्डा कुमार गौरव के नेतृत्व में इस टीम में मुफ्फसिल थाना प्रभारी गजेश कुमार ,अमित अभिषेक पुअनी,मुफ्फसिल थाना ,अमित झा और तकनीकी शाखा के पुलिस जवानों को इसमें शामिल किया गया है ।इसी क्रम में थाना मुफ्फसिल अंतर्गत तेलोलिया ग्राम के सोनू मंडल पिता छेदी मंडल जिला गोड्डा को हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ की गई है ।तो कई नए चौंकाने वाले तथ्य सामने आए ।किस तरह साइबर अपराध को अंजाम दिया जाता है । किसी तरह आपसे उस अपराधी का संपर्क होना चाहिए आपके शुभकामना ,लालच ,गिफ्ट के नाम पर बैंक अधिकारी बनकर ,किसी कंपनी का ऑफर के नाम पर आपसे कनेक्ट कर आपको लूट लेता है ।

## पेज 1 का शेष

### चुनौतियों से लड़कर...

**जरूरतों के हिसाब से बन रही योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी अबुआ सरकार आपकी जरूरतों के हिसाब से जोजनाएं बनाने में जुटी है। अभी सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है लेकिन हमारी सरकार हर समस्या का समाधान के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। राज्य अलग होने के बाद 20 वर्ष में मात्र 15 लाख लोगों को पेंशन मिलता था। हम लोगों ने 36 लाख 30 हजार लोगों को पेंशन का लाभ देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक-एक समस्या का समाधान होगा। आज हम इस राज्य को मजबूत बनाने में लगे हैं ताकि आने वाले कुछ वर्षों के बाद झारखंड इतनी ताकत पैदा कर ले कि वह हर चुनौतियों का सामना कर पाए और पिछड़ापन का कलंक मिटाने में सक्षम हो सके। **अफसर लोगों के घर पहुंच रहे हैं :** सीएम ने कहा कि इन शिविरों में पदाधिकारी मौजूद रहकर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। लाखों आवेदन हमें प्राप्त हुए। लोगों की कई तरह की समस्याएं सामने आई और इन आवेदनों की जरूरतों को मद्देनजर रखते हुए कार्य योजना तैयार किया गया। अब हमारी बेटियां पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी। वह पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक जीवन भर संघर्ष करते रहे। यही वजह है कि एकीकृत बिहार में यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय की स्थिति को देखते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी। तब जा कर हम सभी को अलग झारखंड राज्य मिला। मौके पर इस नाला विधायक-सह-विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कमिश्नर संताल के अलावा डीसी-एसपी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में विष्णु...

समारोह में करीब 10 हजार लोगों की मौजूदगी रही। समारोह में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथष महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, गुजरात के भूपेंद्र पटेल, असम के । हेमंत बिस्वा, उत्तराखंड के पुष्कर धामी के साथ ही कुल 11 राज्यों के मुख्यमंत्री समारोह में शामिल हुए।

### कांके का पारा 6.9...

**सतर्क रहने की सलाह :** लगातार बढ़ती ठंड के कारण मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी है, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को। जहां ठंड के कारण सर्दी खांसी और बुखार हो सकता है। वहीं, सर दर्द और स्ट्रोक जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। आनेवाले दिनों में राज्य में तापमान में और गिरावट दर्ज करने की बात कही गयी। विभाग की मानें तो 17 दिसंबर के बाद तापमान में अधिक गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं, आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट महसूस की जायेगी। ऐसे में लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा।

### दर्शक दीर्घा से कूदे...

**गुरुग्राम में रची थी साजिश दो अब भी फरार :** दिल्ली पुलिस को शक है कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में पकड़े गये चार लोगों के साथ दो और लोग शामिल थे। सूत्रों ने दावा किया कि सभी छह लोग एक-दूसरे को जानते हैं और गुरुग्राम में एक घर में रह रहे थे। सूत्रों ने दावा किया कि सभी छह लोग एक-दूसरे को जानते हैं और गुरुग्राम में एक घर में रह रहे थे। आरोपी अमोल शिंदे और नीलम को संसद भवन के बाहर से पकड़ा गया, जबकि सागर शर्मा और मनोरंजन डी को लोकसभा के अंदर से पकड़ा गया। वे पुलिस की हिरासत में हैं। पुलिस उनके दो संदिग्ध साथियों की तलाश में है जिनकी पहचान ललित और विक्रम के तौर पर हुई है। **सांसदों में दहशत :** पुलिस ने कहा कि संसद भवन के बाहर प्रदर्शन के दौरान कैन का इस्तेमाल कर पीला और लाल रंग का धुआं फैलाने के आरोप में अमोल और नीलम को गिरफ्तार किया गया है। दर्शक दीर्घा से दो व्यक्तियों के लोकसभा में कूदने और कैन से पीला तथा लाल रंग का धुआं फैलाने के कुछ मिनट बाद यह घटना हुई। लोकसभा में हुई घटना से सांसदों में दहशत फैल गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चारों आरोपी एक-दूसरे को जानते थे और उनके दो अन्य साथी भी थे, जिनका अब तक पता नहीं चल पाया है। **संसद भवन परिसर में दर्शकों का प्रवेश बंद :** घटना के बाद आज के लिए वैध आगंतुक पास रखने वाले लोगों को स्वागत क्षेत्र से वापस भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी संसद भवन पहुंचे और दीर्घा खाली कराने के बाद जांच की गयी। **संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी :** इससे पहले, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम मोदी और स्पीकर ओम बिरला ने संसद भवन पर वर्ष 2001 में आज ही के दिन हुए आतंकवादी हमले की बुधवार को बरसी पर, हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी को शहीदों के परिवारों के सदस्यों, विशेषकर बच्चों के साथ बातचीत करते देखा गया, जो मौके पर एकत्र हुए थे।

### स्थानीयता संबंधी बिल...

**गर्माहट के आसार :** शीतकालीन सत्र में इसमें सरकार की ओर से कई बिल भी सदन के पटल पर लाने की तैयारी की गयी है। सरकार द्वारा 1932 खतियान आधारित डोमिसाइल बिल सदन में लाये जाने की तैयारी की गयी है। राज्य गठन के बाद से ही झारखंड में स्थानीयता एक बड़ा मुद्दा रहा है। लंबे समय से स्थानीय नीति बनाने को लेकर चल रहा प्रयास आज तक सफल नहीं हुआ है। हेमंत सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप स्थानीय नीति बनाने की कोशिश की, लेकिन वह भी विवादों में रहा और आखिरकार राजभवन ने बिल को लौटाकर संवैधानिक पक्ष को ध्यान में रखकर पुनर्विचार करने की सलाह दी है। इन सबके बीच अपनी ही सरकार के कामकाज की आलोचना करनेवाले विधायक लोबिन हेंब्रम 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने की मांग लगातार कर सरकार के समक्ष मुसीबत खड़ी करते रहे हैं। 15 कैबिनेट की बैठक : इन सबके बीच 15 दिसंबर को सरकार ने कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है। संभावना यह है कि सदन के पटल पर डोमिसाइल बिल लाने से पहले इस बिल को कैबिनेट से पास कराया जाये। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम का मानना है कि इससे पहले पारित बिल को त्रुटिपूर्ण बताकर राजभवन ने वापस किया था। उन सभी त्रुटियों को संशोधित कर बिल एक बार फिर सदन में लाया जायेगा। गौरतलब है कि राज्यपाल के द्वारा झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिणामी, सामाजिक सांस्कृतिक और अन्य लाभों का विस्तार करने के लिए विधेयक 2022 को यह कहते हुए लौटा दिया गया था कि विधेयक की धारा संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 16(2) का उल्लंघन करती हुई प्रतीत होती है।

## रेल पटरी पर महिला का हाथ बंधा शव बरामद शिनाख्त में जुटी पुलिस

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के लौड़ीपहाड़ी गांव के नजदीक रेल पटरी पर एक अज्ञात महिला (35) का शव बरामद हुआ। खास बात यह है कि महिला के दोनों हाथ बंधे हुए हैं। शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए हैं। मामला दुमका - रामपुरहाट रेलखंड का है। ग्रामीणों ने जब महिला के शव को देखा तो उन्होंने शिकारीपाड़ा पुलिस को सूचना दी।मौके पर पुलिस पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया है। घटनास्थल पर लोगों की काफी भीड़ जमा है। पुलिस ने मौजूद लोगों से कहा कि आप इसकी पहचान करें और सभी ने असमर्थता जताते हुए उसे पहचानने से इंकार किया। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर पश्चिम बंगाल की सीमा शुरू हो जाती है। ऐसे में पुलिस के सामने यह चुनौती है कि पहले वह शव की शिनाख्त करें। हालांकि जिस तरह से मृतका के हाथ बंधे हुए हैं उसे देखकर आसानी से यह अंदाजा लगाया जा सकता है।

## विश्व कप फाइनल की हार से उबरना मेरे लिए कठिन था : रोहित




**नई दिल्ली (हि.स.)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर को आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में हार के बाद पहली बार खुलकर बोलते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि हार से उबरना उनके लिए कठिन था। फाइनल मुकाबले में, रोहित ने पहले दस ओवरों में भारत को तेज शुरूआत देना जारी रखा और 31 गेंदों में 47 रन बनाए, जिसकी बदौलत मेजबान टीम ने पहले पावरप्ले के अंत में 80 रन बनाए। लेकिन उसके बाद, भारतीय पारी बीच के ओवरों में बिखर गई और अंततः 240 रन ही बना सकी। जवाब में, ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवरों में लक्ष्य का पीछा कर लिया। रोहित ने कहा, ह्लमैं हमेशा 50 ओवर का विश्व कप देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे लिए विश्व कप सर्वोच्च पुरस्कार था। हमने उस विश्व कप के लिए इतने वर्षों तक तैयारी की थी, और फाइनल में हारना निराशाजनक है, है ना? रोहित ने 'टीम45आरओ' इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे नहीं पता था कि फाइनल के बाद वापस कैसे आना है, मेरे परिवार और दोस्तों ने मुझे प्रेरित किया - यह पचाना मुश्किल था लेकिन जीवन को आगे बढ़ने की जरूरत है लेकिन ईमानदारी से कहूं तो उस दिन से आगे बढ़ना कठिन था। टूनार्मेंट खत्म होने के बाद, रोहित विश्व कप फाइनल में हार के दुख से उबरने के लिए अपने परिवार के साथ यूनाइटेड किंगडम चले गए, साथ ही उन्होंने बड़ी संख्या में टीम का समर्थन करने के लिए आने वाले प्रशंसकों की सराहना की।

## सीएम नीतीश ने शिवहर-सीतामढ़ी जिले का किया दौरा, करोड़ की योजना की दी सौगात



**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को शिवहर और सीतामढ़ी जिले का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम ने सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम मंदिर (मां जानकी जन्म भूमि) परिसर के 72.47 करोड़ रुपये की लागत की विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इससे पहले सीएम ने शिवहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व रघुनाथ झा की आदमकद प्रतिमा का रिमोट के माध्यम से अनावरण किया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने शिवहर जिला अतिथि गृह में निर्मित होनेवाले अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास किया तथा शिवहर नगर परिषद् में बस स्टैंड के निर्माण तथा सात निश्चय-2 के तहत शिवहर नगर क्षेत्र अन्तर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। सीएम ने शिवहर जिले के देकुली धाम पहुंचकर बाबा भुवनेश्वर नाथ की पूजा अर्चना की एवं राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने देकुली धाम में 11.29 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटकीय सुविधाओं के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। देकुली धाम परिसर में स्थित तालाब का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत तालाब का सौंदर्याकरण ठीक ढंग से कराएं शिवहर के बाद सीएम का काफिला सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम पहुंचा। यहां उन्होंने परिसर एवं सीताकुंड का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुनौराधाम मंदिर के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। मंदिर प्रांगण में स्थित सीताकुंड को ठीक ढंग से विकसित करें एवं उसका सौंदर्गीकरण बेहतर तरीके से कराएं। विकास कार्य पूर्ण होने से यहां आनेवाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी।

## सेमीफाइनल में जर्मन चुनौती को तैयार भारतीय टीम

### पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप




**कुआलालंपुर, (हि.स.)।** एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद, भारतीय टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में दुर्जेय जर्मनों से भिड़ने के लिए तैयार है। इस टूनार्मेंट में, भारतीय टीम ने कोरिया के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की, इसके बाद स्पेन से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा और कनाडा पर 10-1 की शानदार जीत के साथ वापसी की और अंततः पूल सी में दूसरा स्थान हासिल किया। विशेष रूप से, भारत ने एक रोमांचक क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद यूरोपीय पावरहाउस नीदरलैंड्स पर 2-0 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 4-3 से जीत दर्ज की। मंगलवार को क्वार्टर-फाइनल में अविश्वसनीय बदलाव और दबाव में खेलने के लेकर कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, ह्लअब हम दबाव में खेलने के आदी हो गए हैं। चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या सुल्तान जोहोर कप में कांस्य पदक मैच, हमने दबाव में खेला और जीता है। यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने काम किया है और हमने एक कौशल सेट विकसित किया है। इससे भी मदद मिलती है कि मौजूदा टीम के पांच खिलाड़ी पिछले जूनियर विश्व कप का हिस्सा थे, इसलिए हमारा अनुभव भी काम आता है। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इस साल चार बार जर्मनी का सामना किया है और सभी चार मौकों पर हार गई है, उनकी आखिरी हार सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में 3-6 से हुई थी। विशेष रूप से, भारत एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 के सेमीफाइनल में भी जर्मनी से 2-4 से हार गया था। रिकॉर्ड कायम करने को उत्सुक भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ने कहा, ह्लजर्मनी एक मजबूत टीम है और हमने हाल ही में सुल्तान जोहोर कप में उनका सामना किया था, लेकिन थोड़ी अलग टीम और एक अलग दृष्टिकोण के साथ। हमने विश्व कप में जर्मनी सहित सभी टीमों का विश्लेषण किया है और उनके खिलाफ पिछले मैचों से मिली अतिरिक्त सीख हमें खेल से पहले अच्छी स्थिति में लाएगी। खिलाड़ी जानते हैं कि जर्मनी अपराजेय नहीं है, यह योजना को क्रियान्वित करने का मामला है। सेमीफाइनलिस्टों में एकमात्र एशियाई टीम होने के नाते, कप्तान उत्तम सिंह अच्छे प्रदर्शन के प्रति आश्वस्त हैं।

## एमपी एमएलए विशेष न्यायालय में रणधीर सिंह और प्रदीप यादव समेत 12 की हुई पेशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** एमपी एमएलए की विशेष अदालत विशेष अदालत ने एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। अदालत में बुधवार को भाजपा के सारठ विधायक रणधीर सिंह और कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव समेत बारह आरोपी विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम जितेंद्र राम की अदालत में पेशी हुई। जिसमे से एक आरोपी अभयानन्द झा को न्यायालय ने एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश सुनाया। जिनको देवघर कोर्ट से पूर्व में जमानत मिल चुकी थी। लेकिन केस दुमका ट्रांसफर होने के बाद अभयानंद झा को न्यायालय से समन और बाद में न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। उसी के आलोक में जब बुधवार को अभयानन्द ने न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल किया। जहां न्यायालय ने एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में अभयानन्द को जेल भेजने का आदेश सुनाया। आज उनके जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। केस की अगली तिथि 21 दिसंबर निर्धारित किया गया। यह बता दें मामला कि 15 सितंबर 2010 का है। जब देवघर में सुखाड़ की मांग को लेकर तत्कालीन झारखंड विकास मोर्चा के दोनों विधायक के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया था। उस समय दोनों जेवीएम से विधायक थे। जाम को लेकर लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिस कारण दोनों विधायक समेत 12 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज जिला प्रशासन ने करायी थी।

## अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का हड़ताल जारी

**गोड्डा ।** गोड्डा अनुमंडल के सभी 105शाखा डाकघर सहित सरौनी के बाजार के 47 और पोडैया हाट के 17 शाखा डाक घर सभी डाकघर पूरी तरह से बंद पड़े हैं साथ ही पथरगामा ,बसंत राय, ललमटिया डाक घरों में कार्य स्थगित है । अपनी मांगों के समर्थन में सारे डाक सेवक कल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं । सारी डाक सेवा इससे प्रभावित हो रही है आम जनता इससे परेशान है । जीडीएस पर लगाए गए 3अ नियम को तत्काल के प्रभाव से हटाया जाए । डाक सेवकों का कार्यअवधि 8 घंटे तय हो साथ ही पेंशन की सुविधा प्राप्त हो ,नियमित कर्मचारियों के तहत 12,24,36 वर्ष का लाभ दिया जाए ।

## आठ कंपनियों ने 554 करोड़ के एमओयू पर किये हस्ताक्षर



**पटना (हि.स.)।** राजधानी पटना के ज्ञान भवन में बुधवार को ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 शुरू हुआ। दो दिवसीय इस कार्यक्रम के पहले दिन 554 करोड़ रुपये निवेश के लिए 8 कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन ह्यबिहार बिजनेस कनेक्ट-2023ह्न के उद्घाटन सत्र में बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने केंद्र से राज्य में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के निर्माण की मांग दोहराई। उन्होंने यहां पहुंचे प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि नीतीश कुमार सरकार उन्हें उद्योग स्थापित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नई नीतियों के साथ बिहार बदल गया है। नए बिहार से जुड़ें और इसे समृद्ध करें। यदि राज्य में उद्योग बढ़ेंगे तो देश भी प्रगति करेगा। उन्होंने केंद्र से अनुरोध किया कि राज्य में कम से कम चार एसईजेड बनाए जाएं। समीर महासेठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि निवेशक बिहार आ रहे हैं। निवेश में वृद्धि से बिहार अगले पांच वर्षों में उद्योगों के मामले में शीर्ष 10 राज्यों की सूची में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र को तेज विकास सुनिश्चित करने के लिए बिहार को विशेष दर्जा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ध्यान अन्य क्षेत्रों के अलावा खाद्य प्रसंस्करण, चमड़ा, कपड़ा और सूचना प्रौद्योगिकी पर है। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन दिवस पर पहले सत्र में कपड़ा और चमड़ा क्षेत्रों पर चर्चा की गई। इस दौरान 554 करोड़ रुपये के निवेश के लिए आठ प्रमुख कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सावी लेदर्स ने 274 करोड़ रुपये, कोमल टेक्सफैब ने 100.5 करोड़ रुपये, मां प्रभावती टेक्सटाइल मिल्स ने 94 करोड़ रुपये, कॉसमस लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड ने 52 करोड़ रुपये और भारती एक्जि़म प्राइवेट लिमिटेड ने 15 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया है। इस अवसर पर नाहर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के कमल ओसवाल ने कहा कि हमारा समूह जल्द ही पटना में एक लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण करेगा। मोंटे कार्लो ब्रांड की वस्तुओं का उत्पादन अब बिहार में शुरू होगा। हमारी कंपनी पंजाब और राजस्थान में उद्योग संचालित करती है और हमारी लगभग 25,000 लोग काम करते हैं, जिनमें से लगभग 40 प्रतिशत बिहार से हैं। बिहार सरकार में मंत्री संजय झा ने कहा कि बिहार में इस तरह का समिट लंबे वक्त से हो रहा है। कोरोना काल के बाद बिहार में स्थानीय लोगों के बीच उद्यमिता बढ़ी है। बिहार में कृषि प्रोडक्शन 10 गुना बढ़ा है। हमारे पास युवा शक्ति की बड़ी फौज है। स्किल्ड लेबर है। इंडस्ट्री सेक्टर के लिए बेस तैयार हो चुका है।

# सुरक्षा के 4 घेरे से गुजर कर ही पहुंच सकते हैं संसद भवन

## संसद की सुरक्षा में दिल्ली पुलिस से लेकर केंद्रीय बलों के जवान रहते हैं तैनात

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** जब भी कोई भी व्यक्ति संसद भवन में दाखिल होना चाहता है, तो उसकी एक प्रक्रिया होती है। उसे पूरी करने के बाद ही कोई भी व्यक्ति संसद भवन में प्रवेश कर सकता है। आमतौर पर किसी भी विजिटर के लिए सांसद ही पास जारी करते हैं, लेकिन वह व्यक्ति जब संसद भवन में दाखिल होता है, तो वहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों की जवाबदेही होती है कि उसके पास कोई हथियार या घातक सामान न हो। बुधवार को जो घटना हुई, उसने यह साबित कर दिया है कि कहीं न कहीं पर खामियां जरूर हैं। सदन की सुरक्षा व्यवस्था में मुख्य रूप से चार लेयर होते हैं।

पहला घेरा दिल्ली पुलिस का होता है। संसद भवन का यह सबसे बाहरी घेरा होता है। इसे आउटर लेयर भी कहा जाता है। आप जैसे ही संसद भवन में प्रवेश करना चाहेंगे, तो सबसे पहली चेकिंग इनके द्वारा ही की जाती है। दूसरा घेरा -दूसरे घेरे की जिम्मेदारी केंद्रीय सुरक्षा बलों की होती है। इनमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एनएसजी वगैरह शामिल होते हैं। यहां पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम स्वैट भी शामिल होती है। अगर संसद परिसर के भीतर कभी भी कोई अनहोनी हो जाए, तो उस व्यवस्था से निपटने के लिए ये हमेशा तैयार रहते हैं।

तीसरा घेरा पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप का होता है। इनका गठन 13 दिसंबर 2001 की घटना के बाद किया गया था। आतंकरोधी ऑपरेशन को यह अंजाम देने की स्थिति में होते हैं। इनके पास अपनी मेडिकल टीम और अपनी संचार व्यवस्था होती है। ऐसा कहा जाता है कि संसद परिसर के भीतर इनकी संख्या 1500 से ज्यादा है। चौथा घेरा - पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस के जवानों से यह बना होता है. इनकी जवाबदेही संसद भवन के भीतर सुरक्षा व्यवस्था को देखने की होती है। यह सबसे अंदर की लेयर है। एक बार जब आप संसद भवन में दाखिल हो गए, तो आप पर नजर बनाए रखना इनकी जवाबदेही होती है. सांसदों से लेकर स्पीकर और सभापति की सुरक्षा व्यवस्था भी यही देखते हैं. सदन के भीतर मार्शल भी इन्हें ही रिपोर्ट करते हैं. जब पीएम आते हैं, तो यह एसपीजी से तालमेल बिठाकर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था देते हैं।

कौन देखता है पूरी सुरक्षा व्यवस्था - संसद की सुरक्षा व्यवस्था को सुरक्षा विभाग के संयुक्त सचिव देखते हैं. उनके नीचे सुरक्षा के कई चक्र होते हैं, जिसमें दिल्ली पुलिस से लेकर केंद्रीय बलों की तैनाती की जाती है. इनके पास आधुनिकतम हथियार से लेकर नवीनतम तकनीक से युक्त मशीन उपलब्ध होते हैं । आपने संसद भवन के बाहर देखा होगा कि रोड ब्लॉकर और टायर किलर्स का उपयोग किया जाता है। इसे एक रणनीति के रूप से रखा जाता है. हरेक लेवल पर इस तरह का एक चक्र होता है और उन्हें उस दायरे में सुरक्षा व्यवस्था को संभालना होता है।

सिक्योरिटी ऑफिसर - असिस्टेंट डायरेक्ट रैंक का एक अधिकारी इसका बॉस होता है। उनका काम संसद भवन में दाखिल होने वाले हरेक व्यक्ति की फुलप्रूफ चेकिंग सुनिश्चित करनी होती है। अगर किसी भी व्यक्ति ने पास का दुरुपयोग किया, तो उन्हें इसे रोकना होता है। ऐसी स्थिति में उन्हें डिप्टी डायरेक्टर (सुरक्षा) को उन्हें इसकी जानकारी देनी होती है.एरिया इन चार्ज का काम होता है कि वे अपने दायरे में सभी नॉर्म्स का पूरी तरह से पालन करवाएं। हरेक एरिया का एक सुपरवाइजर होता है। गैलरी यानी दर्शक दीर्घा में दाखिल होकर संसद की कार्यवाही देखने के लिए सांसदों द्वारा पास जारी किया जाता है। हालांकि, आज की घटना के बाद इस पास के जारी होने पर रोक लगा दी गई है। हरेक पास का एक आईडी नंबर होता है। जब आप संसद परिसर में दाखिल होते हैं, तो जगह-जगह पर मेटल डिटेक्टर, रेडियो फ्रीक्वेंसी टैग्स लगे होते हैं। अगर आपके पास कुछ भी ऐसा सामान है, तो ये उसे डिटेक्ट कर लेता है। आपके पास बैग है, तो इसकी प्रॉपर चेकिंग होती है और उसके बाद उस पर स्टिकर चिपकाया जाता है, जो यह प्रूफ करता है कि इसमें कोई भी घातक सामान नहीं है। उस बैग की तीन बार चेकिंग की जाती है।

संसद के भीतर किसी भी व्यक्ति को हथियार ले जाने की अनुमति नहीं होती है. सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों को ही हथियार लेकर अंदर जाने की अनुमति होती है. पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस, दिल्ली पुलिस, आईबी, एसपीजी और एनएसजी के साथ समन्वय बनाता है। हालांकि, बुधवार को जो घटना घटी है, इसने पूरी व्यवस्था को झकझोर दिया है। सवाल ये पूछा जा रहा है कि आखिर इतनी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद किस तरह से दो युवक जूते में गैस कनस्तर को छिपाकर अंदर दाखिल हो गया। निश्चित तौर पर उसने सुरक्षा के कई लेयर को धोखा दिया होगा. ऐसा माना जाता है कि कहीं न कहीं पर जिस व्यक्ति ने उसकी फ्रिस्किंग की होगी, उसने जरूर लापरवाही बरती है।

# 76 पुराने कानून रद्द करने को राज्यसभा की मंजूरी

एजेंसी

**लोकसभा इस विधेयक को 27 जुलाई को पारित कर चुकी है**



**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार के अनुपयोगी पुराने कानूनों को समाप्त करने की नीति के तहत बुधवार को राज्यसभा ने 76 ऐसे कानूनों को रद्द करने वाले निरसन एवं संशोधन विधेयक 2023 को राज्यसभा ने विपक्ष की गैरमौजूदगी में ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को 27 जुलाई 2023 को पारित कर चुकी है लेकिन उसमें 65 पुराने अनुपयोगी कानून थे। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस विधेयक को पेश किया। विपक्ष की अनुपस्थिति में इस विधेयक पर हुयी चर्चा में आठ सदस्यों ने भाग लिया। इस पर चर्चा का जबाव देते हुये श्री मेघवाल ने कहा कि कानून की प्राकृतिक मौत नहीं हो सकती है। इस लिए मोदी सरकार ने पुराने अनुपयोगी कानूनों को रद्द करने की नीति अपनायी है और इसी के तहत अब तक 1486 कानून समाप्त किये जा चुके हैं। अब 76 और पुराने कानूनों को समाप्त किया जा रहा है। इस विधेयक के पारित होने पर कुल 1562 कानून समाप्त हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का कोई उपयोग नहीं है। श्री मेघवाल ने कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने इस तरह के एक भी कानून को समाप्त नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सनसेट उपबंध किये जाने पर विचार कर रही है। इससे पहले विधेयक की चर्चा में हिस्सा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के जीवीएल नरसिम्हा राव ने कहा कि सरकार पुरानी और बेकार कानूनों का हटा रही है। ये कानून अप्रासंगिक हो गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता का विश्वास प्राप्त है और हाल के विधानसभा चुनावों के परिणामों से यह परिलक्षित रहा है।



संसद पर हमले में शहीद सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि देते प्रधानमंत्री मोदी, स्पीकर ओम बिरला व गृह मत्री।

# आइआइटी में खेल कोटा देने पर विचार कर रही सरकार : प्रधान



**नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे संस्थानों में खेल कोटा देने पर विचार कर रही है। प्रधान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य छात्रों पर प्रवेश परीक्षाओं का दबाव करना है। इसके लिए विभिन्न उपाय किये जा रहे थे। फिट इंडिया और खेलों इंडिया जैसे अभियान भी इसी दिशा में एक कदम है। वह कोचिंग संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या से संबंधित प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए कई प्रवेश परीक्षा होती हैं। इनमें प्रतिवर्ष लगभग 70 लाख स्कूली बच्चे बैठते हैं। उन्होंने सदस्यों की चिंताओं से सहमति जताते हुए कहा कि राजस्थान के कोटा में कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए कड़े दिशानिर्देश जारी किये गये हैं। प्रधान ने कहा कि परीक्षाओं का दबाव घटाने लिए सरकार इंजीनियरिंग और मेडिकल तथा अन्य संस्थानों में खेल कोटा निर्धारित करने का विचार कर रही है।

# संसद की सुरक्षा में चूक पर जवाब दें गृह मंत्री : खड़गे

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में बुधवार को एक बड़ी चूक हुई है। यह एक गंभीर मामला है। केन्द्रीय गृह मंत्री को दोनों सदनों में इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। खड़गे ने राज्यसभा में आसन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि हम चाहते हैं गृह मंत्री अमित शाह संसद के दोनों सदन में मुद्दे पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि यह प्रश्न है कि सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच कैसे दो लोग अंदर आए और लोक सभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद कर गैस स्प्रे तथा नारेबाजी करने लगे। इस मुद्दे पर सभापति ने कहा कि लोकसभा दर्शक दीर्घा में घुसपैठ करने वालों को तुरंत पकड़ लिया गया था। मामले की जांच की जा रही है।

# संसद पर हमले में शहीद सुरक्षाकर्मियों को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**बहादुर सुरक्षा कर्मियों का ऋणी रहेगा देश : मुर्मू**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद पर आतंकवादी हमले की 22वीं बरसी के मौके पर बुधवार को हमले में शहीद हुए नौ सुरक्षाकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्र हमेशा बहादुर सुरक्षा कर्मियों का ऋणी रहेगा और सभी से आतंकवाद को खत्म करने की प्रतिज्ञा दोहराने को कहा। राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'इसी दिन, 22 साल पहले, देश में राजनीतिक नेतृत्व की शीर्ष पंक्ति को खत्म करने और हमारे लोकतंत्र के मंदिर को नुकसान पहुंचाने की आतंकवादियों की नापाक योजना को बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने नाकाम कर दिया था, जिसमें नौ लोग भी शामिल थे, जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपनी जान दे दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा, क्योंकि हम आज आतंकवाद, जो हर जगह मानव जाति के लिए खतरा है, को उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में खत्म करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराते हैं।' उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, प्रल्हाद जोशी, वी. मुरलीधरन आदि ने पुराने संसद भवन या संविधान सदन के बाहर शहीद सुरक्षाकर्मियों की तस्वीरों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एक टुकड़ी ने शहीदों को सलामी दी। इस अवसर पर शहीदों के परिजन भी संसद भवन परिसर में आमंत्रित किए गए थे। धनखड़ और मोदी ने शहीदों के परिजनों से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। वर्ष 2001 में 13 दिसम्बर को आतंकवादी संगठन लश्कर के आतंकवादियों ने संसद में घुस कर हमला किया था जिसका मुकाबला करते हुए नौ सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। सुरक्षा बलों ने पांचों आतंकियों को मार गिराया था।

# आकाश में आज रात खगोलीय आतिशबाजी

## वर्ष की सबसे शानदार उल्का वर्षा होगी

एजेंसी



**प्रति घंटे लगभग 120 से 150 तक टूटते तारों को दिखने की संभावना : सारिका घारू**

भोपाल। खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए गुरुवार रात बेहद खास होने वाली है। इस दौरान साल 2023 की सबसे बड़ी खगोलीय आतिशबाजी देखने को मिलेगी। इस दिन शाम 7 बजे के पहले ही दूज के पतले हंसियाकार चंद्रमा के अस्त होने के बाद अंधेरे पूर्वी आकाश में जेमिनीड उल्का बौछार के दिखने की शुरूआत होगी। भोपाल की राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बुधवार को आकाश की इस प्राकृतिक आतिशबाजी के बारे में बताया कि यह वर्ष की सबसे शानदार उल्का वर्षा होगी। इसमें प्रति घंटे लगभग 120 से 150 तक उल्काओं (टूटते तारों) को देखने की संभावना। यह उल्काएं 35 किलोमीटर प्रति सेकंड के वेग से नीचे आते दिखेंगी। इसे देखने के लिए शहर की रोशनी या स्ट्रीट लाइट से काफी दूर के क्षेत्र में जाकर किसी छत या साफ मैदान पर लॉन कुर्सी या दरी पर लेट कर अथवा बैठकर पूर्वी आसमान से देखने की शुरूआत करें। अंधेरे मे लगभग 30 मिनट के बाद आपकी आंखें अनुकूल हो जाएंगी और आपको कुछ अंतराल पर उल्काएं दिखाई देने लगेंगी। यह बौछार रातभर चलेगी, इसलिए धैर्य रखें। इसे देखने के लिए अलग से कोई यंत्र की आवश्यक नहीं होती है। उन्होंने बताया कि जेमिनीड उल्का बौछार का नाम जेमिनी तारामंडल से लिया गया है, क्योंकि उल्का बौछार की मिथुन तारामंडल के सामने से ही होती दिखती है। जेमिनीड उल्कापात उल्कापिंड 3200 फैथान के कारण होता है। जब पृथ्वी इसके द्वारा छोड़े गए धूल से होकर गुजरती है तो धूल एवं चट्टान हमारे वायुमंडल के ऊपरी भाग के सम्पर्क में आकर जल जाती है जो हमें उल्का बौछार के रूप में दिखाई देती है। तो हो जाइए आकाशीय आतिशबाजी को देर रात तक देखने के लिए तैयार, गर्म कपड़े और कम्बल को साथ रखना न भूलें, क्योंकि इस समय रात में कड़ाके की ठंड भी रहेगी।

# मानहानि में गहलोत की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दायर आपराधिक मानहानि मामले में एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट की ओर से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 6 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान अशोक गहलोत की ओर से कहा गया था कि गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि मानहानि का मामला इसलिए बनता है। क्योंकि शेखावत का नाम एफआईआर में नहीं है। शेखावत का नाम चार्जशीट में भी नहीं था। उन्होंने कहा था कि गहलोत का बयान राज्य के गृह मंत्री के रूप में दिया गया था। वह स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक था।

# 'फाइटर' से अक्षय ओबेरॉय का लुक आउट



मुंबई। फिल्म फाइटर के धमाकेदार टीजर के बाद सोशल मीडिया पर तूफान सा आ गया, जिससे देशभर के युवाओं में जोश भर गया है। दर्शकों को फाइटर की आकर्षक दुनिया में ले जाते हुए मेकर्स ने अब फिल्म से अक्षय ओबेरॉय को वेपन सिस्टम ऑपरेटर बशीर खान के रूप में पहले कभी न देखे गए अवतार में पेश किया है। इस फिल्म में अक्षय ओबेरॉय पूरी तरह से वेपन सिस्टम ऑपरेटर बशीर खान के किरदार में हैं, जिन्हें बैश के नाम से जाना जाता है, जो प्रतिष्ठित एयर ड्रैगन्स यूनिट के भीतर कुशल हथियार सिस्टम ऑपरेटर हैं। अक्षय की अदाकारी ने कहानी को फ्रेश एनर्जी से भर दिया है, जिससे और भी गहराइया मिलती है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में और वायाकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के सहयोग से प्रस्तुत फाइटर एक सिनेमाई अनुभव है, जो एक्शन स्टोरीटेलिंग में क्रांति लाने के लिए तैयार है। यह फिल्म दिल दहला देने वाले एक्शन सीन्स को देशभक्ति के उत्साह के साथ सहजता से पेश करती है, जो एक ऐसे गहन अनुभव का वादा करती है, जो दुनियाभर के दर्शकों को पसंद आएगा। फिल्म 'फाइटर' 25 जनवरी को रिलीज होगी।

## एक नजर में

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित, भारत ने पक्ष में किया मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की आपात बैठक में गाजा में तत्काल युद्ध विराम प्रस्ताव पारित हो गया। भारत समेत 153 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। 10 सदस्यों ने इसका विरोध किया। 23 सदस्य इस प्रक्रिया से अनुपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा ने अपने एक्स हैंडल और वेबसाइट पर साझा की है। संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा के अनुसार, इसमें तत्काल मानवीय युद्ध विराम, सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। प्रस्ताव में महासभा की मांग को भी दोहराया गया कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है। यह कानून विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में है। प्रस्ताव से पहले फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास का विशिष्ट संदर्भ देने वाले दो संशोधनों के पक्ष में सदस्य देशों ने मतदान किया।

### महादेव एप का मालिक उप्पल दुबई में धराया



दुबई। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के दो मुख्य मालिकों में से एक रवि उप्पल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर दुबई में स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, उप्पल (43) को पिछले हफ्ते हिरासत में लिया गया था और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी उसे भारत लाने के लिए दुबई के अधिकारियों के संपर्क में हैं। प्रवर्तन निदेशालय कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में उप्पल के खिलाफ जांच कर रहा है। उप्पल एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक चंद्रभूषण वर्मा और कुछ अन्य लोगों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के नौकरशाहों और नेताओं को रिश्वत के पैसे पहुंचाने की देखरेख कर रहा था। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, इस मामले में अपराध से हुई अनुमानित आय लगभग 6,000 करोड़ रुपये है।

### कीव पर रूसी मिसाइल हमले में 53 घायल

कीव। रूस की ओर से यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार को मिसाइल दागे जाने से करीब 53 लोग घायल हो गये। मेयर वी कलिस्तको ने आज यहां यह जानकारी दी। श्री कलिस्तको ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यटेलीग्रामह्न पर कहा,ह्लइस हमले में घायल दो बच्चों समेत 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शेष घायलों को आवश्यक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गयी।

### चीन में विस्फोट, दो की मौत और छह घायल

**शेनयांग।** पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग प्रांत के शेनयांग शहर के लियाओझोंग जिले में एक गैस स्टेशन पर बुधवार को शाम पांच बजे ईंधन भरने की प्रक्रिया के दौरान सात सीटों वाली मिनी बस में विस्फोट हो गया जिससे दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने यह जानकारी दी।ब्यूरो के अनुसार घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सेंसेक्स में 34 अंक की मामूली बढ़त

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में एक दिन की गिरावट के बाद बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 34 अंक के मामूली लाभ में रहा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन और ऊर्जा शेयरों में अंतिम घंटे की लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 33 .57 अंक यानी 0 .05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69,584 .60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 450 .47 अंक तक लुढ़क गया था।

### बंगाल में बर्धमान रेलवे स्टेशन पर वॉटर टैंक ढहने से तीन की मौत, कई दबे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बर्धमान रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ब्अचानक पानी टैंक ढह गया जिसमें कई लोग दब गए। तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई अन्य के गंभीर रूप से घायल होने के दावे किए जा रहे हैं। दुर्घटना की वजह से ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी है। रेलवे अधिकारियों ने बताया है कि प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के बीच में पानी का टैंक ढह कर गिर गया। सूचना मिलने के तुरंत बाद अग्निशमन विभाग, रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे की टीम मौके पर पहुंची है। राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) के जवानों ने मलबे के अंदर दबे लोगों को निकालने की कोशिशें तेज कर दी हैं। तीन लोगों के शव बरामद किए गए हैं। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि दोपहर करीब 12 :30 के करीब यह दुर्घटना घटी। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं। घायलों को बर्धमान मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। दुर्घटना की वजह से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। सबसे अधिक नुकसान तीन नंबर प्लेटफार्म पर हुआ है और यहीं खड़े लोग मलबे की चपेट में आए। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बड़ी संख्या में यात्री नीचे बैठ कर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, उसी समय तेज आवाज के साथ पानी का टैंक ढह कर गिर पड़ा। इसमें कई यात्री दब गए।

**तीन अधिकारी सस्पेंड :** पूर्व रेलवे जोन के अधिकारी ने बताया कि घायलों को बर्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के संयुक्त प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों पर धातु निर्मित पानी की बड़ी टंकी ढह कर गिर गई। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद रेलवे के तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या एक, दो और तीन से ट्रेनों की आवाजाही निलंबित कर दी गई है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# हंगर इंडेक्स 2023 की रिपोर्ट में देश की स्थिति और संभावना



प्रो अनल कुमार
सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज रांची



**हंगर** इंडेक्स 2023 की रिपोर्ट वर्ष 2023 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स की लिस्ट जारी हुई है.। इस लिस्ट में भारत को न सिर्फ 125 देशों में से 111वां स्थान मिला है.। बल्कि 287 स्कोर के साथ भारत में भुखमरी की स्थिति को गंभीर भी बताया गया है.। लिस्ट केअनुसार भारत की हालत अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश से भी बदतर है.। दरअसल हंगर इंडेक्स की लिस्ट में पाकिस्तान को 102, बांग्लादेश की 81, नेपाल की 69 और श्रीलंका की 60 रैंकिंग मिली है. इसी के साथ ही यह लगातार तीसरा वर्ष है जब भारत की रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है.इससे पहले साल 2022 भारत को 107वां स्थान दिया गया था. इस साल भी भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान 99वें पायदान पर था और साल 2021 में भारत को 101वीं रैंक मिली थी.।

ऐसे में इस रिपोर्ट में जानेंगे कि आखिर ये हंगर इंडेक्स है क्या, भारत की रैंकिंग में गिरावट क्यों हो रही है? साथ ही भारत ने इस लिस्ट पर क्या कहा है? भारत ने इस लिस्ट पर क्या दी प्रतिक्रिया भारत सरकार की तरफ हंगर इंडेक्स की इस रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया गया है. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि ये रिपोर्ट भारत की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है. भारत का आरोप है कि इस इंडेक्स के जरिए भारत की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है.

केंद्र के अनुसार हंडर इंडेक्स के चार में से तीन इंडिकेटर केवल बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े हुए हैं. यह देश की पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही हैं. जबकि चौथा इंडिकेटर ओपिनियन पोल पर आधारित है. सरकार ने अपने बयान ये भी कहा कि उनके कार्यकाल में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 20 (मिशन पोषण 20) के तहत देश में कुपोषण की समस्या निपटने के लिए कई प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता दी है.। इसके अलावा सरकार का कहना है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों के लिए 28 महीनों में योजना के तहत लगभग 1118 लाख टन खाद्यान्न की कुल मात्रा आवंटित की गई थी. पिछले साल भी केंद्र सरकार ने रिपोर्ट पर उठाए थे सवाल बता दें कि ये पहली बार नहीं जब भारत सरकार ने हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है. साल 2023 की रिपोर्ट के एक साल पहले यानी 2022 की रिपोर्ट को लेकर भी केंद्र सरकार की तरफ सवाल उठाए गए थे और इसे गलत रिपोर्ट कहा गया था। केंद्र सरकार ने कहा था, 'गलत जानकारी देना ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हलमार्क लगता है.इस रिपोर्ट में भारत को ऐसा देश दिखाया जाता है जो अपनी आबादी के लिए फूड सिक्योरिटी और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है.इसमें जो तरीका इस्तेमाल किया जाता है वह भी गंभीर रूप से गलत है.

राजेश शर्मा के मुताबिक, ''देखा जाए तो केंद्र में जो सरकार है वह सिर्फ आर्थिक वृद्धि को ही विकास मानती है, लेकिन ऐसा नहीं है. किसी भी देश में विकास की परिभाषा सिर्फ आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं होनी चाहिए. विकास का मतलब न सिर्फ किसी देश में प्रति व्यक्ति आय या उसकी जीडीपी बढ़े, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, डेमोक्रसी, सामाजिक सुरक्षा की हालत में भी सुधार हो.'' पड़ोसी मुल्कों की स्थिति भी दान लेते हैं

पाकिस्तानः भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की 376 प्रतिशत आबादी कुपोषित है. जबकि 185 फीसदी बच्चों का वजह उनकी हाइट के हिसाब से कम है और 71ः बच्चे ऐसे हैं जिनका कद उनके उम्र के हिसाब से कम है.। वहीं इस देश का बाल मृत्यु दर 63ः है।

बांग्लादेशः बांग्लादेश की कुपोषित आबादी 236 फीसदी है और यहां 11ः बच्चे ऐसे हैं जिनका वजह उनके कद के हिसाब से कम है, जबकि 112ः बच्चों की उम्र के हिसाब से कद कम है.इस देश में बाल मृत्यु दर 27 फीसदी है.

श्रीलंकाः वहीं श्रीलंका में कुल आबादी का 13.1ः आबादी कुपोषित है.13.1ः बच्चे ऐसे हैं जिनका वजन उसकी हाइट के हिसाब से कम है, और 53 फीसदी बच्चों की उम्र के हिसाब से हाइट कम है। और इस देश का बाल मृत्यु दर 07ः है. नेपालः इस देश में 248ः आबादी कुपोषित है. 77 फीसदी बच्चों का वजह उनकी कद की तुलना में कम है, और 54ः बच्चों की उम्र के हिसाब से कद कम है और इस देश में होने वाले बच्चों की मृत्यु का दर 27ः है. अफगानिस्तानः इस देश की 447ः आबादी कुपोषित है.। 30.1ः बच्चों का वजह कद के हिसाब से कम है और 37ः बच्चों की उम्र के हिसाब से हाइट कम है. और मरने वाले बच्चों का दर यानी बाल मृत्यु दर 56ः है.।

> ऐसे में इस रिपोर्ट में जानेंगे कि आखिर ये हंगर इंडेक्स है क्या, भारत की रैंकिंग में गिरावट क्यों हो रही है? साथ ही भारत ने इस लिस्ट पर क्या कहा है?
> भारत ने इस लिस्ट पर क्या दी प्रतिक्रिया भारत सरकार की तरफ हंगर इंडेक्स की इस रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया गया है.महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि ये रिपोर्ट भारत की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है.



# वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में देश की स्थिति

## हंगर इंडेक्स 2023

टैगःजीएस पेपर - 2गरीबी और भूख से संबंधित मुद्दे

प्रीलिम्स के लिएः ग्लोबल हंगर इंडेक्स , ईट राइट इंडिया मूवमेंट , पोषण अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन) , प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना , राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 , मिशन इंद्रधनुष , एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना

मुख्य परीक्षा के लिएः भारत में गरीबी और भूख से संबंधित मुद्दे।

## खबरों में क्यों?

ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है, जो भुखमरी के गंभीर स्तर को दशार्ता है।

पड़ोसी देशों, जैसे पाकिस्तान (102 वां ), बांग्लादेश (81 वां ), नेपाल (69 वां ), और श्रीलंका (60 वां ) ने भारत से बेहतर स्कोर किया।

वैश्विक भूख सूचकांक क्या है?

ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) एक सहकर्मी-समीक्षा रिपोर्ट है, जिसे कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्थुंगरहिल्फे द्वारा वार्षिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है ।

जीएचआई एक उपकरण है जिसे वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भूख को व्यापक रूप से मापने और ट्रैक करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो समय के साथ भूख के कई आयामों को दशार्ता है।

जीएचआई स्कोर की गणना भूख की गंभीरता को दशार्ते हुए 100-बिंदु पैमाने पर की जाती है - 0 सबसे अच्छा स्कोर है (भूख न लगने का मतलब है) और 100 सबसे खराब है।

नोटः कंसर्न वर्ल्डवाइड एक अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी संगठन है जो दुनिया के सबसे गरीब देशों में गरीबी और पीड़ा से निपटने के लिए समर्पित है।

वेल्थुंगरहिल्फे जर्मनी में एक निजी सहायता संगठन है। इसकी स्थापना 1962 में ₹भूख से मुक्ति अभियान₹ के जर्मन खंड के रूप में की गई थी।

गणनाः प्रत्येक देश के जीएचआई स्कोर की गणना एक सूत्र के आधार पर की जाती है जो चार संकेतकों को जोड़ता है जो एक साथ भूख की बहुआयामी प्रकृति को पकड़ते हैंः

अल्पपोषणः जनसंख्या का वह हिस्सा जिसका कैलोरी सेवन अपर्याप्त है;

बाल स्टंटिंगः पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की हिस्सेदारी उनकी उम्र के अनुसार कम है, जो दीर्घकालिक कुपोषण को दशार्ता है;

चाइल्ड वेस्टिंगः पांच वर्ष से कम उम्र के ऐसे बच्चों की हिस्सेदारी, जिनका वजन उनकी ऊंचाई के अनुसार कम है, जो गंभीर कुपोषण को दशार्ता है; और

बाल मृत्यु दरः अपने पांचवें जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की हिस्सेदारी, अपर्याप्त पोषण और अस्वास्थ्यकर वातावरण के घातक मिश्रण को दशार्ती है।

## सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ संरेखण :

अल्पपोषण की व्यापकता एसडीजी 2.1 का एक संकेतक है , जो सभी के लिए सुरक्षित, पौष्टिक और पर्याप्त भोजन तक पहुंच सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

बच्चों का बौनापन और दुबलापन दर एसडीजी 2.2 के संकेतक हैं, जिसका लक्ष्य सभी प्रकार के कुपोषण को समाप्त करना है।

रोकी जा सकने वाली बाल मृत्यु को कम करना जीएचआई 3.2 का लक्ष्य है।

जीएचआई 2023 से मुख्य निष्कर्ष क्या हैं?

## भारत का जीएचआई स्कोरः स्कोर विश्लेषणः

भारत का ॠलक स्कोर 2023 28.7 है , जिसे जीएचआई गंभीरता की भूख पैमाने पर ₹गंभीर₹ के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

यह इसके ॠलक 2015 स्कोर 29.2 से थोड़ा सुधार दशार्ता है , जिसे गंभीर भी माना गया था।

इसके अलावा, 2000 में 38.4 और 2008 में 35.5 के चिंताजनक जीएचआई स्कोर की तुलना में, भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

संबंधित डेटा और संदर्भः

बच्चों में बौनापन 35.5% प्रचलित है (भारत का राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) 2019-2021 )

भारत में अल्पपोषण की व्यापकता 16.6% है (विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति रिपोर्ट 2023)

भारत में बच्चों में वेस्टिंग दर लगभग 18.7% (भारत का एनएफएचएस 2019-21) है, जो रिपोर्ट में सभी देशों में सबसे अधिक है।

पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1% है (बाल मृत्यु अनुमान के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह जनवरी 2023)

वैश्विक भूख रुझानः

जीएचआई 2023 रिपोर्ट के अनुसार, बेलारूस, बोस्निया और हजेगोविना, चिली, चीन शीर्ष रैंक वाले देशों में हैं (यानी, भूख का निम्न स्तर) और यमन, मेडागास्कर, मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे निचले स्थान पर हैं।

दुनिया के लिए ॠलक 2023 स्कोर 18.3 है , जिसे मध्यम माना जाता है , 2015 के बाद से न्यूनतम सुधार दिख रहा है।

2017 के बाद से अल्पपोषण की व्यापकता 572 मिलियन से बढ़कर लगभग 735 मिलियन हो गई है।

जीएचआई ने स्थिरता के लिए जलवायु परिवर्तन , संघर्ष, आर्थिक झटके, कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध सहित विभिन्न संकटों को जिम्मेदार ठहराया।

इन संकटों ने सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ा दिया है और दुनिया भर में भूख कम करने की प्रगति में बाधा उत्पन्न की है।

# जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ का मंच बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**26,000 से अधिक ग्राम पंचायतों ने आयुष्मान कार्डों की 100% संतृप्ति हासिल की**

**मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब हर गरीब के पास मुफ्त राशन के लिए राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, घरों में बिजली की आपूर्ति, पानी के लिए नल कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड और पक्का घर होगा।**

**--प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

15 नवंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा, जमीनी स्तर पर लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों (पहलों) को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत मंच बन गई है।

यात्रा से जुडी आईईसी वैन अपने साथ विकास का संदेश लेकर चलती हैं, तो वहीं दूसरी और इन वैनों के माध्यम से तपेदिक, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि के परीक्षण के लिए ग्राम पंचायतों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाते हैं।

अब तक 63 लाख से अधिक लोग स्वास्थ्य शिविरों में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठा चुके है। यात्रा के दौरान, 26,752 ग्राम पंचायतों ने आयुष्मान कार्डों की 100% संतृप्ति हासिल कर ली है (12 दिसंबर, 2023 तक)।




वीबीएसवाई स्वस्थ भारत पहल के तहत निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं -आयुष्मान भारत (पीएमजेएवाई) कार्ड के लिए पंजीकरणः केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत, आयुष्मान ऐप का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और लाभार्थियों को भौतिक कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। 12 दिसंबर, 2023 तक वीबीएसवाई शिविरों में 9.69 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। आयुष्मान कार्ड शिविरों में 1.53 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं।

टी बी की जाँच :

वीबीएसवाई के तहत आयोजित स्वास्थ शिविरों में लोगों की तपेदिक (टी बी) की जांच भी की जा रही है। जिन लोगों को टीबी होने का संदेह होता है उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधाओं के लिए रेफर किया जाता है।

वीबीएसवाई शिविरों में 26.41 लाख लोगों की टी.बी के लिए जांच की गई है।

प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमए) के तहत टी.बी रोगियों को अन्य सहायता भी प्रदान की जा रही है। उपचार में निक्षय मित्रों की मदद प्रदान करने के लिए टीबी रोगियों से सहमति ली जा रही है। यहां टी.बी रोगियों की मदद के लिए ह्यनिक्षय मित्रह्न के रूप में स्वेच्छा से काम करने के लिए उत्साहित लोगों को देखकर एक सुखद अनुभूति का अहसास होता है । उनका ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण किया जा रहा है ।

टीबी रोगियों की सहायता करने वाली एक अन्य सरकारी पहल निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से लोगों को वित्तीय सहायता दी जाती है ।

सिकल सेल रोग (एससीडी) के लिए स्क्रीनिंगः

वीबीएसवाई स्वास्थ्य शिविरों में उपस्थित लोग सिकल सेल रोग की जांच भी करा सकते हैं। यह बीमारी मुख्य रूप से आदिवासी आबादी को प्रभावित करती है, इसलिए उल्लेखनीय आदिवासी आबादी वाले क्षेत्रों में स्क्रीनिंग की जा रही है। पात्र लोगों (यानी, 40 वर्ष तक की आयु के लोग ) का एससीडी के लिए प्वाइंट ऑफ केयर (पीओसी) परीक्षण या घुलनशीलता परीक्षण के माध्यम से परीक्षण किया जा रहा है। अब तक वीबीएसवाई के अंतर्गत 6.12 लाख उपस्थित लोगों की एससीडी के लिए जांच की जा चुकी है है।

गैर-संचारी रोगों की जांच : 30 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोग उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच करवा सकते हैं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्रों में भेजा जा सकता है।

# पाकिस्तान, बांग्ला देश से पीछे है भारत?

**विपक्ष** ने साधा केंद्र पर निशाना एक तरफ जहां केंद्र ने इस रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बता दिया है. वहीं दूसरी तरफ विपक्षी नेता इस रिपोर्ट को साझा करते हुए केंद्र को नाकाम बता रहे हैं. इस तरह 100 अंक के स्केल पर अलग अलग देशों का स्कोर तय किया जाता है और फिर जो भी स्कोर प्राप्त होता है उसके हिसाब से देशों की रैंकिंग तय की जाती है.

भारत को इस रिपोर्ट में कितने प्वाइंट मिले है इस साल हंगर इंडेक्स के रिपोर्ट में भारत को 287 प्वाइंट मिला है.इस स्कोर के देश को 'गंभीर' की स्थिति में रखा जाता है.वहीं भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान का स्कोर 266 है.वहीं बांग्लादेश का 190, नेपाल का 150 और श्रीलंका का 133 है. ये तीनों ही देश भारत के बेहतर स्थिति में बताए गए हैं. भारत में कमजोरी की दर सबसे ज्यादा हंगर इंडेक्स की इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा दर बच्चों की कमजोरी का है. रिपोर्ट के अनुसार भारत के लगभग 187 प्रतिशत बच्चे कमजोर हैं जो कि दुनिया में सबसे ज्यादा है.यह इस देश की अति कुपोषण को दर्शाती है. इसके अलावा इस देश में अल्पपोषण की दर 166 प्रतिशत और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है.इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की 58.1 प्रतिशत महिलाएं जिनकी उम्र 15 से 24 साल की है, एनीमिया की शिकार हैं. आखिर क्यों पिछड़ रहा भारत दरअसल इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में बच्चों में वेस्टिंग रेट दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सबसे ज्यादा है.आसान भाषा में समझे तो यहां के बच्चों का वजन उनकी हाइट के हिसाब से कम है.रिपोर्ट के अनुसार यहां के बच्चों में वेस्टिंग रेट 187 फीसदी है. जबकि,



355ः बच्चे ऐसे हैं ज उम्र के हिसाब से कम हाइट के हैं. वहीं अर्थशास्त्री और सामाजिक कार्यकर्ता राजेश शर्मा मानते हैं कि भारत के ऐसी स्थिति के जिम्मेदार केंद्र सरकार की नीतियां हैं. उन्होंने एबीपी से बात करते हुए कहा कि हंगर इंडेक्स और नेशनल हेल्थ सर्वे की पिछले कुछ सालों की रिपोर्ट उठाकर देखें तो पता चलेगा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में बच्चों के पोषण के मामले में कुछ खास प्रगति नहीं हुई है.साल 2020 में जब कोरोना के कारण लकडाउन हुआ था उस वक्त हालत बहुत ज्यादा खराब हुई. साल 2020 की हंगर-वच के सर्वे के अनुसार देश के 66 फीसदी लोग उस वक्त कम खा रहे हैं.लेकिन बावजूद इसके भारत सरकार की योजनाओं में शामिल मिड-डे मील और आईसीडीएस जैसी योजनाओं का बजट लगातार कम होता गया. जबकि इन योजनाएं को देश में बढ़ रहे कुपोषण और भूख को देखते हुए और मजबूती से जनता के सामने लाना चाहिए था.''

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों

1. वैश्विक भूख सूचकांक क्या है?
2. जीएचआई की गणना कैसे की जाती है?
3. 2023 जीएचआई हमें भारत में भूख की स्थिति के बारे में क्या बताता है?
4. क्या 2023 के डेटा और रैंकिंग की तुलना पिछली रिपोर्ट के डेटा और रैंकिंग से की जा सकती है?
5. भारत के लिए 2023 जीएचआई स्कोर की गणना के लिए किस डेटा का उपयोग किया गया था?
6. भारत की रैंकिंग सुधारने के लिए किन बदलावों की जरूरत होगी?
7. भारत की तुलना अपने पड़ोसी देशों से कैसे की जाती है?
8. रिपोर्ट को ₹भूख सूचकांक₹ क्यों कहा जाता है न कि ₹पोषण सूचकांक₹?
9. अकाल और भुखमरी में क्या अंतर है?
10. जीएचआई संकेतकों को चुनने का कारण क्या है, और यदि चार में से तीन संकेतक बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित हैं तो यह पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व कैसे कर सकता है?
11. ₹अल्पपोषण की व्यापकता₹ सूचक कितना प्रतिनिधिक है?
12. यदि खाद्य और कृषि संगठन के अनुमान के अनुसार, देश में प्रमुख कृषि वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि के कारण प्रति व्यक्ति आहार ऊर्जा आपूर्ति में साल-दर-साल वृद्धि हुई है, तो भारत में अल्पपोषण की व्यापकता क्यों बदतर हो गई है?
13. क्या आनुवंशिक अंतर वाले देशों के बीच बच्चों की ऊंचाई और वजन की तुलना भी की जा सकती है?
14. जीएचआई स्कोर की गणना में बाल मृत्यु दर को क्यों शामिल किया जाता है? क्या इस बात का कोई प्रमाण है कि बाल मृत्यु दर भूख का परिणाम है?
15. जीएचआई पोषण ट्रैकर से डेटा का उपयोग क्यों नहीं करता है?